

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 4 अंक: 222 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 22 मई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## न पावर कट, न भारी बिजली बिल: बिहार का सोलर गांव बना राष्ट्रीय मॉडल

### सीतामढ़ी का लछुआ गांव पूरी तरह सौर ऊर्जा से रोशन, हरित क्रांति की मिसाल

सीतामढ़ी, समाज जागरण ब्यूरो। बिहार के सीतामढ़ी जिले का लछुआ गांव आज स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया है। इस छोटे से गांव की लगभग 75 प्रतिशत आबादी ने पारंपरिक बिजली व्यवस्था को छोड़कर सौर ऊर्जा को अपनाकर एक नई मिसाल कायम की है।

गांव में सौर ऊर्जा प्रणाली के व्यापक उपयोग के कारण अधिकांश घरों का मासिक बिजली बिल अब शून्य हो गया है। ग्रामीणों को अब न तो लंबे-लंबे बिजली कट का सामना करना पड़ता है और न ही बढ़ते बिजली बिलों की चिंता रहती है।

# यूएन में भारत का पाकिस्तान पर करारा हमला

## अफगान नागरिकों पर हमलों को बताया अमानवीय, रमजान में मस्जिद से निकल रहे लोगों पर बमबारी का आरोप

नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र, समाज जागरण। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने पाकिस्तान को कड़े शब्दों में घेरते हुए उस पर अफगानिस्तान में आम नागरिकों पर अमानवीय हमले करने का आरोप लगाया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान एक ओर अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकारों की बातें करता है, जबकि दूसरी ओर अफगान नागरिकों पर सीमा पार सैन्य कार्रवाई कर रहा है।




संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने “सशस्त्र संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा” विषय पर आयोजित खुली बहस के दौरान पाकिस्तान को जवाब देते हुए कहा कि दुनिया अब पाकिस्तान के प्रचार और दोहरे चरित्र को अच्छी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में न तो अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान है और न ही नैतिकता।

### यूएन रिपोर्ट का हवाला

हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2026 के पहले तीन महीनों में पाकिस्तान की सीमा पार सैन्य कार्रवाई में करीब 750 आम नागरिक मारे गए या घायल हुए। इनमें अधिकांश घटनाएं हवाई हमलों के कारण हुईं।

उन्होंने विशेष रूप से काबुल स्थित ओमिद एडिक्शन ट्रीटमेंट अस्पताल पर हुए हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महीने में तरावीह की नमाज के बाद मस्जिद से बाहर निकल रहे लोगों को निशाना बनाया गया। यूएनएएमए की रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में 269 नागरिकों की मौत हुई जबकि 122 लोग घायल हुए।

### 1971 का भी किया जिक्र

भारत ने 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तान द्वारा चलाए गए Operation Searchlight का उल्लेख करते हुए कहा कि पाकिस्तान का इतिहास अपने ही नागरिकों के खिलाफ हिंसा और अत्याचारों से भरा पड़ा है। भारत ने आरोप लगाया कि उस दौरान बड़े पैमाने पर नरसंहार और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार किए गए थे।

### “पाखंड की पराकाष्ठा”

भारत ने कहा कि यह विडंबना है कि पाकिस्तान, जिसका इतिहास नरसंहार और मानवाधिकार उल्लंघनों से भरा रहा है, वह भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी कर रहा है। हरीश ने कहा कि अस्पताल जैसे नागरिक संस्थानों पर हमला किसी भी स्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

### अफगानिस्तान में बढ़ा विस्थापन

भारत ने कहा कि पाकिस्तान की सीमा पार हिंसा के कारण 94 हजार से अधिक लोग अफगानिस्तान में विस्थापित होने को मजबूर हुए हैं। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आतंक तथा हिंसा के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की अपील की।

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के सम्मेलन में नैदानिक अनुसंधान एवं समन्वित चिकित्सा पर विशेष बल

## वैज्ञानिक प्रमाण आधारित उपचार पद्धतियों को प्रोत्साहन देने पर जोर

समाज जागरण ब्यूरो

नई दिल्ली, । भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा बुधवार को “अंतरराष्ट्रीय नैदानिक परीक्षण दिवस : समन्वित चिकित्सा के नैदानिक परीक्षणों पर केंद्रित” विषयक प्रथम वार्षिक नैदानिक परीक्षण सम्मेलन-2026 का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश की नैदानिक अनुसंधान व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा प्रमाण आधारित समन्वित चिकित्सा अनुसंधान को प्रोत्साहन देने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

इस राष्ट्रीय सम्मेलन में नीति निर्धारकों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, शोधकर्ताओं, नियामक संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में वी.के. पॉल, राजीव बहल तथा राजेश कोटेचा सहित अनेक वरिष्ठ विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

### सुदृढ़ अनुसंधान व्यवस्था की आवश्यकता पर बल

विशेषज्ञों ने कहा कि वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का प्रभावी समाधान करने के लिए सशक्त नैदानिक अनुसंधान व्यवस्था, पारदर्शी नैतिक प्रणाली तथा वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित समन्वित स्वास्थ्य सेवाओं का विकास अत्यंत आवश्यक है। सम्मेलन में आधुनिक चिकित्सा तथा भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय को भविष्य की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण बताया गया।




### रक्ताल्पता पर अध्ययन के निष्कर्ष प्रस्तुत

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण आयरन की कमी से होने वाली रक्ताल्पता पर आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान केंद्रीय परिषद एवं भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से किए गए बहुकेंद्रीय तृतीय चरण नियंत्रित नैदानिक परीक्षण के निष्कर्षों की प्रस्तुति रही।

अध्ययन में आयुर्वेदिक औषधियों पुनर्नवादि मंडूर तथा द्राक्षावलेह की प्रभावशीलता की तुलना प्रचलित आयरन-फोलिक अम्ल उपचार से की गई। 18 से 49 वर्ष आयु वर्ग की लगभग चार हजार गैर-गर्भवती महिलाओं पर किए गए इस अध्ययन में पाया गया कि दोनों आयुर्वेदिक औषधियां उपचार की दृष्टि से मानक चिकित्सा के समान प्रभावकारी सिद्ध हुईं।

### समन्वित चिकित्सा को मिलेगा नया आधार

विशेषज्ञों ने कहा कि इस प्रकार के वैज्ञानिक अध्ययनों से आयुर्वेद सहित भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक स्तर पर नई विश्वसनीयता प्राप्त होगी। सम्मेलन में नैदानिक परीक्षणों की गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा रोगियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर भी बल दिया गया।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार का आश्वासन

### देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच भारत सरकार ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों ने ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और ईंधन वितरण व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी दी।




### सभी भारतीय नाविक सुरक्षित, समुद्री संचालन सामान्य

सरकार ने बताया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 72 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों या भारतीय चालक दल वाले विदेशी जहाजों से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है। जहाजरानी महानिदेशालय के कंट्रोल रूम ने अब तक 10,106 कॉल और 22,215 से अधिक ईमेल संभाले हैं। मंत्रालय ने अब तक 3,316 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी में मदद की है, जिनमें पिछले 72 घंटों में लौटे 99 नाविक भी शामिल हैं। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि देशभर के बंदरगाह सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और कहीं भी भीड़भाड़ की सूचना नहीं है।

### पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक, घबराहट में खरीदारी न करें

सरकार ने नागरिकों से अपील की कि वे पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी से बचें। अधिकारियों ने कहा कि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल उपलब्ध हैं। कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में वृद्धि के बावजूद उपभोक्ताओं पर बोझ कम करने के लिए केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपए प्रति लीटर की कटौती की है।

### एलपीजी आपूर्ति जारी, रिकॉर्ड स्तर पर सिलेंडर वितरण

सरकार ने बताया कि मौजूदा परिस्थितियों के बावजूद घरेलू एलपीजी की आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पिछले तीन दिनों में करीब 1.32 करोड़ सिलेंडरों की बुकिंग के मुकाबले 1.34 करोड़ सिलेंडर वितरित किए गए। कल अकेले 45.36 लाख बुकिंग के मुकाबले 47.51 लाख सिलेंडर वितरित किए गए। एलपीजी की हेराफेरी रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी में लगभग 96 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### पीएनजी अपनाने पर जोर, 58 हजार से अधिक लोगों ने छोड़ा एलपीजी कनेक्शन

सरकार स्वच्छ ईंधन के रूप में पीएनजी को बढ़ावा दे रही है। 20 मई 2026 तक 58,500 से अधिक उपभोक्ताओं ने ट ढठऋ्रल्ल वेबसाइट के जरिए अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर किए हैं। मार्च 2026 से अब तक लगभग 7.64 लाख पीएनजी कनेक्शनों का गैसीकरण किया जा चुका है, जबकि 2.81 लाख अतिरिक्त कनेक्शनों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है।

### जमाखोरी रोकने के लिए देशभर में छापेमारी

एलपीजी की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए पिछले तीन दिनों में देशभर में 5,000 से अधिक छापे मारे गए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने 3,100 से अधिक पेट्रोल पंपों और एलपीजी वितरकों का निरीक्षण किया। सरकार ने बताया कि 463 एलपीजी वितरकों पर जुमार्ना लगाया गया है, जबकि 81 वितरकों को निलंबित किया गया है।

### अस्पतालों और जरूरी क्षेत्रों को प्राथमिकता

सरकार ने कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति में अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, फार्मा, इस्पात, ऑटोमोबाइल और कृषि क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अलावा, प्रवासी श्रमिकों के लिए 5 किलोग्राम एफटीएल सिलेंडरों की आपूर्ति भी बढ़ाई गई है। पिछले तीन दिनों में करीब 1.87 लाख छोटे सिलेंडर बेचे गए हैं।

### रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रहीं

सरकार के अनुसार सभी रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं। घरेलू मांग पूरी करने के लिए एलपीजी उत्पादन भी बढ़ाया गया है। सरकार ने कहा कि भारत में ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री संचालन और ईंधन वितरण व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। (इनपुट: पीआईबी)

## रात में यमुना के बीच उतारी जा रहीं पोकलेन और जेसीबी, मुड़ रही नदी की धार

# नियमों को ताक पर रखकर यमुना का सीना चीर रहे खनन माफिया

## किसानों ने जताई कटान की आशंका, शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं

समाज जागरण

बागपत। जनपद में यमुना नदी में अवैध खनन का खेल लगातार बढ़ता जा रहा है। खनन माफिया नियमों को ताक पर रखकर यमुना का सीना चीर रहे हैं। नदी के बीचों-बीच भारी मशीनें उतारकर रेत निकाली जा रही है, जिससे यमुना की प्राकृतिक धार भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय किसानों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो बरसात के मौसम में बड़े स्तर पर कटान हो सकता है, जिससे खेती योग्य भूमि को भारी नुकसान पहुंचेगा।

प्रशासन द्वारा नैथला और गौरीपुर क्षेत्र में सीमित दायरे और निर्धारित गहराई तक रेत खनन की अनुमति दी गई है, लेकिन आरोप है कि खनन माफिया सभी मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। दिन में नदी किनारे खनन किया जाता है, जबकि रात होते ही यमुना के बीचों-बीच पोकलेन और जेसीबी जैसी भारी मशीनें उतार दी जाती हैं। रातभर मशीनों की गड़गड़ाहट के बीच बड़े पैमाने पर रेत निकासी का काम चलता रहता है।



स्थानीय लोगों के अनुसार अवैध खनन के कारण यमुना की धार लगातार बदल रही है। किसानों का कहना है कि नदी की दिशा बदलने से बरसात के समय खेतों में कटान की समस्या गंभीर हो सकती है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### रातभर हाईवे पर दौड़ते हैं रेत से भरे डंपर

खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि रातभर रेत से भरे डंपर हाईवे पर धड़ल्ले से दौड़ते रहते हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन और संबंधित विभागों की अनदेखी के चलते अवैध खनन का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। कई बार शिकायतें होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से माफियाओं के हौसले और बढ़ गए हैं।

### किसानों की शिकायतें बनीं केवल आश्वासन

नैथला क्षेत्र के किसानों ने कई बार अधिकारियों से अवैध खनन की शिकायत की, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। किसानों का आरोप है कि अधिकारी मौके पर पहुंचकर खानापूर्ति करते हैं और मानकों के अनुरूप खनन होने की रिपोर्ट लगाकर वापस लौट जाते हैं। अब तक किसी भी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।

### कार्रवाई न होने से बेखौफ हुए खनन माफिया

स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद जब कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती, तो खनन माफियाओं के हौसले बढ़ना स्वाभाविक है। यही कारण है कि अब वे बिना किसी डर के यमुना में बड़े पैमाने पर अवैध खनन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि यमुना और किसानों की जमीन को बचाया जा सके।

## सिंधु नदी का गेम ओवर, अब चेनाब का पानी मोड़ेगा भारत!

### बना रहा सीक्रेट टनल, 2600 करोड़ के दो प्रोजेक्ट शुरू



समाज जागरण

नई दिल्ली, समाज जागरण ब्यूरो। भारत द्वारा सिंधु जल संधि को फिलहाल स्थगित (विचाराधीन) रखने के बाद चेनाब नदी प्रणाली पर दो प्रमुख अवसंरचनात्मक परियोजनाओं पर कार्य तेज कर दिया गया है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य जल संसाधनों के अधिक प्रभावी प्रबंधन के साथ देश की रणनीतिक और ऊर्जा संबंधी क्षमताओं को सुदृढ़ करना बताया जा रहा है। इन दोनों परियोजनाओं का संचालन राष्ट्रीय जलविद्युत निगम द्वारा किया जा रहा है तथा इनकी कुल अनुमानित लागत लगभग 2,600 करोड़ रुपये बताई गई है।

### लाहौल-स्पीति में जल मार्ग परिवर्तन परियोजना

पहली प्रमुख परियोजना हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति क्षेत्र में प्रस्तावित चेनाब-ब्यास जल-संयोजन सुरंग से संबंधित है। इस परियोजना पर लगभग 2,352 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। इसका उद्देश्य चेनाब नदी के जल प्रवाह के बेहतर प्रबंधन तथा जल संसाधनों के संतुलित उपयोग की दिशा में कार्य करना बताया गया है।

### सलाल बांध में गाद प्रबंधन के लिए नई सुरंग

दूसरी परियोजना जम्मू-कश्मीर स्थित सलाल बांध से संबंधित है, जिसमें गाद प्रबंधन और बांध की परिचालन क्षमता को पुनः सुदृढ़ करने के लिए एक नई बाईपास सुरंग का निर्माण किया जा रहा है। इससे जलाशय की क्षमता और दीर्घकालिक उपयोगिता बढ़ाने में सहायता मिलने की संभावना जताई गई है।

## मिथिला एक्सप्रेस में आग की घटना: साजिश की आशंका से जांच तेज

### हावड़ा स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में संदिग्ध गतिविधि का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

कोलकाता/ हावड़ा, समाज जागरण ब्यूरो। हावड़ा स्टेशन पर खड़ी मिथिला एक्सप्रेस में आग लगने की घटना अब सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि संभावित साजिश के रूप में जांच के दायरे में आ गई है। रेलवे और सुरक्षा एजेंसियों की प्रारंभिक जांच में ऐसे संकेत मिले हैं, जिनसे मामले को गंभीर सुरक्षा उल्लंघन माना जा रहा है। रेलवे मंत्रालय के अनुसार, घटना के बाद की गई जांच में ट्रेन के बाथरूम क्षेत्र से पेट्रोल में भीगा हुआ आधा जला कपड़ा बरामद किया गया है। इससे यह आशंका मजबूत हुई है

# यूपी में भी मुस्लिम लीग के साथ चुनाव लड़ सकती कांग्रेस

**संजय सक्सेना,लखनऊ,**

केरल में कांग्रेस नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट की सरकार बन चुकी है। इस गठबंधन में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि बहुमत के लिए कांग्रेस को उसके सहयोग पर पूरी तरह निर्भर रहना पड़ेगा। दक्षिण भारत के एक राज्य की इस जीत ने जहाँ कांग्रेस के लिए राहत की साँस दी है, वहीं मुस्लिम लीग के हौसले इतने बुलंद हो गये हैं कि उसकी नजर अब उत्तर प्रदेश की राजनीति पर भी टिक गई है। केरल में सरकार बनने के बाद इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग केरल से बाहर भी अपनी भूमिका की तलाश में जुट गई है और उसके द्वारा 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन की संभावनाएँ तलाशी जा रही हैं। मुस्लिम लीग के इस कदम का राज्य की राजनीति पर गहरा असर पड़ना शुरू हो गया है। यह स्थिति सिर्फ केरल तक सीमित नहीं है, इसके प्रभाव की लहरें उत्तर प्रदेश और आगे चलकर अन्य रात्यों के चुनाव तक पहुँच सकती है। इसके लिये जहाँ 2027 के चुनाव से पहले कांग्रेस ने मुस्लिम वोटों को लेकर सियासी बिसात बिछनी शुरू कर दी है,वहीं बसपा से भी कांग्रेस हाथ मिला सकती है। गौरतलब हो, मुस्लिम लीग की यूपी में संभावित चुनावी रणनीति अभी तक मुख्य रूप से सीट-आधारित और गठबंधन-आधारित दिखती है। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार केरल में जीत के बाद कांग्रेस अपने लंबे समय के सहयोगी इंडियन मुस्लिम लीग को दक्षिण के बाहर भी इस्तेमाल करने की रणनीति बना रही है, और उसका सबसे बड़ा टारगेट 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव माना जा रहा है । कांग्रेस द्वारा यूपी की मुस्लिम बहुल सीटों पर तैयार रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर अखिलेश यादव से गठबंधन नहीं होता, तो कांग्रेस इंडियन मुस्लिम लीग का यूपी में भरपूर इस्तेमाल कर सकती है। यानी कांग्रेस के मुस्लिम बहुल सीटों पर उम्मीदवार उतारने या समर्थन-आधारित दांव की संभावना है। यूपी में लीग का साथ लेकर कांग्रेस इससे सीधे बड़े राज्यव्यापी अभियान की शुरूआत कर कर सकती है, यह गठबंधन किसी बड़े गठबंधन के भीतर सीट-दर-सीट प्रभाव बनाने के लिए हो सकता है । यह रणनीति मुस्लिम मतदाताओं को यह संकेत देने के लिए भी हो सकती है कि पार्टी उनके प्रतिनिधित्व को गंभीरता से ले रही है।सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस आगे चलकर इंडियन मुस्लिम लीग का बिहार, पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में भी उपयोग कर सकती है। फिलहाल, यूपी को सबसे बड़ा लक्ष्य बताया गया है ।

उत्तर प्रदेश में मुस्लिम वोट को लेकर सभी दलों की प्रतिस्पर्धा बढ़ी हुई है, और विश्लेषणों में कहा गया है कि 2027 में मुस्लिम वोट फिर से अहम भूमिका निभा सकता है । इसी कारण कोई भी दल अब केवल प्रतीकात्मक राजनीति नहीं, बल्कि सीधे राजनीतिक लाभ देने वाली रणनीति तलाश रहा है । बता दें, उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले मुस्लिम वोटों को लेकर राजनीतिक दलों में होड़ मची हुई है। समाजवादी पार्टी अपने कोर वोट बैंक को बचाने के लिए सक्रिय है, जबकि कांग्रेस, एआईएमआईएम और कुछ हद तक भाजपा भी मुस्लिम मतदाताओं तक पहुँचने की कोशिश कर रही हैं। उत्तर प्रदेश में करीब 20 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। सूबे की कुल 143 सीटों पर मुस्लिम मतदाता अपना असर रखते हैं, जिनमें से 70 सीटों पर मुस्लिम आबादी 20 से 30 फीसदी के बीच है, जबकि 73 सीटों पर यह 30 फीसदी से अधिक है। इंडियन मुस्लिम लीग के यूपी में चुनाव लड़ने की बात कहे जाने के बीच असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की प्रमुख विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है, जिससे प्रदेश की राजनीति में नई चर्चा छिड़ गई है। मुस्लिम लीग और ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम यदि मिलकर मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर उतरती हैं तो यह समीकरण यूपी की राजनीति को पूरी तरह बदल सकता है। एआईएमआईएम ने बिहार और महाराष्ट्र में मुस्लिम बाहुल्य इलाकों पर फोकस किया और स्थानीय मुद्दों के साथ आक्रामक संगठन विस्तार किया, जिससे पार्टी का आत्मविश्वास बढ़ा है। हालाँकि 2022 के विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम ने 95 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट नहीं जीत सकी, क्योंकि यूपी में मुस्लिम वोटर परंपरागत रूप से समाजवादी पार्टी के साथ जाता है।


फिर भी राजनीतिक पंडितों का मानना है कि केरल में मुस्लिम लीग की बढ़ती ताकत देखकर यूपी के मुस्लिम समुदाय में एक नई जागृति आ सकती है। यदि मुस्लिम लीग और ओवैसी की पार्टी मिलकर मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर एकजुट होकर लड़ती हैं, तो समाजवादी पार्टी का परंपरागत मुस्लिम वोट बैंक टूट सकता है। अखिलेश यादव ने इस खतरे को भाँपते हुए मुस्लिम नेताओं की बैठक बुलाई है।उधर, पिछले कुछ समय से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं के बीच जिस तरह की बयानबाजी देखने को मिली है, उसके बाद सपा-कांग्रेस गठबंधन को लेकर अटकलें लगती रहती हैं। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने तो यहाँ तक कह दिया कि यूपी में कांग्रेस को किसी बैसाखी की जरूरत नहीं है। यह बयान सीधे समाजवादी पार्टी पर चोट करने वाला था और इसने दोनों दलों के बीच खटास को और बढ़ा दिया।

बहरहाल,इतिहास गवाह है कि उत्तर प्रदेश में गठबंधन अक्सर कागज पर मजबूत गणित दिखाते हैं, लेकिन असल में दलों के बीच विश्वास और कार्यकताओं का तालमेल बहुत जरूरी होता है। 2017 और 2019 के अनुभव बताते हैं कि सपा को इन गठबंधनों से फायदा कम और नुकसान ज्यादा हुआ और दोनों दलों के वोट बैंक एक-दूसरे में अच्छी तरह स्थानांतरित नहीं हो पाए। ऐसे में कांग्रेस अब बसपा के साथ गठबंधन की संभावनाएं टटोल रही है। सियासी जानकारों का मानना है कि सपा से कांग्रेस की दूरी का फायदा मायावती को हो सकता है। यह समीकरण यदि बनता है तो यूपी की राजनीति में एक बड़ा उलटफेर हो सकता है। कांग्रेस का दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं पर जोर और बसपा का दलित आधार मिलकर एक नई शक्ति बन सकता है। बात बीजेपी की कि जाये तो उत्तर प्रदेश में भाजपा लगातार तीसरी बार बड़े बहुमत के साथ सत्ता में आने की तैयारी में है, जबकि समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के नेतृत्व में विपक्षी दल का तमगा हटाकर सत्ताधारी दल बनने के लिए मैदान में उतर गई है। इन दोनों के अलावा कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी पर भी सबकी नजर होगी। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने मिशन-2027 का आगाज कर दिया है और मुसलमानों को जोड़ने का खास योजना बनाया है। यदि मुस्लिम लीग और एआईएमआईएम मिलकर यूपी की मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर उतरते हैं तो विपक्षी मतों का बिखराव भाजपा के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

इतिहास यह भी बताता है कि जब-जब मुस्लिम मतदाता बँटे हैं, तब-तब भाजपा ने उसका लाभ उठाया है। ऐसा लगता है कि केरल में मुस्लिम लीग की बढ़ी ताकत, यूपी में ओवैसी का विस्तार, कांग्रेस-सपा में दरार और बसपा से नये गठबंधन की संभावना। ये सभी मुद्दे मिलकर 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को देश का सबसे जटिल और रोचक चुनावी मैदान बनाने वाले हैं। यूपी की 403 सीटों पर जो भी समीकरण बनेगा, वह न केवल प्रदेश की, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी तय करेगा। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यह है कि मुस्लिम वोट का बिखराव किसको फायदा पहुँचाएगा और किसका सियासी किला ढहाएगा।

# तपती धरती और झुलसता जीवन

**- महेन्द्र तिवारी**



भारत इस समय भीषण गर्मी और लू की ऐसी मार झेल रहा है जिसने सामान्य जीवन को गहराई से प्रभावित कर दिया है। दिल्ली एनसीआर सहित उत्तर भारत के बड़े हिस्से में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच चुका है। कई शहरों में यह 46 से 47 डिग्री तक दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य भारत के अनेक क्षेत्रों में हीटवेव और गंभीर हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। मई 2026 की यह गर्मी केवल मौसमी बदलाव नहीं बल्कि एक बड़े जलवायु संकट की चेतावनी मानी जा रही है।

दिल्ली के रिज क्षेत्र में तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि मुंगेशपुर में 46.3 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। सफदरजंग केंद्र पर अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक था। मौसम विभाग के अनुसार अगले कई दिनों तक राहत की संभावना बहुत कम है। गर्म हवाएं लगातार चल रही हैं और दोपहर के समय सड़कों पर निकलना कठिन हो गया है।

उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में तापमान 48.2 डिग्री तक पहुंच गया जो देश में सबसे अधिक दर्ज तापमानों में शामिल है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ और पिलानी में तापमान 46 डिग्री से ऊपर पहुंचा। हरियाणा के रोहतक में 46.9 डिग्री तापमान ने लोगों को झुलसा दिया। पंजाब और हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में भी लू का असर लगातार बढ़ रहा है।

गर्मी की इस भयावह स्थिति ने जनजीवन पर गहरा प्रभाव डाला है। दोपहर के समय सड़कें खाली दिखाई दे रही हैं। बाजारों में भीड़ कम हो गई है। मजदूर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित है क्योंकि उन्हें खुले आसमान के नीचे काम करना पड़ता है। निर्माण कार्यों में लगे श्रमिक, रिक्शा चालक, डिलीवरी कर्मचारी और खेतों में काम करने वाले किसान लगातार लू का सामना कर रहे हैं। कई लोग चक्कर आने, सिरदर्द, उल्टी और बेहोशी जैसी समस्याओं से अस्पताल पहुंच रहे हैं। अस्पतालों में डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार बढ़ती गर्मी का सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। पिछले कुछ वर्षों में पृथ्वी का औसत तापमान लगातार बढ़ा है। जंगलों की कटाई, बढ़ता प्रदूषण, वाहनों और उद्योगों से निकलने वाली गैसें तथा तेजी से फैलता शहरीकरण इस संकट को और गहरा बना रहे हैं। दिल्ली जैसे महानगरों में कंक्रीट और डामर की अधिकता के कारण गर्मी लंबे समय तक बनी रहती है। इसे शहरी ताप द्वीप प्रभाव कहा जाता है। दिनभर सूर्य की गर्मी सड़कों और इमारतों में जमा हो जाती है और रात में भी तापमान कम नहीं हो पाता।

मौसम विभाग के अनुसार मई और जून के महीने उत्तर भारत में सामान्य रूप से गर्म होते हैं लेकिन इस बार तापमान सामान्य से कई डिग्री अधिक है। दिल्ली में मई को सबसे गर्म महीनों में माना जाता है जहां कई बार तापमान 45 डिग्री से ऊपर चला जाता है। इस बार लगातार कई दिनों तक लू चलने के कारण स्थिति और गंभीर हो गई है।

गर्मी का असर केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है बल्कि बिजली और पानी की मांग पर भी पड़ा है। देश में बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। एयर कंडीशनर, कूलर और पंखों के बढ़ते उपयोग के कारण बिजली खपत तेजी से बढ़ रही है। कई शहरों में लंबे बिजली कट भी देखने को मिल रहे हैं। पानी की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति को लेकर शिकायतें बढ़ रही हैं। भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और गर्मी के कारण जल स्रोत तेजी से सूख रहे हैं। कृषि क्षेत्र भी इस गर्मी से प्रभावित हुआ है। खेतों में काम करना कठिन हो गया है। कई फसलों पर गर्म हवाओं का असर दिखाई देने लगा है। सब्जियों और फलों की पैदावार प्रभावित हो सकती है जिससे आने वाले समय में कीमतों में वृद्धि संभव है। पशुओं के लिए भी यह मौसम बेहद कठिन है। पानी की कमी और अत्यधिक गर्मी के कारण पशुओं की मृत्यु के मामले भी सामने आ रहे हैं। गांवों में तालाब और छोटे जल स्रोत सूखने लगे हैं जिससे पशुपालन पर संकट बढ़ रहा है।

विद्यालयों में भीषण गर्मी को देखते हुए कई राज्यों में छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। बच्चों को दोपहर में बाहर निकलने से रोका जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक संवेदनशील होते हैं इसलिए उन्हें विशेष सावधानी की जरूरत है। शरीर में पानी की कमी होने पर स्थिति अचानक गंभीर हो सकती है।

सरकार और मौसम विभाग लगातार लोगों को सावधान रहने की सलाह दे रहे हैं। लोगों से कहा गया है कि वे दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें और सिर को ढककर रखें। बाहर निकलते समय छाता या गमछे का उपयोग करें। बुजुर्गों और बच्चों को सीधे धूप में जाने से रोकें। यदि किसी व्यक्ति को चक्कर आए, तेज बुखार हो, सांस लेने में कठिनाई हो या बेहोशी महसूस हो तो तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए।

गर्मी के इस दौर में पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस हो रही है। यदि बड़े स्तर पर वृक्षारोपण नहीं किया गया और प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं लगाया गया तो आने वाले वर्षों में स्थिति और भयावह हो सकती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि भविष्य में हीटवेव की अवधि और तीव्रता दोनों बढ़ेंगी। इसका असर अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, कृषि और सामाजिक जीवन पर पड़ेगा।

दिल्ली एनसीआर में रहने वाले लोग इस समय सुबह जल्दी और रात देर तक ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। दिन के समय सड़कों पर सन्नाटा दिखाई देता है। कई क्षेत्रों में गर्म हवा इतनी तेज चल रही है कि कुछ मिनटों तक बाहर खड़े रहना भी मुश्किल हो रहा है। सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टॉप और रेलवे प्लेटफॉर्म पर खड़े लोग गर्मी से बेहाल दिखाई देते हैं।

विशेषज्ञ यह भी चेतावनी दे रहे हैं कि अत्यधिक गर्मी मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती है। लगातार ऊंचा तापमान चिड़चिड़ापन, तनाव और थकान बढ़ाता है। नींद प्रभावित होती है और कार्यक्षमता कम हो जाती है। मजदूर वर्ग और गरीब परिवारों पर इसका प्रभाव सबसे अधिक पड़ता है क्योंकि उनके पास गर्मी से बचने के पर्याप्त साधन नहीं होते।

भारत में हीटवेव अब केवल मौसमी घटना नहीं रह गई है बल्कि यह राष्ट्रीय चुनौती बनती जा रही है। तेजी से बदलते मौसम संकेत दे रहे हैं कि आने वाले वर्षों में हमें और कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए केवल सरकारी उपाय पर्याप्त नहीं होंगे बल्कि समाज के हर वर्ग को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और ऊर्जा बचत के प्रति गंभीर होना होगा। पेड़ लगाना, जल स्रोतों को बचाना, प्रदूषण कम करना और टिकाऊ जीवनशैली अपनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है।

यह भी सच है कि प्रकृति बार बार चेतावनी देती है लेकिन मानव समाज अक्सर उसे नजरअंदाज कर देता है। आज उत्तर भारत की झुलसती धरती और 45 डिग्री से ऊपर पहुंचता तापमान इसी चेतावनी का संकेत है। यदि अभी भी पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी नहीं दिखाई गई तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन और कठिन हो सकता है। हीटवेव केवल मौसम की खबर नहीं बल्कि भविष्य का गंभीर संदेश है जिसे समझना और उस पर कार्य करना अब अनिवार्य हो गया है।

# भाषाई विवाद और क्षेत्रीय असंतुलन स्वतंत्र भारत की बड़ी चुनौती।

भारत विविधताओं का देश है। यहाँ धर्म, भाषा, जाति, संस्कृति और परंपराओं की बहुलता सदियों से समाज की पहचान रही है। यही विविधता भारत की शक्ति भी है और जब इसका दुरुपयोग राजनीतिक तथा सामाजिक स्वार्थों के लिए होने लगे, तब यही विविधता राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में अवरोध बन जाती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत ने लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से आर्थिक प्रगति और सामाजिक न्याय का सपना देखा था, किंतु सामाजिक विषमताएँ, जातीय संघर्ष, सांप्रदायिक तनाव, भाषाई विवाद और क्षेत्रीय असंतुलन आज भी विकास के मार्ग में गंभीर चुनौतियों के रूप में उपस्थित हैं।



आजादी के बाद देश ने पंचवर्षीय योजनाओं, औद्योगिक विकास, कृषि सुधारों और सामाजिक उत्थान की अनेक योजनाओं के माध्यम से आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने का प्रयास किया। उद्देश्य यह था कि समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए और वर्गविहीन, लोकतांत्रिक तथा धर्मनिरपेक्ष समाज की स्थापना हो। किंतु सामाजिक संरचना में विद्यमान असमानताओं ने विकास की गति को कई स्तरों पर प्रभावित किया। जातिगत विभाजन और वर्ग संघर्ष ने सामाजिक समरसता को कमजोर किया तथा राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने इन विभाजनों को और अधिक जटिल बना दिया।

भारतीय राजनीति में जातिगत समीकरण लंबे समय से सत्ता प्राप्ति का माध्यम बनते रहे हैं। राजनीतिक दलों ने सामाजिक न्याय और समानता के नाम पर अनेक बार जातीय ध्रुवीकरण को बढ़ावा दिया, जिससे समाज में परस्पर अविश्वास की भावना उत्पन्न हुई। उच्च वर्ग और निम्न वर्ग के बीच आर्थिक तथा सामाजिक दूरी ने कई बार संघर्ष का रूप लिया। यही कारण है कि कई क्षेत्रों में नक्सलवाद जैसी हिंसक प्रवृत्तियों को पनपने का अवसर मिला। हालांकि अब नक्सलवाद का देश से लगभग सफाया हो गया है। समाज का कोई वर्ग स्वयं को विकास की मुख्यधारा से अलग महसूस करता है, तब असंतोष जन्म लेता है और यही असंतोष अंततः राष्ट्रीय विकास के लिए बाधक बन जाता है।

धार्मिक संघर्ष भी भारत के सामाजिक ताने-बाने के लिए गंभीर चुनौती बनकर उभरे हैं। हिंदूझ्र मुस्लिम विवादों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि ने समय-समय पर सामाजिक तनाव को जन्म दिया है। मंदिरझ्रमस्जिद विवाद जैसे मुद्दे केवल धार्मिक असहमति तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनका प्रभाव देश की सामाजिक शांति, निवेश, उद्योग और आर्थिक वातावरण पर भी पड़ता है। सांप्रदायिक तनाव के कारण समाज में भय और असुरक्षा का वातावरण निर्मित होता है, जिससे विकास की प्रक्रिया प्रभावित होती है। किसी भी राष्ट्र की आर्थिक उन्नति के लिए सामाजिक स्थिरता अत्यंत आवश्यक होती है।

भाषाई विवाद भी स्वतंत्र भारत की एक बड़ी चुनौती रहे हैं। दक्षिण भारत में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने के विरोध से लेकर विभिन्न राज्यों में क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण के आंदोलनों तक, भाषा का प्रश्न कई बार राजनीतिक और सामाजिक संघर्ष का कारण बना। बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और अन्य राज्यों में भाषाई अस्मिता को लेकर समय-समय पर आंदोलन हुए हैं। भाषा किसी भी समाज की सांस्कृतिक पहचान होती है, इसलिए इस विषय को संवेदनशीलता और समन्वय के साथ देखने की आवश्यकता है। भाषाई संघर्ष जब राजनीतिक रूप धारण कर लेते हैं, तब वे राष्ट्रीय एकता और आर्थिक विकास दोनों को प्रभावित करते हैं।

समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों पर भी समाज में मतभेद दिखाई देते हैं। एक ओर बहुसंख्यक वर्ग इसे समानता और राष्ट्रीय एकरूपता का प्रतीक मानता है, वहीं अल्पसंख्यक समुदाय अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को लेकर आशंकित दिखाई देता है। ऐसे विषयों पर संवाद, संवेदनशीलता और संवैधानिक संतुलन की आवश्यकता है। किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र में विकास तभी संभव है जब सभी वर्ग स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करें।

भारत के समक्ष गरीबी, बेरोजगारी, भूखमरी, नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता और क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियाँ आज भी गंभीर समस्याएँ बनी हुई हैं। स्वतंत्रता के 78 वर्षों बाद भी यदि समाज का एक बड़ा वर्ग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, तो यह चिंतन का विषय है। आर्थिक विकास का वास्तविक अर्थ केवल बड़े उद्योगों और शहरी विस्तार तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि गाँवों, आदिवासी क्षेत्रों, श्रमिक वर्ग और पिछड़े समाज तक विकास के लाभ पहुँचाना भी उतना ही आवश्यक है।

समाधान का मार्ग समावेशी विकास और सकारात्मक राष्ट्रवाद में निहित है। राष्ट्रवाद का अर्थ किसी वर्ग विशेष की श्रेष्ठता नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र और उसके प्रत्येक नागरिक के सम्मान तथा प्रगति की भावना होना चाहिए। यदि समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और अवसरों से जोड़ा जाए, तो नक्सलवाद, हिंसा और असंतोष जैसी समस्याएँ स्वतः कम होने लगेंगी। सामाजिक न्याय और आर्थिक अवसरों का संतुलन ही राष्ट्र को स्थिर और सशक्त बना सकता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्रीय संकीर्णताओं से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानें। भारत की विविधता उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति बन सकती है, यदि उसे समरसता और विकास के साथ जोड़ा जाए। सामाजिक सद्भाव, संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक चेतना और आर्थिक समानता के आधार पर ही भारत वैश्विक स्तर पर एक शक्तिशाली, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो सकता है।

संजीव ठाकुर,
वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, चिंतक, स्तंभ कार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

# अकेला इंसान...!

*जरूरत के वक्त अक्सर अकेला पड़ता इंसान,*
*भीड़ में रहते हुए भी ढूँढता है अपनी पहचान।*
*जहाँ तक ताकत रहीं साथ बहुत मिल जाते हैं,*
*मुश्किल की 'आंधी' आते रिश्ते बिखर जाते हैं।*

*हँसी-ठट्ठे के मेलों में सभी अपने लगते हैं यहाँ,*
*'आँसुओं' की बारिश में कम ही ठहरते हैं वहाँ।*
*तभी समझ आता है दुनिया का सच्चा पैमाना,*
*साथ वहीं है जो दर्द में भी नहीं छोड़े ठिकाना।*

*अकेलापन सिखा देता है खुद से दोस्ती करना,*
*गिरकर भी हर बार फिर से संभलना व चलना।*
*जरूरत के समय चाहे अकेला रह जाए इंसान,*
*गर हौसला साथ हो तो 'पार' करता हर तूफान।*



संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

*संजय एम तराणेकर*
*(कवि, लेखक व समीक्षक)*
*इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)*
*मो. 98260 25986*

# व्यंग्य: "फाइलों का अमर राज्य"

देश में तीन प्रमुख स्तंभ हैं–न्यायपालिका, कार्यपालिका और जनता।
लेकिन एक और स्तंभ है, जो कहीं लिखित नहीं, फिर भी सबसे मजबूत है–"फाइल"।
सुना है न्यायपालिका में न्याय "देरी से सही, मिलता जरूर है।"
पर कुछ लोगों का कहना है कि पहले न्याय "फाइलों" से होकर गुजरता है, फिर "तारीखों" से होकर, और अंत में "भाग्य" पर पहुंचता है।
कार्यपालिका में काम तेजी से होता है–
बस शर्त यह है कि गति "नियमों" से ज्यादा "रिश्तों" पर निर्भर हो।
यहां फाइलें चलती नहीं, बल्कि "चलवाई" जाती हैं।
कहीं-कहीं तो हालत यह है कि फाइलें इतनी अनुभवी हो चुकी हैं कि उन्हें खुद पता होता है–
ह्लआज कहां रुकना है और कब आगे बढ़ना है ह्व
जनता बीच में खड़ी है, जो सोचती है कि व्यवस्था सीधी है,
लेकिन उसे नहीं पता कि रास्ते में कई "स्पीड ब्रेकर" हैं–
कुछ नियम के नाम पर, कुछ लालफीताशाही के नाम पर, और कुछ "मानवीय विवेक" के नाम पर।

सबसे दिलचस्प बात यह है कि भ्रष्टाचार अब अपराध कम और "कला" ज्यादा हो गया है–
जहां बिना आवाज किए काम हो जाए, उसे लोग "जुगाड़" कहते हैं,
और जहां आवाज ज्यादा हो, उसे "प्रक्रिया" कहकर शांत कर दिया जाता है।

अंत में हर विभाग एक बात पर सहमत दिखता है–
"व्यवस्था ठीक है, बस लोग समझ नहीं पा रहे।"

और इसी समझ के अभाव में फाइलें आज भी मुस्कुरा रही हैं–
क्योंकि उन्हें पता है, देश बदलता रहता है, लेकिन उनकी यात्रा कभी खत्म नहीं होती।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा कौशल प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 21 मई 2026। जिले में ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास के लिए बड़ा अवसर उपलब्ध कराया गया है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ज्योति रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तहत जनपद गौतमबुद्धनगर को 50 सामान्य एवं 75 एससीएसपी श्रेणी के अभ्यर्थियों को कौशल सुधार एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। यह प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्रों में समूह आधारित रूप से आयोजित किया जाएगा और अभ्यर्थियों को उनके ही ग्राम में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा मिल सके।

प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 45 वर्ष निर्धारित की गई है। साथ ही आवेदक का साक्षर होना अनिवार्य है।

अधिकारी ने बताया कि ग्राम प्रधान अपने-अपने ग्राम के इच्छुक अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन कराकर उनकी सूची 30 मई 2026 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, विकास भवन, कक्ष संख्या 206-207, सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर में जमा करा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन किसी भी जन सुविधा केंद्र अथवा साइबर कैफे के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन के लिए फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति अनिवार्य होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 30 मई 2026 तक उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की वेबसाइट upkvib.gov.in पर "जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम सॉफ्टवेयर" के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दिवसों में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। साथ ही विभाग के दूरभाष नंबर 9580503196 एवं 9599355293 पर भी जानकारी उपलब्ध है।

सौजन्य से - सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# भविष्य उन्मुख शिक्षा के लिए CSR सहयोग को बढ़ावा देने हेतु राज्य स्तरीय राउंड टेबल आयोजित

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 21 मई 2026। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा Invest UP एवं CSRBOX के सहयोग से नोएडा में "उत्तर प्रदेश सीएसआर राउंड टेबल 2026 ऑन फ्यूचर रेडी एजुकेशन" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉर्पोरेट संस्थानों, सीएसआर फाउंडेशनों एवं विकास क्षेत्र से जुड़े 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह उपस्थित रहे। इसके साथ ही अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा तथा महानिदेशक बेसिक शिक्षा मोनिका रानी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।




### शिक्षा सुधार पर विस्तृत चर्चा

राउंड टेबल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, निपुण भारत मिशन, पीएम श्री योजना एवं राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के प्रमुख बिंदुओं में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान, डिजिटल एवं एआई आधारित शिक्षा, विद्यालयी अवसंरचना सुदृढ़ीकरण, शिक्षक क्षमता निर्माण, बालिका शिक्षा तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संस्थाओं द्वारा डिजिटल शिक्षा, STEM, एआई आधारित शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति एवं व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग हेतु आशय पत्र (Letter of Intent) प्रस्तुत किए गए।

### शिक्षा को वैश्विक स्तर पर ले जाने का लक्ष्य

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक बच्चे तक स्मार्ट क्लासरूम एवं तकनीक आधारित शिक्षा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए समान विचारधारा वाले साझेदारों के साथ निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### CSR फसिलिटेशन मॉडल की सराहना

राउंड टेबल में Invest UP द्वारा संचालित उरफ फसिलिटेशन मॉडल की सराहना की गई तथा राज्य में ऐसे समर्पित उरफफसिलिटेशन सेल को और सुदृढ़ करने पर बल दिया गया, जो शासन और उरफ संस्थाओं के बीच समन्वय एवं क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान कर सकें। अंत में विभाग ने गुणवत्तापरक, समावेशी, तकनीक-सक्षम एवं परिणामोन्मुख शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कॉर्पोरेट एवं विकास साझेदार संस्थाओं के साथ निरंतर सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराई।

# स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नोएडा प्राधिकरण के ब्रांड एंबेसडर बने 1983 विश्व कप विजेता मदन लाल

समाज जागरण

नोएडा, 22 मई। नोएडा प्राधिकरण ने स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान को नई गति देने के उद्देश्य से वर्ष 1983 की विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य मदन लाल को आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

प्राधिकरण की ओर से जारी जानकारी में कहा गया कि मदन लाल ने यह जिम्मेदारी स्वीकार कर नोएडा को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ शहर बनाने के अभियान को मजबूती प्रदान की है।

नोएडा प्राधिकरण के अनुसार, मदन लाल का अनुशासन, समर्पण और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता का भाव स्वच्छता सर्वेक्षण के उद्देश्यों के अनुरूप है। उनके जुड़ने से नागरिकों को स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरणा मिलेगी।

प्राधिकरण ने कहा कि शहर को स्वच्छ और बेहतर बनाने के लिए जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है और इस अभियान में नागरिकों का सहयोग आवश्यक है।

# हीट वेव/लू से बचाव हेतु जनसामान्य के लिए एडवाइजरी जारी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 21 मई 2026। जनपद में बढ़ते तापमान और हीट वेव/उष्ण लहर की संभावना को देखते हुए जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी ने आमजन के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। मौसम विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा प्रदेश के कुछ जनपदों में हीट वेव की चेतावनी जारी की गई है, जिसमें गौतमबुद्धनगर को येलो जोन में रखा गया है।

उन्होंने बताया कि संभावित लू के प्रभाव से बचाव हेतु सभी नागरिकों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियों का पालन करने की अपील की गई है।

### लू से बचाव के लिए आवश्यक निर्देश

तेज धूप में बाहर निकलने से बचें, विशेषकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक।

सिर और शरीर को टोपी, गमछा या छाते से ढककर रखें।

पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ का सेवन करें, जैसे ओआरएस, शिकंजी, आम पना आदि।

हल्के, सूती और ढीले कपड़े पहनें।

संतुलित आहार लें तथा तले-भुने और भारी भोजन से परहेज करें।

संभव हो तो ठंडी या छायादार जगहों पर रहें तथा पंखा, कूलर या एसी का उपयोग करें।

खेतों में कार्य सुबह या शाम के समय करें, दोपहर में कार्य करने से बचें।

लू के लक्षण जैसे सिर दर्द, उल्टी, कमजोरी, चक्कर आदि दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

पशुओं को छाया में रखें और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएं। साथ ही पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करने की अपील की गई है।

राहत एवं सहायता व्यवस्था

नगर निकायों द्वारा प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर हीट वेव से बचाव हेतु शेल्टर होम्स स्थापित किए गए हैं, जहां पंखा, कूलर, पेयजल एवं बैठने की सुविधा उपलब्ध है। आवश्यकता पड़ने पर नागरिक इनका उपयोग कर सकते हैं।

किसी भी आपात स्थिति या सहायता के लिए कलेक्ट्रेट मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क किया जा सकता है। सौजन्य से झ्र सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# "समाधान समारोह" विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु समीक्षा बैठक संपन्न

समाज जागरण/संदीप गर्ग



गौतमबुद्धनगर, 21 मई 2026। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशों के अनुपालन में 21 से 23 अगस्त 2026 तक माननीय उच्चतम न्यायालय में आयोजित होने वाले ह्लसमाधान समारोहह्व विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर की सचिव शिवानी रावत द्वारा सम्मन सेल प्रभारी के साथ की गई। बैठक में विशेष लोक अदालत हेतु चिन्हित वादों में पक्षकारों को अधिक से अधिक नोटिस तामीला सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जनसामान्य के बीच इस विशेष लोक अदालत का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। बैठक में सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत एवं प्रभारी सम्मन सेल रोहताश सिंह उपस्थित रहे। सौजन्य से झ्र सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# गौतमबुद्धनगर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की मांग को लेकर डी.डी. आरडब्ल्यूए फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण/संदीप गर्ग



नोएडा, 21 मई 2026। जिला गौतमबुद्धनगर में सार्वजनिक परिवहन (पब्लिक ट्रांसपोर्ट) की समस्या के समाधान को लेकर डी.डी. आरडब्ल्यूए फेडरेशन के अध्यक्ष ठाकुर एन. पी. सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह (स्वतंत्र प्रभार) से लखनऊ में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उन्होंने जिले में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की अनुपलब्धता से हो रही गंभीर समस्याओं का उल्लेख करते हुए इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को तत्काल शुरू कराने की मांग की।

### मंत्री को पूर्व बैठक का भी स्मरण कराया

फेडरेशन अध्यक्ष ने बताया कि 29 दिसंबर 2025 को नोएडा के सेक्टर-35 में हुई बैठक में मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया था कि एक से दो माह के भीतर जिले में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा शुरू कर दी जाएगी, लेकिन लगभग पांच माह बीत जाने के बाद भी यह व्यवस्था लागू नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में आज भी पर्याप्त सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का अभाव है, जिससे लाखों लोगों को दैनिक आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### पुरानी व्यवस्था का भी जिक्र

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पहले डीटीसी बस सेवाएं उपलब्ध थीं, जो अब समाप्त हो चुकी हैं, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। फेडरेशन ने मांग की है कि जिले में शीघ्र इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया जाए, जिससे आम जनता को राहत मिल सके। बताया गया कि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गौतमबुद्धनगर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को शीघ्र शुरू करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए।

**सौजन्य से - सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।**

# एनएचएम कर्मचारियों का दो माह का वेतन न मिलने पर हड़ताल, नो पे-नो वर्क शुरू

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 21 मई 2026। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) नोएडा के कर्मचारियों ने दो माह से वेतन न मिलने के विरोध में बृहस्पतिवार सुबह से हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार से वेतन विसंगति और लंबित मानदेय के भुगतान की मांग को लेकर नाराजगी जताई है।

### वेतन न मिलने से बढ़ी परेशानी

ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. शाहनवाज के अनुसार, एनएचएम के तहत जिले में वरिष्ठ चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, डेटा ऑपरेटर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी कार्यरत हैं। पिछले दो महीनों से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, जिससे परिवारों के भरण-पोषण में कठिनाई उत्पन्न हो गई है।

कर्मचारियों का कहना है कि कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया।

### हड़ताल और कार्य बहिष्कार

कर्मचारियों ने चेतावनी के बाद ह्लनो पे-नो वर्कह्व नीति के तहत कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। महामंत्री आशुदीप ने कहा कि वेतन न मिलने से कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा, फीस, किताबें और अन्य आवश्यक खर्च प्रभावित हो रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। कर्मचारियों ने समान कार्य के लिए समान वेतन, पंडित दीनदयाल कैशलेस चिकित्सा सुविधा, रिक्त पदों पर अंतर्जनपदीय स्थानांतरण, संविदा कर्मचारियों को डीए व ईपीएफ का लाभ तथा कोविड कर्मचारियों के समायोजन की मांग उठाई है। इसके साथ ही संविदा कर्मचारी की मृत्यु पर परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति देने की भी मांग की गई है। कर्मचारियों ने बताया कि इस संबंध में सीएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार को पहले ही ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है।

सौजन्य से झ्र सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# थाना ईकोटेक-3 पुलिस एवं बदमाशों के बीच मुठभेड़, दो घायल आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 21 मई 2026। थाना ईकोटेक-3 क्षेत्रांतर्गत ग्राम वेदपुरा के बाहर एक व्यक्ति को गोली लगने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने पर एक व्यक्ति घायल अवस्था में मिला, जिसे उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान दीपक नागर निवासी वेदपुरा के रूप में हुई है।

घटना के बाद परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा 05 टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। इस दौरान घटना में शामिल चार अभियुक्तों नवीन, अभी उर्फ अभय, आकाश तथा मोगली उर्फ पवन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था।

### मुठभेड़ में दो आरोपी घायल

21 मई 2026 को पुलिस को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि मामले के शेष दो आरोपी डी-पार्क सर्विस रोड के पास छिपे हुए हैं और किसी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर गिरफ्तारी का प्रयास किया।




इस दौरान अभियुक्तों द्वारा पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपी गोली लगने से घायल हो गए।

घायलों की पहचान हर्ष उर्फ राधे पुत्र कल्लू एवं जगत सिंह पुत्र छिद्दा, निवासी ग्राम वेदपुरा, थाना ईकोटेक-3, गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। दोनों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से दो अवैध तमंचे .315 बोर, दो जिंदा कारतूस एवं दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। सौजन्य से - सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# थाना सेक्टर-58 पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, 04 आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 21 मई 2026। थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 15 मोटरसाइकिल/स्कूटी तथा 02 अवैध चाकू बरामद किए हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान पुष्पेन्द्र पुत्र नन्दलाल, राजू पुत्र राजिष्टर, ब्रजेश पुत्र साधु तथा लोकेश पुत्र नत्थु के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी आरोपियों को सेक्टर-60 क्षेत्र में हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया।

### चोरी के वाहनों की सप्लाई चेन का खुलासा

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी नोएडा, दिल्ली-एनसीआर एवं गाजियाबाद क्षेत्र से दिन-रात मौका पाकर मोटरसाइकिल व स्कूटी चोरी करते थे। इसके बाद वाहनों को ऐसे स्थानों पर इकट्ठा किया जाता था जहां आवाजाही कम हो। बाद में चोरी के वाहनों को ग्राहकों से संपर्क कर बेच दिया जाता था।



### आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी संदिग्ध

गिरफ्तार अभियुक्तों में पुष्पेन्द्र (उम्र 24 वर्ष), राजू (उम्र 25 वर्ष), ब्रजेश (उम्र 21 वर्ष) तथा लोकेश (उम्र 21 वर्ष) शामिल हैं। सभी आरोपी मूल रूप से जनपद सम्भल के रहने वाले हैं और वर्तमान में गाजियाबाद एवं नोएडा क्षेत्र में किराए पर रह रहे थे।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट एवं अन्य गंभीर धाराओं में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। बरामद सभी वाहनों के संबंध में पूर्व में चोरी की रिपोर्ट विभिन्न थानों में दर्ज पाई गई है।

पुलिस द्वारा सभी बरामद वाहनों की पहचान एवं सत्यापन की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश एवं विस्तृत जांच जारी है।

# बिशनोली उपकेंद्र पर 10 MVA ट्रांसफॉर्मर स्थापना, 7 घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

गौतमबुद्धनगर, 21 मई 2026। सादर अवगत कराया गया है कि दिनांक 22 मई 2026 को बिशनोली उपकेंद्र पर 5 MVA के स्थान पर 10 MVA ट्रांसफॉर्मर की स्थापना का कार्य प्रस्तावित है।

इस आवश्यक कार्य के चलते सुबह 6:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक 33 केवी विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा बताया गया कि कार्य के दौरान उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। सौजन्य से- संबंधित विद्युत विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# सेक्टर-47 उपकेंद्र में यार्ड मेंटेनेंस कार्य, दो फीडरों की बिजली आपूर्ति 1 घंटे बाधित रहेगी

गौतमबुद्धनगर, 21 मई 2026। सूचित किया जाता है कि सेक्टर-47 उपकेंद्र में यार्ड मेंटेनेंस एवं रेड-हॉट (Red Hot) की समस्या को दूर करने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है।

यह कार्य दिनांक 22 मई 2026 को सुबह 9:00 बजे से 10:00 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान लगभग एक घंटे के लिए परिवर्तक संख्या-1 से जुड़े फीडर संख्या-1 एवं 4 की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है तथा असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया गया है।

**सौजन्य से - संबंधित विद्युत विभाग, गौतमबुद्धनगर।**

# सेक्टर-108 (ओल्ड) उपकेंद्र में CT बदलने का कार्य, 4 फीडरों की बिजली आपूर्ति 1 घंटे बाधित रहेगी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 21 मई 2026। सूचित किया जाता है कि सेक्टर-108 (ओल्ड) उपकेंद्र के इन्कमिंग संख्या-2 पर सीटी (Current Transformer) बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान 400/200/5 सीटी को बदलकर 600/300/5 किया जाएगा। यह कार्य दिनांक 22 मई 2026 को सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान लगभग एक घंटे के लिए इन्कमिंग संख्या-2 से जुड़े फीडर संख्या-1, 2, 3 एवं 4 की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। सौजन्य से - संबंधित विद्युत विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# थाना जारचा पुलिस द्वारा मारपीट के मामले में 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 21 मई 2026। थाना जारचा पुलिस ने एक मारपीट एवं धमकी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

वादी द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, अभियुक्तों ने वादी एवं उसके भाई के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, गाली-गलौच की तथा जान से मारने की धमकी दी थी। इस संबंध में थाना जारचा पर मुकदमा संख्या 77/2026 धारा 115(2), 352, 351(2), 117(2), 109(1) एवं 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस ने वांछित अभियुक्त वेदराम उर्फ वेदू पुत्र खिम्मन, अमित पुत्र बेगराज तथा रिषभ पुत्र धनपाल को नैनसुख तिराहा क्षेत्र, थाना दादरी के पास स्थित गन्ने के कोल्हू के पास से गिरफ्तार किया।




गिरफ्तार अभियुक्तों में वेदराम उर्फ वेदू (उम्र 62 वर्ष), अमित (उम्र 25 वर्ष) तथा रिषभ (उम्र 20 वर्ष) शामिल हैं, जो सभी ग्राम नंगला चमरू, थाना जारचा, गौतमबुद्धनगर के निवासी बताए गए हैं।

पुलिस द्वारा तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। सौजन्य से - सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# नोएडा की बहुमंजिला आवासीय सोसाइटी में बिजली संकट, 22वीं मंजिल पर लिफ्ट में फंसा व्यक्ति

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 22 मई। चित्रा त्रिपाठी ने नोएडा के सेक्टर-74 स्थित एक बहुमंजिला आवासीय सोसाइटी में बिजली आपूर्ति एवं वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था को लेकर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। उन्होंने सामाजिक माध्यम पर संदेश साझा करते हुए बताया कि सोसाइटी में अचानक बिजली चली गई, जिसके बाद वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था भी बंद हो गई।

उन्होंने बताया कि पूरी इमारत के विभिन्न तल अंधकार में डूब गए। इसी दौरान एक व्यक्ति 22वीं मंजिल पर लिफ्ट में फंस गया। बाद में उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, किंतु इस घटना ने सोसाइटी की सुरक्षा एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं की पोल खोल दी।

चित्रा त्रिपाठी ने अपने संदेश में कहा कि निवासियों से प्रत्येक माह अनुरक्षण शुल्क के नाम पर भारी राशि ली जाती है, इसके बावजूद भीषण गर्मी के बीच बिजली एवं वैकल्पिक व्यवस्था पूरी तरह विफल दिखाई दी। उन्होंने संबंधित तस्वीरें साझा करते हुए नोएडा प्राधिकरण से ऐसी सोसाइटियों में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की मांग की।

# खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा कौशल प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

गौतमबुद्धनगर, 21 मई 2026। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ज्योति रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद गौतमबुद्धनगर को 50 सामान्य एवं 75 एससीएसपी श्रेणी के अभ्यर्थियों को कौशल सुधार एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

यह प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्रों में समूह आधारित रूप से आयोजित किया जाएगा तथा लाभार्थियों को उनके संबंधित ग्रामों में ही व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### पात्रता एवं आवश्यक शर्तें

प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष निर्धारित की गई है। साथ ही आवेदक का साक्षर होना अनिवार्य है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि ग्राम प्रधान अपने-अपने ग्राम के इच्छुक अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन कराकर उनकी सूची 30 मई 2026 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, विकास भवन, कक्ष संख्या 206-207, सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर में जमा करा सकते हैं।

# सेक्टर-58 बिजलीघर पर केबल कार्य के चलते एक घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 21 मई 2026। सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22 मई 2026 को बिजलीघर सेक्टर-58 पर 11 केवी केबल संबंधी आवश्यक कार्य किया जाएगा। इस कार्य के कारण सुबह 8:00 बजे से 9:00 बजे तक सेक्टर-57 एवं ग्राम बिशनपुरा की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। सौजन्य से - संबंधित विद्युत विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# थाना फेस-2 पुलिस द्वारा श्रमिक आंदोलन से जुड़े वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी, मोबाइल बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 21 मई 2026। थाना फेस-2 पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर श्रमिक आंदोलन से संबंधित मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। दिनांक 20 मई 2026 को पुलिस द्वारा मदरसन कंपनी के पीछे हनुमान मंदिर के पास से अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र ब्रह्मपाल को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त अनिल कुमार, निवासी ग्राम मुक्तेशरा थाना बाबूगढ़ छावनी, जनपद हापुड़ (हाल पताः गली नं-5, किराये का मकान, नया गांव थाना फेस-2, नोएडा), उम्र 32 वर्ष, शिक्षा कक्षा 5 बताया गया है।

पुलिस के अनुसार, अभियुक्त सोशल मीडिया पर एक कथित प्रोपेगेंडा पोस्ट/वीडियो प्रसारित कर रहा था, जिसमें विभिन्न प्रकार के आरोप एवं भ्रामक जानकारी साझा की जा रही थी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि संबंधित आरोपों की जांच की जा रही है तथा तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस ने यह भी बताया कि अभियुक्त का संबंध वर्तमान में किसी कंपनी से नहीं है, जबकि पूर्व में वह लगभग दो वर्ष पहले एक निजी कंपनी में कार्यरत रहा था। अभियुक्त के कब्जे से एक रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध पहले भी विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज हैं, जिनमें थाना फेस-2 एवं जनपद हापुड़ से संबंधित प्रकरण शामिल हैं।

# जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति द्वारा किया जा रहा है योग शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**

चंदौसी। जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति चंदौसी ने एक माह के लिए योगाचार्य सुशील आर्य पतंजलि द्वारा योग शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर जायंट्स प्रार्थना के साथ किया। ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने बताया योग मूलतः एक अध्यात्मिक साधना है जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करने पर केंद्रित एक अत्यंत सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित है।, डी ओ ए मीना वार्ष्णेय ने बताया योग स्वास्थ्य और सुखमय जीवन जीने का विज्ञान और कला दोनों हैं।



यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल ने बताया योग एक अत्यंत सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित आध्यात्मिक साधना है जिसका उद्देश्य मन और शरीर में सामंजस्य से स्थापित करना है नियमित योग से हम अनेक रोगों से दूर रह सकते हैं।,
चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी जी ने बताया योगासनों का अभ्यास करने से शरीर में शक्ति और लचीलापन बढ़ता है साथ ही तंत्रिकाओं को आराम मिलता है और मन शांत होता है।,
योगाचार्य श्री सुशील आर्य जी ने बताया योग भारत की और से विश्व को दिया गया एक अनमोल उपहार है आज इसका अभ्यास विश्व भर में किया जा रहा है और इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है आसान मांसपेशियों जोड़ो और त्वचा को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ लचीला और मजबूत बनाते हैं आज उन्होंने सभी सदस्यों को सर्वप्रथम सूर्य नमस्कार करवाया, ब्रज आसन , दंडासन, अष्टांग आसान का 10 बार अभ्यास कराया फिर कुंभक अभ्यास कराया घुटनों और सर्वाइकल दर्द की एक्सरसाइज काराई , अनुलोम विलोम और कपालभाति का अभ्यास कराया तथा इनसे होने वाले फायदे और पौष्टिक आहार के बारे में बताया। योग शिविर में आसपास के लोगों को महिला और जेंट्स लोगों को भी शामिल किया गया। इस अवसर पर चीफ प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर अनु रस्तोगी ,यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल,ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, डी ओ ए मीना वार्ष्णेय, डीओ एफ रेखा रस्तोगी, उपाध्यक्ष मंजू अग्रवाल, मीरा गोयल, रीता अग्रवाल, प्रतिभाअग्रवाल, आदि उपस्थित रही।

# सड़क हादसे में घायल महिला ने उपचार के दौरान दमतोड़ा

## जिला अस्पताल के ऑर्थो वार्ड में हुई मौत, परिजन में मची चीख- पुकार, पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ क्षेत्र के रैपुरा रोड पर 27 दिन पूर्व एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ था। जिसमें बाइक सवार दंपती में सीमेंट से भरे ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी थी। इस दौरान बृहस्पतिवार तड़के महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे परिजन में कोहराम मच गया। वहीं, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।



गांव भीकनपुर मेघपुर थाना रामगढ़ निवासी रवि कुमार अपनी पत्नी राजकुमारी (30) के साथ 24 अप्रैल को बाजार से घर लौटकर आ रहा था। वह रैपुरा रोड पर मुन्नालाल की टाल के पास पहुंचा ही था, तभी सीमेंट से भरे ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर लग गई। इससे राजकुमारी बाइक से छिटककर सड़क पर गिर गई। हादसा होते ही लोगों की भीड़ लग गई थी। जानकारी होते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गए थे। घायल राजकुमारी को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार कर आगरा रेफर कर दिया। जहां परिजन एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां करीब 12 दिन चिकित्सकों ने उपचार किया। इसके बाद परिजन उसे एसएन अस्पताल आगरा ले गए। जहां से पांच मई को जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कर दिया गया। लेकिन बृहस्पतिवार की सुबह करीब पांच बजे राजकुमारी ने दमतोड़ दिया था। पति रवि कुमार पिता ओमप्रकाश के साथ खेतीबाड़ी में सहयोग करता है। देवर राहुल कुमार ने बताया कि भाई रवि कुमार ने एक माह की बेटी अनाया को साला योगेश से गोद लिया था। हादसा के बाद साला बेटी को साथ अपने घर गांव मीठेपुर महामई जिला इटावा ले गया है। थाना प्रभारी संजीव कुमार दुबे ने बताया कि महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# विश्व महावारी स्वच्छता दिवस सप्ताह के अंतर्गत युवक युवतियों को हेल्थ किट वितरित।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। विश्व महावारी स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत प्रमुख स्वयंसेवी संस्था चाइल्ड फंड इंडिया पेस-दिशा के द्वारा 500से अधिक युवक - युवतियों को हेल्थ किट वितरित कर हेल्थ और हाइजीन के प्रति जागरूक किया। इस




अवसर पर सरोजनी नायडू विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवानदास शंखवार ने कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है,माहवारी स्वच्छता विषय पर बोलने में लोग संकोच का भाव रखते है,जबकि स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए इस विषय पर सभी बालिकाओं को जागरूक होना जरूरी है। संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर कासिम अली ने कहा कि हमारी संस्था बालक बालिकाओं के स्वास्थ्य,शिक्षा,रोजगार परक प्रशिक्षण और बाल संरक्षण पर कार्य कर रही है। इस अवसर पर जन शिक्षण संस्थान के एस के शर्मा,पार्षद मनोज शंखवार,के सी श्रीवास्तव,श्रीमती अनुपम शर्मा प्रभा आर्य,हनुमंत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 24 मई को देशभर में मनाया जाएगा फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का 75वां संस्करण

देश में फिटनेस और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले ह्यफिट इंडिया संडे ऑन साइकिलह्व का विशेष 75वां संस्करण 24 मई को देशभर के 8,000 से अधिक स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रमंडल खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित यह विशेष संस्करण वर्ष 2030 में अहमदाबाद में प्रस्तावित राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी संस्करण को समर्पित रहेगा।
इस अवसर पर केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट से कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। उनके साथ गुजरात के उपमुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे।

# स्कूली बच्चों के लिए किया गया समर कैंप का आयोजन

**समाज जागरण**

चंदौसी। विद्यालय की संगीता भार्गव जी ने बताया कि विद्यालय में प्रत्येक वर्ष समर कैंप का आयोजन किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों की छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारना एवं उनका सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है, जिसके कारण बच्चों का शैक्षणिक विकास तो हो जाता है, लेकिन उनके अंदर छिपी रचनात्मकता और विशेष प्रतिभाओं को मंच नहीं मिल पाता। ऐसे में समर कैंप बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक कौशल को विकसित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनता है। एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल में समर कैंप का आरंभ बहुत ही उल्लास के साथ हुआ । समर कैंप का उद्घाटन यूपी स्टेट चैंपियन रह चुके चरण दास भार्गव द्वारा फीता काटकर किया गया । श्री चरणदास भार्गव जी दो बार लॉन टेनिस में चैंपियनशिप जीत चुके है और तीन बार आगरा के ऑलराउंडर



रहे है । इसके अलावा इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को नई चीजें सीखने, आत्मविश्वास बढ़ाने एवं अपनी प्रतिभा को पहचानने के लिए प्रेरित किया । कैंप के दौरान इंग्लिश हैंडराइटिंग एवं कैलिग्राफी में सुंदर राइटिंग सिखाई गई, वहीं आर्ट एंड क्राफ्ट में बच्चों को आकर्षक बर्ड बनाना सिखाया गया। ताइक्वांडो में बच्चों को आत्मरक्षा के विशेष कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। पर्सनलिटी डेवलपमेंट में बच्चों ने रैंप वॉक कर आत्मविश्वास का परिचय दिया तथा डांस गतिविधि में बच्चों ने तारे गिन गिन पंजाबी सॉन्ग जैसे गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इसके अतिरिक्त बच्चों को हॉलीवुड डांस की भी प्रशिक्षण दिया गया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में पेन होल्डर यानी पेन पेंसिल रखने वाला स्टैंड बनवाया। मेंटल मैथ्स में जम्बल्ड टेबल कराया। इसके अलावा बच्चो को इनडोर गेम में चेस सिखाया।
समर कैंप के सफल आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाओं शालू, निशा, प्रिया, रुपाली, सोनल, नीरज, काजल, सरिता, रक्षा, अर्शी, संतोष शिल्पा मनप्रीत शिल्की अंकिता मीनू गौरव अंकुश हर्ष कुमुद वंशिका हुमा दीपा एवं दीक्षा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# आरपी स्कूल मे छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर तेलीपाड़ा दिनांक 21 . 05.2026 को आरपी स्कूल न्यू कोटद्वार कॉलोनी तेलीपाड़ा में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया जिसमें विद्यालय की छात्र-छात्राओं में से कार्तिक असवाल को विद्यालय का हेड बॉय एवं आकृति थपलियाल को विद्यालय की हेड गर्ल चयनित गया साथ ही विद्यालय में गठित विभिन्न कमेटियों एवं विद्यालय की सभी 6 हाउसेस के कप्तानों का शपथ ग्रहण समारोह के साथ सभी का बैच अलंकरण किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारतीय जनता पार्टी पौड़ी



के जिला अध्यक्ष श्री राज गौरव नौटियाल जी द्वारा बच्चों को भविष्य हेतु निम्न जिम्मेदारी को सही से निभा कर भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई साथ ही आजकल बच्चों में बढ़ते हुए नशे की प्रवृत्ति के लिए सभी बच्चों को अपने आसपास सजग रहने के लिए निर्देश दिए गए इस इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कुंवर अजीत सिंह द्वारा सभी उपस्थित अभिभावकों का स्वागत एवं शुभकामनाओं के साथ बच्चों बच्चों के साथ अच्छे परस्पर समन्वय हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया भविष्य की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित उपस्थित रहे

# जब नीति और निष्ठा ने बदला "सुरेल नगला कांछी" की बेटी का भाग्य।

## जहां चाह है, वहां राह है, जहां प्रशासन का साथ है, वहां सफलता निश्चित है।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जसराना ब्लॉक की छोटे से गांव 'सुरेल नगला कांछी' की रहने वाली कु0 ज्योति शाक्य के पिता देवेन्द्र सिंह एक साधारण पृष्ठ भूमि से आते है। ग्रामीण परिवेश में रहने वाली ज्योति की आंखों में वर्दी पहनने और देश की सेवा करने का एक बड़ा सपना था। लेकिन इस सपने और हकीकत के बीच बुनियादी संशाधनों, प्रतियोगी किताबों और पढ़ाई के लिए एकांत माहौल की भारी कमी थी, इस कारण अक्सर ग्रामीण क्षेत्र के युवा कोचिंग और पुस्तकालय के लिए बडे.शहरों का रूख करते है। लेकिन आर्थिक बोझ उठाना हर परिवार के बस की बात नही होती।
उ0प्र0 शासन और प्रशासन के ह्युवा सशक्तिकरणह्व और ग्रामीण विकास के विजन के तहत ग्राम पंचायत सुरेल नगला कांछी में एक आधुनिक पुस्तकालय की स्थापना की गयी, इस पुस्तकालय का उददेश्य सीधा और साफ था। कि गांव के आखरी छोर पर बैठे युवा को भी वही संशाधन मिलें, जो किसी बडे. शहर के छात्र को मिलते है।
इस डिजिटल और सर्व सुविधा युक्त




पुस्तकालय ने ज्योति के संघर्ष को नया मोड़ दिया, अब ज्योति को प्रतियोगी परिक्षाओं के लिए आवश्यक सभी मानक पुस्तकें यहां निःशुल्क उपलब्ध थी, यहां पर आए अन्य युवाओं के साथ बैठकर पढ़ने से एक स्वस्थ्य प्रतियोगी माहौल तैयार हुआ, साथ ही साथ ज्योति का शहर आने-जाने का समय और खर्च दोनो बच गया, जिससे ज्योति पूरा ध्यान पढाई पर केन्द्रित कर सकी।
प्रशासन द्वारा दिए गए इस बेहतरीन मंच का ज्योति ने पूरा लाभ उठाया, घण्टों पुस्तकालय में बैठकर कठोर परिश्रम, सही दिशा में की गयी पढाई और दृढ़ संकल्प के दम पर ज्योति ने उ0प्र0 पुलिस की परीक्षा को सफलतापूर्वक पास कर दिखाया।
आज ज्योति न केवल खाकी वर्दी पहनकर अपने परिवार का नाम रोशन कर रही है, बल्कि वह पूरे क्षेत्र की बेटियों के लिए एक रोल मॉडल बन चुकी है, ज्योति की यह सफलता उसकी व्यक्तिगत जीत नही है, बल्कि यह मुख्यमंत्री जी का मार्गदर्शन और जिलाधिकारी की दूरदर्शिता का एक जीवंत प्रमाण है। साथ ही इस बात का यह सबसे बड़ा सबूत है कि यदि शासन की नीतियां सही हो और प्रशासक का रवैया युवाओं के प्रति समर्पित हो, तो गांव की मिट्टी से ही देश के सबसे बेहतरीन सिपाही, अफसर, और कर्णधार तैयार किए जा सकते है, यह पुस्तकालय आज सिर्फ एक इमारत नही, बल्कि ग्रामीण युवाओं के सपनों के सच होने का आधुनिक मन्दिर बन चुका है।

# अधिकारियों के साथ पार्षद के घर पहुंची महापौर जाना उषा रानी शंखवार का हाल पार्षद के खिलाफ वार्ड में ही उठे सवाल

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। वार्ड नं 6 की महिला पार्षद ऊषा शंखवार के आवास आजाद नगर में मेयर कामिनी राठौर, पाषर्दगढ़ और अधिकारियों के साथ पहुंच कर पार्षद उषा रानी शंखवार का हाल जाना और कुशलक्षेम, पूछी कहा पार्षद की संतुष्टि ही हमारा पहला काम।
भाजपा पार्षद ऊषा शंखवार ड्रिप के साथ चारपाई पर, मिली मीडिया ने जब उनसे बात करने का प्रयास किया तो दिया तबियत खराब होने का हवाला दिया
महापौर कामिनी राठौर संग जिम्मेदार अधिकारियों ने किया पूरे वार्ड नं 6 का दौराकर, जनसमस्याओं को सुना और उसके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश।
दौरे के दौरान वार्ड में नहीं मिली कोई खास समस्या, नहीं मिली वार्ड की जनता ने उल्टा स्थानीय पार्षद के खिलाफ खोला मोर्चा खोल दिया श्रमिक नेता राधा शंखवार ने कहा पार्षद उषा शंखवार कोर नाटक कर



रही है कल उन्होंने मेयर का पुतला फूंका और उन्होंने मेरा पाइप काटा तब सही थी अब अब दिखावे के लिए नाटक कर रही है एक महिला पार्षद द्वारा मुंडन कराने का कृत्य करना अशोभनीय है यदि वर्ड की कोई समस्या थी और अधिकारी नहीं सुन रहे थे तब मेयर से बात कर समस्या का समाधान निकल सकता था यदि इसके बाद समस्या का निदान नहीं होता तो नगर विधायक से कहकर अपनी समस्या का समाधान कर लिया होता ना कि मुंडन कराकर समाज को नीचा दिखाने का काम करना वहीं स्थानीय पूर्व पार्षद विद्याराम शंखवार ने आरोप लगाते हुए कहा कि 32 कर्मचारी वार्ड में तैनात फिर भी नहीं होती ढंग से सफाई, क्योंकि कुछ कर्मचारी केवल कागज पर काम करते है , जिसका मेहनताना पार्षद पर जाने का आरोप लगाया, उन्होंने बताया वार्ड में कहीं कोई कच्ची गालियां नहीं है जो थी उनका कार्य जारी है।

# एबीसी किड्ज मॉन्टेसरी स्कूल में उल्लास के साथ शुरू हुआ समर कैंप

## बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता की झलक

विद्यालय की संचालिका श्रीमती संगीता भार्गव ने बताया कि विद्यालय में प्रत्येक वर्ष समर कैंप का आयोजन किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों की छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारना एवं उनका सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है, जिसके कारण बच्चों का शैक्षणिक विकास तो हो जाता है, लेकिन उनके अंदर छिपी रचनात्मकता और विशेष प्रतिभाओं को उचित मंच नहीं मिल पाता। ऐसे में समर कैंप बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक कौशल को विकसित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनता है।



इसी क्रम में आज एबीसी किड्ज मॉन्टेसरी स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ बड़े ही उल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। समर कैंप का उद्घाटन यूपी स्टेट चैंपियन रह चुके श्री चरण दास भार्गव ने फीता काटकर किया। श्री भार्गव दो बार लॉन टेनिस चैंपियनशिप जीत चुके हैं तथा तीन बार आगरा के ऑलराउंडर भी रह चुके हैं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को नई चीजें सीखने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा अपनी प्रतिभा को पहचानने के लिए प्रेरित किया।
कैंप के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं शिक्षाप्रद गतिविधियों का आयोजन किया गया। इंग्लिश हैंडराइटिंग एवं कैलिग्राफी सत्र में बच्चों को सुंदर लेखन की कला सिखाई गई, वहीं आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधि में आकर्षक बर्ड बनाना सिखाया गया। ताइक्वांडो प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को आत्मरक्षा के विशेष गुर सिखाए गए।
पर्सनैलिटी डेवलपमेंट गतिविधि में बच्चों ने रैंप वॉक कर आत्मविश्वास का परिचय दिया। डांस सत्र में बच्चों ने तारे गिन गिन जैसे पंजाबी गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त बच्चों को हॉलीवुड डांस का भी प्रशिक्षण दिया गया।
ह्यबेस्ट आउट ऑफ वेस्टह्व गतिविधि के अंतर्गत बच्चों ने पेन होल्डर तैयार किए, जबकि मेंटल मैथ्स में जंबल्ड टेबल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इनडोर गेम्स के अंतर्गत बच्चों को शतरंज खेलने की भी जानकारी दी गई।
समर कैंप के सफल आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाओं शालू, निशा, प्रिया, रुपाली, सोनल, नीरज, काजल, सरिता, रक्षा, अर्शी, संतोष, शिल्पा, मनप्रीत, शिल्की, अंकिता, मीनू, गौरव, अंकुश, हर्ष, कुमुद, वंशिका, हुमा, दीपा एवं दीक्षा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# ईद उल जुहा के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को थाना परिसर में अमन कमेटी की मीटिंग

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। गुरुवार को दोपहर बाद मंडावर थाना प्रांगण में नवनियुक्त थानाध्यक्ष संजय कुमार तोमर के नेतृत्व में ईद उल जुहा के त्योहार को लेकर शांति समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के सम्मानित नागरिक तथा पत्रकारगण उपस्थित रहे।थानाध्यक्ष संजय कुमार तोमर ने कहा कि ईद उल जुहा का त्योहार भाईचारे और शांति के माहौल में मनाया जाए। उन्होंने सभी से अपील की कि कुबार्नी खुले में न की जाए, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर



ध्यान न दिया जाए। तथा यदि कोई व्यक्ति उपद्रव या अशांति फैलाने की कोशिश करे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। और कोई भी नई परंपरा शुरू न करें ।थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।बैठक में उपस्थित लोगों ने शांति बनाए रखने का भरोसा जताया।

# व्यापार मंडल ने नगर की समस्याओं को लेकर 18 सूत्रीय ज्ञापन महापौर को सोपा।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। महिला व्यापार मंडल अंतर्गत उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा महिला महानगर अध्यक्ष नीतू शर्मा के नेतृत्व में तथा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर सुनील अग्रवाल के दिशा निर्देशन में जिला अध्यक्ष पंडित रविंद्र लाल तिवारी के सानिध्य में भिन्न भिन्न क्षेत्र की महिलाओं एवं आम जनमानस की समस्याओं के निवारण हेतु एक 18 सूत्रीय ज्ञापन नगर निगम में नगर आयुक्त की अनुपस्थिति में अपर आयुक्त अजय कुमार गुप्ता एवं महापौर कामिनी राठौर को संयुक्त रूप से दिया गया रामनगर छार बाग तिराहा गली नंबर 2 हॉस्पिटल के पीछे पानी की बहुत समस्या है सुबह 10 से 15 मिनट पानी आता है जिससे वहां की जनता बहुत परेशान है निवेदन है इस भीषण गर्मी में सुबह शाम कम से कम 30 -30 मिनट पानी चलना चाहिए । वहां सारी नालियां खुली हुई है जिससे हर समय वहां गंदगी बनी रहती है। नाली साफ सफाई करने वाले कर्मचारी भी रोज नहीं आते निवेदन है वहां पर साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए ।गली में एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है जिससे पूरी गली में अंधेरा रहता है निवेदन है उसे गली में कम से कम दो स्ट्रीट टाइट लगवाई जाए।
गली में आवारा पशु जैसे गाय सांड घूमते रहते हैं बंद गली होने की वजह से वहां बच्चे भी खेलते हैं कभी भी बड़ी घटना घटित हो सकती है ।
गली में पानी की समस्या को देखते हुए वहां एक सरकारी समरसेबल होना अत्यंत आवश्यक है निवेदन है उस गली में एक समरसेबल की व्यवस्था कर दी जाए ।
सुहाग नगर माता वाली गली में श्रीमती रजनी भारद्वाज जी के घर के पास चंद्रशेखर आजाद पार्क की स्थिति बहुत दयनीय है। पार्क में बैठने



के लिए कुर्सियों की व्यवस्था होना अति आवश्यक है ।
8. पार्क में आवारा पशु आ जाते हैं जिससे वहां लगे पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचाते हैं और गंदगी कर देते हैं निवेदन में पार्क में मजबूत गेट लगाया जाए ।
9. पार्क में ओपन जिम की मशीन भी लगनी चाहिए जिससे वहां महिलाएं टहलने आती है वह अपना व्यायाम भी कर सकेंगी. पार्क में पानी की भी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे पार्क में पेड़ पौधों की सिंचाई होती रहे एवं पार्क में हरियाली बनी रहे ।
. पार्क में शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की मूर्ति भी लगनी चाहिए वार्ड नंबर 38 में इंदिरा नगर रहना में पोल संख्या ह 38-ढ 291 पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की कृपा करें
हेली कंपाउंड लेबर कॉलोनी फाटक के पास गली नंबर एक एवं दो में लगे हुए सरकारी समरसेबल पिछले 15 दिनों से खराब पड़े हैं तुरंत सही कराए जाएं ।
नगला बरी चौराहे से 60 फुटा रोड के गड्ढे भरवाये जाए एवं सभी बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें ठीक कराई जाए ।. लेबर कॉलोनी ओवर ब्रिज पर लगी लाइट बंद पड़ी है ठीक कराई जाए ।. लेबर कॉलोनी में पानी की सप्लाई कम समय के लिए होती है सप्लाई का समय बढ़ाया जाए । सभी प्रमुख चौराहे जैसे सुभाष तिराहे ,गांधी पार्क चौराहा ,सेंट्रल चौराहा, घंटाघर चौराहा रामलीला चौराहा क्लब चौराहा, नगला बरी चौराहा , आसफा बाद चौराहा, हाजीपुरा चौराहा पर हरे कपड़े से चौराहों को ढका जाए जिससे गर्मी के प्रकोप से व्यापारी तथा आम जन मानस को राहत मिले ।. सभी प्रमुख बाजारों जैसे सुभाष तिराहा, क्लब चौराहा ,चंद्रशेखर आजाद मार्केट, कोटला चुंगी, रामलीला चौराहा , आदि पर भीषण गर्मी को देखते हुए पानी के मटके भरवा कर रखवाए अथवा कूल प्वाइंट स्थापित कराए जाएं।
सभी समस्याओं का आदरणीय मेयर साहिबा एवं अपर आयुक्त जी ने मौके पर ही अधिकारियों को आदेशित किया और सभी समस्याओं को हल करने के लिए निर्देश दिए । ज्ञापन देते समय फिरोजाबाद व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंडित रविंद्र लाल तिवारी जी, महानगर अध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल जी ,जिला महामंत्री कौशल किशोर उपाध्याय जी, जिला महामंत्री अलकार चौधरी जी, महानगर वरिष्ठ महामंत्री रामबाबू झा,महानगर महा मंत्री दिनेश यादव जी, महानगर संयोजक अर्जेश उपाध्याय जी, युवा जिला प्रभारी भानु उपाध्याय जी नवीन उपाध्याय जी ,राकेश बाबू शर्मा जी, महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा नीतू शर्मा जी, रीना शर्मा ओमलता सिंह ,सरोज अग्रवाल, पूर्णिमा, बबीता गुप्ता, ममता गुप्ता , अंजना व्यास, सुनीता,रजनी भारद्वाज सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 के लिए बनाए तीन नए परीक्षा केंद्र

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2026 में परीक्षा केंद्रों पर बढ़ती भीड़ को कम करने के उद्देश्य से भुवनेश्वर, कानपुर और मेरठ में तीन नए परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं। इन नए केंद्रों के जुड़ने के बाद प्रारंभिक परीक्षा केंद्रों की कुल संख्या 80 से बढ़कर 83 हो गई है। यूपीएससी के अनुसार लगभग 23 हजार अभ्यर्थियों ने इन नए केंद्रों का चयन किया है, जिससे आसपास के पुराने केंद्रों पर दबाव कम हुआ है और परीक्षार्थियों को अधिक सुविधा मिली है। इस पहल पर विचार व्यक्त करते हुए ने कहा कि आयोग का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को अधिक सुगम, सुलभ और प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि नए केंद्रों की स्थापना का मकसद भीड़भाड़ कम करना और उम्मीदवारों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है।

# गर्मी और लू के थपेड़ों ने किया बेहाल, पारा 44 डिग्री के पार

## तेज गर्म हवाओं से दिन में थमा जनजीवन; बिजली कटौती ने बढ़ाई मुश्किलें, मौसम विभाग ने दी और गर्मी बढ़ने की चेतावनी



**समाज जागरण**

बड़ौत। गर्मी और लू के थपेड़ों ने लोगों को रुलाकर रख दिया है। आसमान से आग बरस रही है और सड़कें तप रही हैं। गुरुवार को तापमान 44 डिग्री के आसपास पहुंच गया। 32 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही गर्म हवाओं ने लोगों को तिलमिला दिया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में हालात और भयानक होने की आशंका जताई है। गर्म हवाओं के कारण लोगों का बुरा हाल है। स्कूल-कॉलेज जाती छात्राएं छाते और सूती कपड़े से चेहरा ढककर निकल रही हैं। छात्राओं ने बताया कि पंखे, कूलर, एसी भी गर्म हवा फेंक रहे हैं। घर पहुंचने पर बिजली कटौती भी परेशान कर रही है। दिन में 2-3 घंटे बिजली कट रही है, इनवर्टर बैटरी भी फेल हो रहे हैं। गर्मी के कारण लोग सुबह 10 बजे के बाद घरों में कैद हो जाते हैं और शाम 5 बजे के बाद ही मजबूरन बाहर निकलते हैं। सड़कें दिन में सुनसान पड़ी रहती हैं। शहर के दुकानदार दोपहर 2 बजे शटर बंद कर घर चले जाते हैं और शाम 5 बजे के बाद ही दुकान खोल रहे है। बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों का कहना है कि गर्मी इतनी अधिक है कि जरूरी काम न हो तो घर से निकलना मुश्किल है। गर्मी के कारण लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। रिश्तेदारी में आना-जाना भी बंद हो गया है। यमुना किनारे सब्जी और तरबूज-खरबूज की खेती कर रहे किसानों ने बताया कि लोकी, टमाटर, करेला, हरी मिर्च, तोरिया की फसल में काम करना मुश्किल हो गया है। कच्ची झोपड़ी डालकर खेतों में रह रहे हैं। तेज गर्मी से राहत के लिए दिन में कई बार यमुना में स्नान करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार जिले का तापमान अभी और बढ़ेगा। अगर मई में यह हाल है तो जून में स्थिति और खराब होने की आशंका है।

# जमीयत उलेमा जिला बागपत का 24वां रक्तदान शिविर, 12 लोगों ने किया रक्तदान

**कोताना के मदरसा जामिया रशीद में लगा शिविर, पवन कुमार ने 20वीं और कारी मुस्तफा ने 10वीं बार किया रक्तदान**




**समाज जागरण**

बागपत। जमीयत उलेमा जिला बागपत की ओर से 24वां विशाल रक्तदान शिविर कस्बा कोताना स्थित मदरसा जामिया रशीद में आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं और क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 22 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 12 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का उदाहरण पेश किया। वहीं 10 लोगों को स्वास्थ्य कमजोरी या अन्य चिकित्सकीय कारणों से वापस कर दिया गया। शिविर की निगरानी जमीयत सर्व समाज रक्तदान के हेड इंचार्ज मुफ्ती शाह आलम साहब, नायब सदर जिला बागपत ने की। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक महान मानवीय सेवा नहीं, बल्कि कई लोगों की जान बचाने का माध्यम भी है। स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर मदद मिल सके। जमीयत रक्तदान इंचार्ज मुफ्ती एहसान कासमी साहब ने कहा कि यह मिशन आपसी भाईचारा, सहानुभूति और मानवता की भावना को बढ़ावा देता है। ऐसे शिविर समाज में सेवा और भलाई की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं से इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। मौलाना आरिफुल हक साहब, सदर दीनी तालीमी बोर्ड जिला बागपत ने कहा कि जमीयत उलेमा की यह मुहिम धर्म और समुदाय से ऊपर उठकर पूरी मानवता की सेवा कर रही है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान जैसे सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। शिविर में कारी मोहम्मद मुस्तफा साहब ने दसवीं बार और पवन कुमार प्रधान, जोहरीपुर दिल्ली ने बीसवीं बार रक्तदान कर मिसाल पेश की। इसके अलावा कई गैर मुस्लिम भाइयों ने भी रक्तदान किया। मदरसा जामिया रशीद के जिम्मेदार मौलाना अहमद साहब नदवी ने कहा कि मदरसे केवल धार्मिक शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि मानवता की सेवा के भी महत्वपूर्ण केंद्र हैं। रक्तदान की यह मुहिम समाज में प्रेम, भाईचारा और सेवा का संदेश दे रही है। इस अवसर पर मौलाना शाहिद साहब मजाहिरी, कारी अब्दुल वाजिद अशरफी मोहतमिम दारुल कुरआन फरीदिया बड़ौत, कारी साबिर साहब सदर तहसील बड़ौत समेत अन्य उलेमा-ए-कराम और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। जिला अस्पताल ब्लड बैंक बागपत की इंचार्ज डॉक्टर ऐश्वर्या और उनकी टीम ने शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। समापन पर सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# विद्युत विभाग की लापरवाही से सूख रहीं किसानों की फसलें, रालोद के राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर गठीना ने जताई नाराजगी

**बायदी में डेढ़ माह से ट्रांसफार्मर फुंका, कई ट्यूबवेल ठप, शिकायतों के बाद भी विभाग नहीं ले रहा सुध**

**समाज जागरण**

बागपत। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर सिंह गठीना ने विद्युत विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही के चलते किसानों की फसलें खेतों में ही सूख रही हैं और खरीफ की बुवाई भी प्रभावित हो रही है। गठीना ने बताया कि ग्राम बायदी में गांधी-निबाली मार्ग पर स्थित पदम सिंह के ट्यूबवेल का ट्रांसफार्मर करीब डेढ़ माह से फुंका पड़ा है। इससे आसपास के कई ट्यूबवेल भी बंद हैं और सिंचाई न होने से फसलें बर्बाद हो रही हैं। इस समस्या से विभाग को कई बार अवगत कराया गया और लिखित शिकायतें भी दी गईं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लाइनों की समय पर मरम्मत न होने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। विद्युत विभाग को अपनी कार्यशैली में सुधार कर तुरंत समस्या का समाधान करना चाहिए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। इस मौके पर रालोद के जिला महासचिव अजहर खां, बृजमोहन शर्मा, विक्रम सिंह, डॉ. अजयवीर, अनुभव ढाका समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तेज धूप और भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मरों पर बढ़ा लोड, विधुत आपूर्ति बाधित



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) तेज धूप और भीषण गर्मी में अब ट्रांसफार्मरों पर भी लोड बढना शुरू हो गया है। लोड बढने से शहर के गौशाला रोड का विद्युत ट्रांसफार्मर फूंक गया, जिससे काफी समय से विद्युत आपूर्ति बाधित रही। हालाकि विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं की परेशानियों का समझते हुए अस्थाई रूप से ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर सप्लाई शुरू कराई है।

तेज धूप और भीषण गर्मी के चलते विद्युत ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ने लगा है। इसी के चलते शहर के गौशाला रोड स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर फुंक गया, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति काफी समय तक बाधित रही और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली आपूर्ति ठप होने से गर्मी में उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और खराब ट्रांसफार्मर को ठीक कराने की प्रक्रिया शुरू की। उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते हुए विद्युत विभाग द्वारा अस्थाई व्यवस्था के तहत ट्रॉली ट्रांसफार्मर लगाकर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति सुचारू कराई गई। इसके बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालाकि ट्रांसफार्मर ठीक होने से अभी समय लगेगा। विद्युत विभाग ने बढते लोड को देखते हुए जनपदवासियों से अकारण बिजली खर्च न करने की अपील की है।

# ऑनलाइन दवाई मंगाना पड़ा महंगा, साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 72 हजार रुपये

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव मीमला निवासी एक युवक ऑनलाइन दवाई मंगाने के चक्कर में साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने पहले दवाई भेजने के नाम पर किश्तों में रुपये मंगाए और बाद में ओटीपी हासिल कर युवक के खाते से करीब 72 हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। क्षेत्र के गांव मीमला निवासी युवक इंटरनेट मीडिया पर मेडिसिन होम डिलीवरीह्व नाम की आईडी के संपर्क में आया था। युवक ने फोन और चैटिंग के माध्यम से बातचीत की तो आरोपित ने बीमारी का उपचार करने की गारंटी देते हुए दवाई भेजने का भरोसा दिलाया। ठग ने दवाई की कीमत दो हजार रुपये बताकर एक हजार रुपये एडवांस खाते में डलवा लिए।दो दिन बाद युवक के मोबाइल पर फिर कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि दवाई डिलीवर की जानी है, जिसके लिए 1900 रुपये और 99 रुपये जीपीएस चार्ज जमा कराने होंगे। आरोपी ने खुद को कैराना पहुंचा हुआ बताते हुए जल्द दवाई पहुंचाने की बात कही। युवक ने उसके बताए खाते में दो किश्तों में 1999 रुपये ट्रांसफर कर दिएइसके बाद ठग ने फोन पर युवक से ओटीपी पूछ लिया। ओटीपी बताते ही युवक के खाते से करीब 72 हजार रुपये निकल गए। खाते से रुपये कटने का संदेश मोबाइल पर आते ही युवक के होश उड़ गए। पीड़ित ने तुरंत साइबर पुलिस से शिकायत की।

# कुएं में गिरे नीलगाय के घायल बच्चे को ग्रामीणों ने बचाया, वन विभाग को सौंपा

## कोताना गांव में खेतों के ब्लेड तारों में कटकर कुएं में गिरा था नीलगाय का बच्चा; समाजसेवी शिवा कोताना की टीम ने रेस्क्यू कर कराया इलाज



**समाज जागरण**

बड़ौत। कोताना गांव में खेतों की तरफ से घायल होकर एक नीलगाय का बच्चा खेतों में लगे ब्लेड के तारों में कटने के बाद पास के कुएं में गिर गया। पूरी रात कुएं में तड़पते बच्चे को समाजसेवी शिवा कोताना के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और इलाज कराकर वन विभाग को सौंप दिया। ग्रामवासियों को सुबह जानकारी मिली कि नीलगाय का बच्चा रातभर कुएं में गिरकर तड़प रहा है। सूचना पर समाजसेवी शिवा कोताना, राहुल जाटव, नीतू कुमार, सुशील जाटव अपनी टीम के साथ रस्सी लेकर मौके पर पहुंचे। टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद घायल नीलगाय के बच्चे को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाला। बच्चे के शरीर पर ब्लेड के तारों से कई जगह कट लगे थे। ग्रामीणों ने तुरंत डॉक्टरों की टीम को बुलाया। डॉक्टरों ने नीलगाय के बच्चे को इंजेक्शन लगाया और दवा-पट्टी बांधकर उपचार किया। इसके बाद वन विभाग की टीम को सूचना देकर घायल बच्चे को उनके हवाले कर दिया गया। इस मौके पर सुनील जाटव, चमन सैनी, विकास सैनी, मिंटू कुमार, गौरव कुमार, राहुल कुमार, नरेंद्र कुमार आदि ग्रामीण भी पहुंच गए। सभी ने मिलकर नीलगाय के बच्चे की जान बचाई। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी शिवा कोताना ने बताया कि कोताना गांव के लोगों ने आवारा पशुओं और गौवंशीय पशुओं की देखरेख के लिए एक टीम बनाई हुई है। यह टीम ऐसे घायल पशुओं का उपचार कर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है।

# कांग्रेस कार्यकताओं ने राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**ब्रजमोहन शर्मा के आवास पर हुई विचार गोष्ठी; वक्ताओं ने संचार क्रांति के जनक को बताया युवाओं का प्रेरणास्रोत**



**समाज जागरण**

बड़ौत। नगर में शहर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने आरटीआई विभाग कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रजमोहन शर्मा के गुराना रोड स्थित आवास पर आधुनिक भारत के निमार्ता, संचार क्रांति के जनक भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि मनाई। कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहादत दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि दी और उनके महान कार्यों को याद किया। कार्यक्रम में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष बागपत चौधरी रामकुमार सिंह ने की, जबकि संचालन ब्रजमोहन शर्मा ने किया। चौधरी रामकुमार सिंह ने कहा कि राजीव गांधी 40 वर्ष की कम आयु में देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री बने। उन्होंने किसान, मजदूर और गरीबों के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं लागू कीं। टेक्नोलॉजी व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर करोड़ों युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। वे सदैव लोगों के दिलों में बसे रहेंगे। शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा कि राजीव गांधी किसान, मजदूर, गरीब, दलित, शोषित और वंचितों के मसीहा थे। उन्होंने देश को कंप्यूटर, मोबाइल और नई टेक्नोलॉजी से जोड़कर युवाओं को रोजगार दिया। संविधान में संशोधन कर ग्राम पंचायतों को सशक्त किया और 18 वर्ष के युवाओं को वोट का अधिकार दिलाया। शुद्ध पेयजल के लिए पूरे देश में हैंडपंप का जाल बिछाया। देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। संचालन करते हुए ब्रजमोहन शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी ने अपनी प्रतिभा और अदम्य साहस से देश को शिखर पर पहुंचाया और करोड़ों युवाओं को रोजगार दिलाया। उनके आदर्शों पर चलकर संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी ओमकार दत्त शर्मा, जोनमाना, बिजेंद्र शर्मा, रविंद्र तोमर, ओमबीर दुहण, शोकेन्द्र तोमर, मदन सिंह, डॉ. सुभाष शर्मा, मो. परवेज, अनिल सैन, याकूब अहमद, इरशाद आलम, नंदकिशोर शर्मा, खुर्शीद आलम, सोमपाल शर्मा, डॉ. सोनू त्यागी, ओमपाल सैन, किशन शर्मा, अशोक प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# जमीयत उलेमा जिला बागपत ने डीएम अस्मिता लाल को दी बधाई, देश के 100 मुमताज जिलाधिकारियों में शामिल होने पर जताई खुशी

**शहर काजी मौलाना हबीबुर्रहमान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, बेहतर कार्यशैली और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सराहना**



**समाज जागरण**

बागपत। जमीयत उलेमा जिला बागपत के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल से मुलाकात की और उन्हें देशभर के 100 मुमताज जिलाधिकारियों में शामिल होने पर बधाई दी। हाल ही में बेहतर कार्यशैली और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिला बागपत की डीएम अस्मिता लाल का नाम देश के 100 मुमताज जिलाधिकारियों में शामिल किया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर जमीयत उलेमा के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व शहर काजी एवं उपाध्यक्ष जमीयत उलेमा जिला बागपत हजरत मौलाना हबीबुर्रहमान साहब और जनरल सेक्रेटरी हाफिज मोहम्मद कासिम साहब ने किया। प्रतिनिधिमंडल में सेक्रेटरी जमीयत उलेमा तहसील बड़ौत कारी मोहम्मद यामीन साहब असारवी, सेक्रेटरी शहर बागपत हाफिज मुजफ्फर साहब, नईम मुफ्ताही और कारी अकरम साहब कोताना शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने डीएम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में विकास और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता आई है। जमीयत उलेमा ने भविष्य में भी जिले की तरक्की के लिए प्रशासन के साथ सहयोग का आश्वासन दिया।

# प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी पर होगी कार्रवाई

— ईद—उल—अजहा को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

— खुले में कुबार्नी और सड़कों पर नमाज न पढ़ने की अपील



**समाज जागरण (फुरकान जंग)**

कैराना।ईद–उल–अजहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर कोतवाली परिसर में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने लोगों से खुले में कुबार्नी न करने, सड़कों पर नमाज अदा न करने तथा पशुओं के अवशेष खुले में न डालने की अपील की।

बुधवार शाम करीब छह बजे कोतवाली परिसर में एसडीएम शिवाजी यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि ईद का त्यौहार शांति, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कुबार्नी के बाद पशुओं के अवशेष खुले में न डाले जाएं और सड़कों पर नमाज अदा न की जाए। प्रशासन त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सीओ हेमंत कुमार ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार ही नमाज अदा की जाए तथा खुले में कुबार्नी करने से बचें। प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी किसी भी स्थिति में न की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि कुबार्नी की वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पालिका ईओ समीर कुमार कश्यप ने कहा कि नगर में साफ-सफाई और पेयजल की समुचित व्यवस्था रहेगी। पशुओं के अवशेषों को प्लास्टिक की पॉलीथिन में पैक कर पालिका कर्मचारियों को सौंपा जाए, ताकि अवशेष सड़कों पर न फैलें। एसडीओ अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि ईद के दिन 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। यदि कहीं ट्रांसफार्मर फुंकता है तो तत्काल ट्रॉली ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाएगा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने कहा कि बच्चों को अवशेष डालने के लिए न भेजें। नगरपालिका की ओर से खुदवाए गए गड्ढों में ही अवशेष डाले जाएं। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने गांवों में साफ-सफाई कराने और पशुओं के अवशेष डलवाने के लिए आबादी से बाहर गड्ढे खुदवाने की मांग उठाई। इस पर बीडीओ ब्रजेश कुमार गुप्ता ने गांवों में साफ-सफाई कराने तथा अवशेष निस्तारण के लिए गड्ढे खुदवाने का आश्वासन दिया। जामा मस्जिद के इमाम व खतीब मौलाना ताहिर ने पिछली बार ईद की नमाज के दौरान आई परेशानियों से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस बार व्यवस्था बनाए रखने के लिए वॉलंटियर्स तैनात किए जाएंगे, जो पुलिस प्रशासन के सहयोग से कार्य करेंगे।

# तान्या गर्ग को मिला वैश्य समाज गौरव सम्मान, बेकरी एंड कन्फैक्शनरी कोर्स में किया टॉप

**सुन्दरदीप ग्लोबल यूनिवर्सिटी गाजियाबाद में सर्वाधिक अंक पाने पर भारतीय वैश्य परिवार महासंघ ने किया सम्मानित**

**समाज जागरण**

बागपत। भारतीय वैश्य परिवार महासंघ ने प्रतिभाओं को सम्मानित करने की श्रृंखला में तान्या गर्ग को वैश्य समाज गौरव सम्मान से नवाजा। तान्या ने सुन्दरदीप ग्लोबल यूनिवर्सिटी गाजियाबाद में बेकरी एंड कन्फैक्शनरी कोर्स में सबसे अधिक नंबर हासिल किए हैं। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.



राजीव गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव सचिन गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता व जिलाध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार अग्रवाल ने तान्या गर्ग के निवास पर पहुंचकर पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. राजीव गुप्ता ने कहा कि शिक्षकों के साथ माता-पिता के संस्कार ही विद्यार्थी को उन्नति की ओर अग्रसर करते हैं। तान्या की इस उपलब्धि से पूरे वैश्य समाज का गौरव बढ़ा है। कार्यक्रम में डॉ. योगेश जिंदल, जयभगवान गर्ग, अजय गर्ग, विकास गर्ग, राममोहन गुप्ता, विवेक गुप्ता आदि ने तान्या को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

# निरपुडा बिजली घर पर कर्मचारी का शराब पीकर सप्लाई काटने का आरोप, ग्रामीणों का हंगामा

**रालोद नेता विजेंद्र राणा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन; जेई संतोष कुमार बोले- आरोपी बाबू फौजी पर होगी कार्रवाई**

**समाज जागरण**

बड़ौत। निरपुडा गांव के बिजली घर पर तैनात कर्मचारी बाबू फौजी पर रात के समय शराब पीकर बिजली सप्लाई काटने का आरोप लगा है। गर्मी से परेशान ग्रामीणों ने राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता चौधरी विजेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में बिजली घर पहुंचकर जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली घर में तैनात बाबू फौजी रोजाना रात में शराब पीकर सप्लाई काट देता है, जिससे क्षेत्र की बिजली गुल हो जाती है। रात की भीषण गर्मी में ग्रामीण तिलमिला उठते हैं। देर रात बिजली कट होने पर चौधरी विजेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में ग्रामीण बिजली घर पहुंचे। वहां बाबू फौजी शराब के नशे में बेसुध पड़ा मिला। जगाने पर भी जब वह नहीं उठा तो ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया और 100 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर भड़ल पुलिस चौकी प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से संपर्क किया। रात 12 बजे मामले की जानकारी मिलने पर जेई संतोष कुमार ने 1:30 बजे लाइन की सप्लाई शुरू करवाई, तब जाकर ग्रामीणों को राहत मिली। प्रदर्शन कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी उपेंद्र राणा ने कहा कि ऐसे व्यक्ति को बिजली घर से तुरंत हटाया जाए। इससे पहले भी यहां कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। शराबी कर्मचारी के रहते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्रदर्शन में यशपाल चौधरी, कोशिंदर चौधरी, उपेंद्र राणा, आजाद चौधरी, सत्येंद्र सिंह, विकास, मोहन वीर सिंह, रालोद नेता चौधरी विजेंद्र सिंह राणा आदि मौजूद रहे। इस संबंध में जेई संतोष कुमार ने बताया कि कर्मचारी बाबू फौजी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# एआईएमआईएम के पदाधिकारियों ने डीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) ईद-उल-अजहा पर्व के अवसर पर बिजली, पानी, सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर एआईएमआईएम के पदाधिकारियों ने शामली कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में त्योहार के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की



असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में कहा गया कि ईद-उल-अजहा के मौके पर बिजली और पानी की सुचारू आपूर्ति के साथ नगरपालिकाओं, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में विशेष साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही कुबार्नी के लिए लाए जाने वाले जानवरों को लाने-ले जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए भी आवश्यक इंतजाम किए जाएं।मांग की गई कि नगरपालिकाओं, नगर पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में सफाई वाहनों की व्यवस्था की जाए, ताकि कुबार्नी के बाद अवशेषों को आबादी क्षेत्र से बाहर ले जाया जा सके। इसके अलावा अवशेषों के निस्तारण के लिए गड्ढे खुदवाने की भी मांग की गई, जिससे स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे। ज्ञापन में ईद की नमाज के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी ईदगाहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की मांग भी की गई। इस दौरान चौधरी परवेज अली, इरफान चौधरी, सद्दाम, हाजी याकूब, नासिर हसन आदि मौजूद रहे।

# मारपीट करने के मामले में चार नामजद

**समाज जागरण**

कैराना। मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को नामजद कराया गया।

मोहल्ला छड़ियान निवासी साफेज ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ले के ही शुऐब उर्फ भूरा और उस्मान उससे रंजिश रखते हैं। आरोप है कि पहले भी दोनों उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। 14 मई की दोपहर करीब डेढ़ बजे दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इसके अगले दिन शुऐब उर्फ भूरा, उस्मान, शेर खान और अफनान ने उसे रोक लिया तथा शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट की। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# किशोरी को ले जाने में रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। किशोरी को ले जाने के मामले में दो आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

गांव बुच्चाखेड़ी निवासी एक महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप है कि गत मंगलवार शाम गांव के ही हिमांशु और अतुल उसकी करीब 17 वर्षीय बेटी को अपने साथ ले गए। परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारियों में तलाश की, लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रिटायर्ड सूबेदार की मौत के बाद भी खाते में आती रही पेंशन

## - पोते पर लाखों रुपये निकालने के आरोप से खुली पोल

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ीश्याम में रिटायर्ड सेना कर्मी की मौत के बाद भी कई माह तक पेंशन निकाले जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मृतक के पोते ने एटीएम कार्ड अपने पास रखकर करीब दस माह तक खाते से लाखों रुपये की धनराशि निकाल ली। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।गांव क्षेत्र के गाव गढ़ीश्याम निवासी अजब सिंह भारतीय सेना में सूबेदार पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद उनके खाते में प्रतिमाह पेंशन आती थी। बताया गया है कि उनके पोते सोनू के पास उनका एटीएम कार्ड रहता था।विगत14 फरवरी 2024 को अजब सिंह का निधन हो गया था। आरोप है कि निधन के बाद परिजनों ने तत्काल मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनवाया और खाते में आने वाली पेंशन की रकम निकाली जाती रही। जानकारी के अनुसार अजब सिंह को करीब 65 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलती थी। आरोप है कि दिसंबर 2024 में गंगेरू स्थित पीएनबी शाखा में उनका मृत्यु प्रमाण पत्र जमा कराया गया। मामले को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में चचाओं का दौर जारी है। मामले में अधिकारियों से जानकारी लेने पर कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला और प्रशासनिक अधिकारीयों ने अपना बयान भी जारी नहीं किया।

# बच्चों को नई नई गतिविधियों से जोड़ने का सराहनीय कदम

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के रेलवे रोड स्थित श्री सत्यनारायण शिशु मंदिर में आयोजित समर कैंप के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लेकर भरपूर आनंद लिया। बच्चों ने




उत्साहपूर्वक कला, संगीत, योग, इंडोर गेम्स एवं पाक कला से जुड़ी गतिविधियों में प्रतिभाग किया।

समर कैंप के दौरान कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने आर्ट एंड क्राफ्ट एवं संगीत गतिविधियों में हिस्सा लिया, जबकि कक्षा 4 के बच्चों ने योग और संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं कक्षा 3 एवं कक्षा 2 के विद्यार्थियों ने इंडोर गेम्स का आनंद लिया। छात्राओं ने सलाद कटिंग और नारियल लड्डू सजाने की कला सीखकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में निपुण बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें निखारने का बेहतर माध्यम हैं। शिक्षकों द्वारा बच्चों को नई-नई गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास सराहनीय है।

# वैष्णो देवी ओर अयोध्या के लिए नई एक्सप्रेस रेल गाड़ियां चलाने की मांग

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने केंद्रीय रेल मंत्री को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर सीनियर सिटीजन को रेल किराये में 50 प्रतिशत छूट बहाल करने तथा शामली होते हुए प्रयागराज, माता वैष्णो देवी और अयोध्या के लिए नई एक्सप्रेस रेलगाड़ियां चलाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा कि पूर्व में 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष एवं महिला यात्रियों को रेल किराये में मिलने वाली 50 प्रतिशत छूट दोबारा लागू की जानी चाहिए, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिल सके। साथ ही शामली क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयागराज, माता वैष्णो देवी और अयोध्या के लिए सीधी रेल सेवाएं शुरू करने की मांग उठाई गई। घनश्याम दास गर्ग ने एसी कोच में यात्रियों को परोसे जाने वाले खाने की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि ट्रेनों में परोसा जाने वाला भोजन बेहद घटिया स्तर का होता है, जिसे यात्री खाने के बजाय फेंकने को मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने रेल मंत्री से खाने की गुणवत्ता में सुधार कराने की मांग की। पत्र में दिल्ली-सहारनपुर रेल मार्ग के दोहरीकरण का कार्य शीघ्र पूरा कराने की भी मांग की गई। उनका कहना है कि दिल्ली से सहारनपुर जाने वाली अधिकांश ट्रेनें शामली पहुंचते-पहुंचते लेट हो जाती हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सुबह करीब 8:30 बजे शामली से सहारनपुर होते हुए देहरादून तक नई रेल सेवा शुरू करने की मांग भी रखी, ताकि दैनिक यात्री समय से अपने कार्यालय पहुंच सकें।

# विभिन्न कर्मचारी यूनियनों द्वारा किया गया संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) नगर पालिका में गुरुवार को विभिन्न कर्मचारी



यूनियनों द्वारा संयुक्त रूप से शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उन्होने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को नही माना गया तो सोमवार से वह कामबंद कर हडताल करेगे।

गुरूवार को नगर पालिका में आयोजित धरने के दौरान कर्मचारियों ने नगर पालिका के बढ़ते क्षेत्रफल को देखते हुए 100 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करने की मांग उठाई। इसके अलावा संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ देने तथा पालिका कार्यालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से आठ चपरासियों की नियुक्ति किए जाने की मांग भी की गई। कर्मचारियों ने डोर-टू-डोर सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार बढ़ा हुआ वेतन देने तथा आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों का वेतन 18 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग रखी। साथ ही सेवानिवृत्त एवं मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को बढ़ी हुई पेंशन का लाभ दिए जाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।धरना प्रदर्शन में स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप टांक, महासचिव अमित तेश्वर, यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार, महासचिव अश्वनी तेश्वर, विनोद निर्वाल, जितेंद्र टांक, अनुज चावला, राजन पाहिवाल, जितेंद्र चंद्रा, दीपक बिड़ला, दीपक चंद्रा, जाकिर हुसैन, मोहम्मद हासिम, नितिन कुमार भंवर, अश्वनी पारचा आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**समाज जागरण**

कांधला। एएचटी थाना पुलिस ने कस्बे में मिशन शक्ति अभियान चलाकर महिलाओं को सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। साथ ही बाजारों में चेकिंग अभियान चलाकर दुकानदारों को नाबालिग बच्चों से काम न कराने की सख्त चेतावनी दी।अभियान के दौरान एसआई उपेंद्र सिंह, महिला हेड कांस्टेबल डोली और हेड कांस्टेबल तिलक राज ने महिलाओं को सुरक्षा उपायों और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस टीम ने महिलाओं को साइबर ठगी से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ऑनलाइन लेनदेन से सतर्क रहें। यदि किसी प्रकार की



ठगी या संदिग्ध गतिविधि सामने आए तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।इसके बाद पुलिस टीम ने मयूर तिराहा, कैराना मार्ग, दिल्ली बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मेडिकल स्टोर संचालकों समेत अन्य दुकानदारों को नाबालिग बच्चों से काम न कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यदि कोई भी व्यक्ति नाबालिगों से काम कराते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# टेक्नोलॉजी एवं संगीत विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के बीएसएम स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप के दूसरे दिन गुरुवार को टेक्नोलॉजी एवं संगीत विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर नई जानकारियां प्राप्त कीं। टेक्नोलॉजी सत्र में विद्यालय के कॉमर्स एवं टेक्नोलॉजी शिक्षक आशीष कांबोज ने विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन बनाना, आकर्षक स्लाइड डिजाइन तैयार करना, वीडियो एडिटिंग की बेसिक तकनीकें तथा डिजिटल कंटेंट तैयार करने के तरीके सिखाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में प्रेजेंटेशन




स्किल और वीडियो एडिटिंग का ज्ञान शिक्षा और भविष्य के करियर के लिए बेहद उपयोगी है। विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ तकनीकी गतिविधियों में हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

वहीं संगीत शिक्षक संजय श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संगीत की दुनिया से परिचित कराया। उन्होंने बच्चों को सुर, ताल और लय की मूलभूत जानकारी देने के साथ विभिन्न वाद्य यंत्रों की पहचान और उपयोग के बारे में बताया। संगीत गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों को समूह गायन, देशभक्ति गीत तथा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को हनुमान चालीसा के माध्यम से सामूहिक गायन का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप-प्रधानाचार्य आशु पंडित मौजूद रहे।

# लखनऊ में वकीलों के साथ हुई मारपीट के विरोध में राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) आजाद अधिकार सेना पार्टी के पदाधिकारियों ने गुरुवार को लखनऊ में वकीलों के साथ हुई मारपीट और उत्पीड़न की घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एस-डीएम सदर को सौंपा गया।

पार्टी के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार गौत्रा के नेतृत्व में तहसील शामली पहुंचे कार्यकताओं ने कहा कि लखनऊ में वकीलों के चैंबरों पर गैर कानूनी और मनमाने ढंग से बुलडोजर चलाया गया तथा वकीलों पर निर्ममतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था और न्याय व्यवस्था पर हमला बताया। ज्ञापन में मांग की गई कि लाठीचार्ज करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों,



विशेषकर ठाकुरगंज थाना प्रभारी समेत अन्य जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर उन्हें निलंबित किया जाए। साथ ही घायल वकीलों के इलाज का पूरा खर्च उठाने और उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। पार्टी पदाधिकारियों ने तोड़े गए चैंबरों से प्रभावित वकीलों के लिए वैकल्पिक बैठने की व्यवस्था किए जाने तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए लंबे समय से लंबित अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को तत्काल लागू करने की मांग उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष ओमबीर कश्यप, जिला महासचिव यूनुस मौजूद रहे।

# पालिका सभागार में मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट रजि. शामली के द्वारा गुरूवार को नगर पालिका सभागार में महत्वूर्पण बैठक एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

गुरूवार को बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोतवाली शामली प्रभारी सचिव शर्मा व संस्था के अध्यक्ष आकाश गुप्ता सीए तथा समाजसेवी सुमित बंसल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर किया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष आकाश गुप्ता ने कहा कि संस्था द्वारा समाज हितों के लिए अनेकों कार्य किए जा रहे है। हाल



ही में छात्र-छात्राओं के उत्थान के लिए कैरियर काउंसलिग कैम्प आयोजित किया गया था, जिसमें जिलेभर से हजारों छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर लाभ उठाया था। इस दौरान कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा ने कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए संगठन की जरूरत होती है। ऐसे संगठनों के माध्यम से समाज को आगे बढाया जा सकता है। मौके पर समाज के 45 मेधावी छात्र-छात्राओं को मॉमेंटो देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर राहुल तायल, सुमित बंसल, नीरज संगल, उत्तम जिंदल, सभासद राजीव गोयल, नीरज मित्तल, प्रवीन गोयल हेप्पी, रजत बिंदल, पंकज बंसल, अमित मित्तल, पंकज गर्ग, संजीव संगल आदि मौजूद रहे।

# झखरा सभरपुर में किशोर के साथ हुई कथित जाति आधारित हिंसा की घटना की निंदा

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पदाधिकारियों ने कानपुर के सचेंडी थाना क्षेत्र के गांव झखरा संभरपुर में एक किशोर के साथ हुई कथित जाति आधारित हिंसा की घटना की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि 2 मई 2026 को गांव झखरा संभरपुर में 16 वर्षीय किशोर शिवम कोरी के साथ कथित रूप से अमानवीय व्यवहार किया गया। आरोप है कि दबंगों ने बाल्टी छूने को लेकर धर्म भ्रष्ट होने का आरोप लगाते हुए किशोर के साथ मारपीट की तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया।



पार्टी पदाधिकारियों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि दोषियों के विरुद्ध अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि ऐसी घटनाएं समाज में जातिवाद जैसी गंभीर समस्या को बढ़ावा देती हैं, इसलिए भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाने आवश्यक हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष गुलफाम मीर, वाजिद, बबलू, अंकुश, सनोज, सोनू कोरी, गुलरोज खान, शाबीन आदि मौजूद रहे।

# आवारा कुत्तों का आतंक: 8 वर्षीय बच्ची समेत दो को काटा

**समाज जागरण**

कांधला। कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।गुरूवार को अलग-अलग स्थानों पर आवारा कुत्तों ने आठ वर्षीय मासूम बच्ची समेत दो लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है।गांव किंवाना निवासी इरफान की आठ वर्षीय पुत्री सुहाना ईंट भट्टे पर मौजूद थी। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने अचानक बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया। हमले में बच्ची घायल हो गई।कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी अजय अपनी चाट की दुकान पर जा रहे थे। रास्ते में आवारा



कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने किसी तरह कुत्ते को भगाकर अजय को बचाया।दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए। चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों की हालत सामान्य है और आवश्यक उपचार उपलब्ध करा दिया गया है।नगर के लोगों में नगर पालिका प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि कस्बे में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन उन्हें पकड़ने के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही। इसके चलते आए दिन लोग कुत्तों के हमले का शिकार हो रहे हैं।

# भाकियू पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को डीएम आलोक यादव से मुलाकात कर किसानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई।

ज्ञापन में भाकियू नेताओं ने कहा कि ग्राम चौन्दाहेड़ी में करीब 20 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़क जर्जर हालत में पहुंच चुकी है, जिसका पुनर्निर्माण कराया जाए। इसके अलावा गांव चौन्दाहेड़ी को सिकंदरपुर बिजलीघर के स्थान पर नौनांगली बिजलीघर से जोड़ने की मांग की गई। उनका कहना था कि नौनांगली बिजलीघर गांव से मात्र एक किलोमीटर दूर है, जबकि वर्तमान बिजली आपूर्ति 5 से 6 किलोमीटर दूर स्थित सिकंदरपुर बिजलीघर से हो रही है। भाकियू पदाधिकारियों ने ग्राम भैसानी इस्लामपुर में जर्जर हाईटेंशन बिजली पोल बदलवाने की मांग भी उठाई। वहीं जनपद में यूरिया और डीएपी



खाद की किल्लत एवं कालाबाजारी पर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि निजी दुकानदार किसानों पर खाद के साथ कीटनाशक दवाइयां खरीदने का दबाव बनाते हैं। साथ ही सहकारी समितियों की अपेक्षा निजी दुकानदारों को अधिक खाद उपलब्ध कराए जाने का भी आरोप लगाया। ज्ञापन में जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों की जांच कराने की मांग करते हुए कहा गया कि जनपद में बनी पानी की टंकियों एवं चालू परियोजनाओं की धरातलीय जांच कराई जाए। किसानों को सिंचाई के लिए निर्धारित 10 घंटे के स्थान पर केवल 5 से 6 घंटे ही बिजली मिलने का मुद्दा भी उठाया गया। इसके अलावा जनपद में बढ़ते एमएस-डब्ल्यू वेस्ट के उपयोग, ग्राम करौदा हाथी में बंदरों के आतंक तथा ग्राम राझड़ के ग्राम पंचायत अधिकारी पर फोन न उठाने और कार्यालय में अनुपस्थित रहने के आरोप भी ज्ञापन में शामिल किए गए। भाकियू नेताओं ने जिलाधिकारी से सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। इस दौरान बाबा संजय कालखड़े, आशीष चौधरी, जावेद तोमर, प्रभात मलिक एवं कविता चौधरी मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) कांग्रेस कमैटी के पदाधिकारियों ने गुरूवार को शहर के एसटी तिराहा स्थित एकता पार्क में एकत्रित होकर पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व राजीव गांधी की 35वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

गुरूवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमैटी द्वारा शहर के एसटी तिराहा स्थित एकता पार्क में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा से पूर्व कांग्रेसियों ने सहारनपुर कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा के साथ पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश शर्मा ने स्व राजीव गांधी को देश में पंचायती राज के सशक्तीकरण से लेकर युवा शक्ति को 18 साल की उम्र में मताधिकार देने के लिए याद किया। कहा कि राजीव गांधी की 21



मई 1991 की रात कतमिलनाडु के पेरंबदूर मे एक चुनावी रैली के दौरान एक आत्मघाती महिला हमलावर के द्वारा हत्या कर दी गई थी। राजीव गांधी को सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने देश में कम्प्यूटर लाकर भारत में इनफार्मेशन टैक्नोलॉजी को आगे ले जाने का काम किया। उन्होंने दूरसंचार क्रांति के साथ साथ नवोदय विद्यालय भी खुलवाये। वे बेहद दयालु प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। उन्होने राजीव गांधी के बताए हुए रास्तों पर चलने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर ओमबीर उपाध्याय, शेखरपाल, रविन्द्र आर्य, सोहिल धीमान, पंडित ज्योति प्रसाद, श्रीराम शर्मा, डा. श्रीपाल सिंह, सागर चौधरी, मास्टर नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# लंबित मानदेय भुगतान की मांग को लेकर सीएमओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) सीएचओ यूनियन एवं उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने एनएचएम संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के लंबित मानदेय भुगतान की मांग को लेकर सीएमओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने शीघ्र भुगतान न होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

गुरूवार को धरने को संबोधित करते हुए एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को मार्च और अप्रैल का मानदेय अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विद्यालयों का नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है, जिसके चलते बच्चों की फीस, पुस्तकें और अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं के लिए धन की आवश्यकता है। कर्मचारियों ने कहा




कि मानदेय न मिलने से दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे प्रदेशभर के कर्मचारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। उन्होंने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द लंबित भुगतान कराने की मांग की। उन्होने चेतावनी दी गई कि यदि कर्मचारियों को लंबित दो माह का मानदेय शीघ्र जारी नहीं किया गया तो उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर जनपद शामली के समस्त एनएचएम संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारी आकस्मिक सेवाओं को छोड़कर वेतन नहीं तो काम नहीं नीति अपनाते हुए कार्य बहिष्कार करेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निरकुंन चौधरी, बिलाल चौधरी, पुनित चौधरी, इंशू राणा, पियूष कटारिया, रितेश कश्यप, मनोज राठी आदि मौजूद रहे।

# दनकौर व जेवर में बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई, 19 स्थानों पर छापेमारी में 48 kW अवैध भार पकड़ा गया

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर, 21 मई 2026। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जनपद गौतमबुद्धनगर के हाई लॉस क्षेत्रों में विद्युत चोरी रोकने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई मुख्य अभियंता (वितरण), नोएडा क्षेत्र के निर्देशन में विजिलेंस एवं विभागीय रेड टीमों द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

**दनकौर क्षेत्र में 11 परिसरों पर कार्रवाई**

थाना दनकौर क्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र दनकौर के अंतर्गत की गई जांच में 11 परिसरों पर विद्युत चोरी पकड़ी गई। इनमें विभिन्न घरेलू व व्यावसायिक परिसरों में अवैध रूप से बिजली उपयोग पाया गया। जांच में कुल लगभग 30.295 किलोवाट का अवैध विद्युत भार पाया गया।

**जेवर क्षेत्र में 8 स्थानों पर छापेमारी**

इसी प्रकार 33/11 केवी उपकेंद्र बनकापुर, जेवर क्षेत्र में प्रवर्तन दल द्वारा की गई जांच में 8 परिसरों पर विद्युत चोरी पकड़ी गई।




इस क्षेत्र में कुल लगभग 17.702 किलोवाट का अवैध विद्युत भार पाया गया।

**कुल 19 स्थानों पर कार्रवाई**

दोनों क्षेत्रों को मिलाकर कुल 19 परिसरों पर विद्युत चोरी पकड़ी गई, जिनमें लगभग 47.997 किलोवाट (48 kW) का अवैध भार सामने आया।




विद्युत विभाग द्वारा सभी मामलों में विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के अंतर्गत अभियोग दर्ज कराने की प्रक्रिया एंटी पावर थेफ्ट थाना, सेक्टर-63, नोएडा में की जा रही है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें, क्योंकि विद्युत चोरी एक दंडनीय अपराध है। साथ ही हाई लॉस क्षेत्रों में इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहने की चेतावनी दी गई है। सौजन्य से - अधिशासी अभियंता, नगरीय विद्युत वितरण खंड-रेड, नोएडा।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज में।

# बिजली कंपनियों के निजीकरण से कर्मचारियों व पेंशनर्स का भविष्य असुरक्षित : डॉ. संजय सिंह

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

दिल्ली, 21 मई 2026। बिजली फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव जनरल एवं ऑल इंडिया इंटक के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. संजय सिंह ने कहा है कि देश में बिजली कंपनियों के तेजी से हो रहे निजीकरण से कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और पेंशनर्स के भविष्य पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन, जबलपुर एवं अन्य श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि निजीकरण की प्रक्रिया में न तो वेतन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है और न ही सेवा शर्तों की गारंटी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे लाखों सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है।

**श्रमिक हितों पर चिंता**

डॉ. संजय सिंह ने कहा कि संविदा, आउटसोर्स एवं ठेका श्रमिकों पर सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और उनका शोषण बढ़ने की आशंका है। उन्होंने श्रम संगठनों से श्रमिक हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील की।




उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान संवाद और चर्चा के माध्यम से ही संभव है तथा इंटक संयुक्त मोर्चा श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है।

**अन्य श्रम नेताओं के विचार**

बैठक में मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी.पी. पाठक ने कहा कि निजीकरण और नई श्रम संहिता से कर्मचारियों एवं पेंशनर्स पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वहीं एन.के. यादव ने मांग की कि नई भर्तियों में संविदा कर्मियों का समायोजन किया जाए तथा आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने के लिए उचित नीति बनाई जाए।

**बैठक में उपस्थित प्रतिनिधि**

बैठक में कई श्रम संगठनों के नेता एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें रामराज्य तिवारी, नरेंद्र मिश्रा, उमाशंकर मेहता, अफसार अहमद, गोपाल चौहान, रामेश्वर गांगे सहित अन्य शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. संजय सिंह का शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान भी किया गया। सौजन्य से - मदन वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता, मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन (जबलपुर), शाखा इंदौर।

# टीएमयू के ऑप्टोमेट्री विद्यार्थियों ने कार्ल जाइस लैब में समझी लेंस निर्माण की बारीकियां

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

मुरादाबाद/दिल्ली, 21 मई 2026। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू), मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के ऑप्टोमेट्री थर्ड ईयर के विद्यार्थियों ने दिल्ली स्थित कार्ल जाइस लेंस लैब का औद्योगिक भ्रमण किया।

कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार ने बताया कि इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को लेंस निर्माण की तकनीकी प्रक्रियाओं की गहन जानकारी प्राप्त हुई।

**विशेषज्ञों ने दी तकनीकी जानकारी**

लैब के विशेषज्ञ विख्यात सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि लेंस निर्माण में गुणवत्ता नियंत्रण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। प्रत्येक चरण पर लेंस की जांच की जाती है ताकि उसकी पावर, मोटाई, पारदर्शिता और फिनिशिंग में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे।

उन्होंने यह भी बताया कि आधुनिक लेंस निर्माण इकाइयों में स्वचालित मशीनों और कंप्यूटर आधारित तकनीकों का उपयोग किया जाता है, जिससे उच्च स्तर की सटीकता और गुणवत्ता सुनिश्चित होती है।



**45 विद्यार्थियों ने लिया भाग**

इस औद्योगिक भ्रमण में 45 छात्र-छात्राओं के साथ फैकल्टी सदस्य शिवम पांडेय और सुश्री विवेचना भी शामिल रहे।

**लेंस निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी**

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि लेंस निर्माण की शुरूआत कच्चे ब्लैंक से होती है, जिसे आवश्यक पावर के अनुसार तैयार किया जाता है। इसके बाद सर्फेसिंग, ग्राइंडिंग और पॉलिशिंग प्रक्रियाओं के माध्यम से लेंस को सटीक आकार और स्पष्टता प्रदान की जाती है।

इसके पश्चात एंटी-रिफ्लेक्टिव, हार्ड कोटिंग और यूवी प्रोटेक्शन कोटिंग की जाती है, जिससे लेंस की गुणवत्ता बढ़ती है। अंतिम चरण में एजिंग प्रक्रिया के माध्यम से लेंस को फ्रेम के अनुसार काटकर फिट किया जाता है। विद्यार्थियों को सिंगल विजन, बाइफोकल एवं प्रोग्रेसिव लेंस की तकनीकी विशेषताओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। सौजन्य से - शिक्षा विभाग / संबंधित संस्थान।

# बठिंडा के 4 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

## ईमेल मिलते ही स्कूल खाली कराए गए, पुलिस और बम स्क्वॉड ने चलाया सर्च ऑपरेशन

रघुनंदन पराशर

**चीफ ब्यूरो पंजाब, समाज जागरण**

बठिंडा, 21 मई। पंजाब के बठिंडा शहर में गुरुवार सुबह उस समय दहशत फैल गई, जब शहर के चार नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरी ईमेल प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियां और स्कूल प्रबंधन तुरंत अलर्ट मोड पर आ गए। एहतियात के तौर पर सभी स्कूलों को तत्काल खाली करवाकर विद्यार्थियों को सुरक्षित घर भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार जिन स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले हैं उनमें Delhi Public School, Lord Rama School, Police Public School और Millnium School शामिल हैं। ईमेल में स्कूल परिसरों को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी।

मेल प्राप्त होते ही स्कूल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और बम निरोधक दस्तों ने चारों स्कूलों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। सुरक्षा एजेंसियों ने स्कूल परिसरों के हर हिस्से की गहन जांच की। हालांकि देर शाम तक किसी भी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई, लेकिन प्रशासन किसी प्रकार का जोखिम लेने के पक्ष में नहीं दिखा।

अचानक स्कूलों में छुट्टी घोषित होने से अभिभावकों में भारी चिंता और घबराहट देखने को मिली। बड़ी संख्या में अभिभावक तत्काल स्कूल पहुंचे और अपने बच्चों को घर लेकर गए। शहर के कई इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

धमकी भरे ईमेल की जांच अब साइबर सेल को सौंप दी गई है। पुलिस ईमेल भेजने वाले की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने में जुटी हुई है। इस संबंध में डीएसपी अरुण मुंडन ने बताया कि ईमेल मिलते ही सभी स्कूलों को खाली कराकर जांच शुरू कर दी गई थी। स्कूलों के आसपास विशेष चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अफवाहों से बचने और शांति बनाए रखने की अपील की।

गौरतलब है कि इससे पहले 23 अप्रैल 2026 को भी Bathinda Railway Station को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए मिली थी। लगातार दूसरी बार ऐसी धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं।

# राजमिस्त्रियों के सम्मान में आयोजित हुआ सेमिनार, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर दी गई जानकारी

**समाज जागरण/**

कालांवाली, 21 मई। कालांवाली के एक निजी पैलेस में राजमिस्त्रियों के सम्मान में विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा युवा नेता सुनील कुमार उर्फ टीशु प्रधान द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में राजमिस्त्रियों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण रहे टीशु प्रधान ने उपस्थित सभी राजमिस्त्रियों का स्वागत करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। सेमिनार के दौरान जेएसडब्ल्यू कंपनी के सीमेंट एवं सरिया की विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

**कंपनी अधिकारियों ने दी जानकारी**

कार्यक्रम में जेएसडब्ल्यू कंपनी के अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने कंपनी के उत्पादों की गुणवत्ता एवं मजबूती के बारे में जानकारी देते हुए विभिन्न आकर्षक उपहार योजनाओं की भी जानकारी साझा की।



अधिकारियों ने बताया कि बेहतर कार्य करने वाले राजमिस्त्रियों को भविष्य में टीएस मोटरसाइकिल सहित अन्य उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा।

**बेहतर निर्माण सामग्री के उपयोग की अपील**

सुनील कुमार (टीशु प्रधान) ने राजमिस्त्रियों से अपील करते हुए कहा कि वे निर्माण कार्यों में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि जेएसडब्ल्यू सरिया एवं सीमेंट के परिणाम बेहद बेहतर और मजबूत हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो राजमिस्त्री बेझिझक उनसे संपर्क कर सकते हैं और हर संभव समाधान का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सुरेश जोरासिया कालांवाली संवाददाता

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज में।

# सीएम योगी ने रामगढ़ताल में की क्रूज की सवारी

## लहरों पर विहार करने के साथ मुख्यमंत्री ने ताल की साफ-सफाई का लिया जायजा

गोरखपुर, 21 मई। जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के समापन पर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम जनप्रतिनिधियों के साथ नैसर्गिक रामगढ़ताल में लेक क्वीन क्रूज की सवारी की। करीब 25 मिनट तक क्रूज पर सवार होकर मुख्यमंत्री निखरे ताल की लहरों के स्पंदन की आनंदानुभूति करने के साथ गोरखपुर की नई विकसित पहचान को ताल के किनारे उमड़ी भीड़ से महसूस करते रहे। ताल की लहरों पर विहार करने के दौरान सीएम ने इस विशाल प्राकृतिक झील की साफ-सफाई का भी जायजा लिया। रामगढ़ताल के कायाकल्प का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। उनके विजन से निखरा-संवरा रामगढ़ताल न केवल नए गोरखपुर की नई पहचान बन चुका है बल्कि इसकी गिनती अब इस अंचल के खूबसूरत पर्यटन स्थल के रूप में भी होती है। पर्यटन विकास के साथ यहां बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हुआ है। इस ताल में बड़े महानगरों की तर्ज पर क्रूज और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का भी संचालन हो रहा है। साथ ही ताल में वाटर स्पोर्ट्स की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं ने इसे नेशनल फेम दिला दिया है।

जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में पुरस्कार वितरण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लेक क्वीन क्रूज पर पहुंचे। यहां उन्होंने क्रूज की सवारी के बीच ताल की स्वच्छता का भी निरीक्षण किया। उनके साथ कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ फोटो भी खिंचवाई।

# सीएम योगी ने रामगढ़ताल में की क्रूज की सवारी

## लहरों पर विहार करने के साथ मुख्यमंत्री ने ताल की साफ-सफाई का लिया जायजा





**समाज जागरण/**

गोरखपुर, 21 मई। जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के समापन पर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम जनप्रतिनिधियों के साथ नैसर्गिक रामगढ़ताल में लेक क्वीन क्रूज की सवारी की। करीब 25 मिनट तक क्रूज पर सवार होकर मुख्यमंत्री निखरे ताल की लहरों के स्पंदन की आनंदानुभूति करने के साथ गोरखपुर की नई विकसित पहचान को ताल के किनारे उमड़ी भीड़ से महसूस करते रहे। ताल की लहरों पर विहार करने के दौरान सीएम ने इस विशाल प्राकृतिक झील की साफ-सफाई का भी जायजा लिया।

रामगढ़ताल के कायाकल्प का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। उनके विजन से निखरा-संवरा रामगढ़ताल न केवल नए गोरखपुर की नई पहचान बन चुका है बल्कि इसकी गिनती अब इस अंचल के खूबसूरत पर्यटन स्थल के रूप में भी होती है। पर्यटन विकास के साथ यहां बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हुआ है। इस ताल में बड़े महानगरों की तर्ज पर क्रूज और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का भी संचालन हो रहा है। साथ ही ताल में वाटर स्पोर्ट्स की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं ने इसे नेशनल फेम दिला दिया है।

जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में पुरस्कार वितरण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लेक क्वीन क्रूज पर पहुंचे। यहां उन्होंने क्रूज की सवारी के बीच ताल की स्वच्छता का भी निरीक्षण किया। उनके साथ कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ फोटो भी खिंचवाई।

# डिजिटल प्रशिक्षण से शिक्षकों को हाईटेक बना रही योगी सरकार

*- निष्ठा प्रशिक्षण 2026-27 का पहला चरण शुरू, दीक्षा पोर्टल के माध्यम से होगा ऑनलाइन प्रशिक्षण*

*- प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक के शिक्षकों को नई शिक्षा पद्धति, एफएलएन और डिजिटल सुरक्षा का मिलेगा प्रशिक्षण*

*- तकनीक आधारित शिक्षक प्रशिक्षण मॉडल को जमीनी स्तर तक मजबूत कर रही योगी सरकार*

लखनऊ, 21 मई। योगी सरकार शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत है। शिक्षकों को नई तकनीक, आधुनिक शिक्षण पद्धति और डिजिटल दक्षता से लैस करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। प्रदेश सरकार ने सत्र 2026-27 के लिए निष्ठा प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला चरण दीक्षा पोर्टल के माध्यम से शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

योगी सरकार की यह पहल दशार्ती है कि अब प्रदेश में शिक्षा सुधार केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षकों की क्षमता वृद्धि और डिजिटल दक्षता को भी उतनी ही प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार का फोकस अब तकनीक आधारित शिक्षक प्रशिक्षण मॉडल को जमीनी स्तर तक मजबूत करने पर है, ताकि कक्षा शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

निष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों का नामांकन 21 मई 2026 से शुरू हो गया है, जबकि नामांकन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 15 सितंबर 2026 तक संचालित होंगे। शासन स्तर से सभी बीएसए, डायट प्राचार्य, बीईओ, एसआरजी, एआरपी और डायट मेंटर्स को शिक्षकों का शत-प्रतिशत नामांकन और प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**तीन श्रेणियों में होगा प्रशिक्षण**

निष्ठा प्रशिक्षण कार्यक्रम को तीन प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है। पहली श्रेणी ईसीसीई की है, जिसमें प्री-प्राइमरी से कक्षा 2 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा और बुनियादी सीखने की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरी श्रेणी एफएलएन की है, जिसके अंतर्गत कक्षा 3 से 5 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों को भाषा और गणितीय दक्षता आधारित शिक्षण पद्धति से जोड़ा जाएगा तथा तीसरी श्रेणी में कक्षा 6 से 12 तक के शिक्षकों के लिए एडवांस कोर्स शामिल किए गए हैं। इनमें साइबर हाइजीन, ई-वेस्ट के खतरे, एक्शन रिसर्च और 'कैच द रेन' जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**डिजिटल प्लेटफॉर्म से मजबूत हो रहा शिक्षक प्रशिक्षण**

योगी सरकार पहले ही स्मार्ट क्लास, मिशन प्रेरणा, निपुण भारत मिशन और तकनीक आधारित मॉनिटरिंग व्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ा रही है। अब दीक्षा पोर्टल के माध्यम से शिक्षक प्रशिक्षण को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर उसे और अधिक प्रभावी तथा पारदर्शी बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति, गतिविधि आधारित शिक्षण, डिजिटल सुरक्षा और व्यावहारिक शिक्षा मॉडल से जोड़ना है, ताकि बच्चों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।

**शिक्षा सुधार के साथ शिक्षक दक्षता पर फोकस**

योगी सरकार की रणनीति साफ है कि जब शिक्षक तकनीक और आधुनिक शिक्षण पद्धति में दक्ष होंगे, तभी परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की सीखने की क्षमता और शैक्षिक गुणवत्ता में व्यापक सुधार दिखाई देगा। यही कारण है कि अब प्रदेश में शिक्षक प्रशिक्षण को केवल औपचारिक प्रक्रिया न रखकर डिजिटल और परिणाम आधारित मॉडल में बदला जा रहा है, जिससे शिक्षा व्यवस्था को जमीनी स्तर पर नई मजबूती मिल सके।

# अयोध्या में बनेगा प्रदेश का पहला 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फ्लावर'

## -दो करोड़ की लागत से फूलों की खेती का हब बनेगा पिरखौली क्षेत्र

**समाज जागरण/**

अयोध्या, 21 मई। रामनगरी अयोध्या में फूलों की खेती को नई ऊंचाई देने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू करने जा रही है। पिरखौली क्षेत्र में तीन हेक्टेयर भूमि पर दो करोड़ रुपये की लागत से प्रदेश का पहला 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फ्लावर' (फूल उत्कृष्टता केंद्र) स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र न सिर्फ फूल उत्पादकों के लिए तकनीकी सहायता का हब बनेगा, बल्कि श्री राम मंदिर को भी गुणवत्तापूर्ण फूलों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

उप निदेशक उद्यान अनूप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि यह केंद्र फूलों की आधुनिक खेती को बढ़ावा देने का प्रमुख माध्यम बनेगा। यहां किसानों को फूलों की उन्नत प्रजातियों की जानकारी, वैज्ञानिक तरीके से खेती, कीट प्रबंधन, सिंचाई प्रणाली और विपणन की पूरी ट्रेनिंग दी जाएगी। केंद्र में फूलों की कई दुर्लभ और लोकप्रिय प्रजातियां लगाई जाएंगी, जिनमें डच रोज और गेंदे की उच्च गुणवत्ता वाली वैरायटी शामिल होंगी। योगी सरकार कृषि और उद्यान क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश में फूलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए यह पहला बड़ा कदम है। जल्द ही इस केंद्र का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसी तर्ज पर मथुरा और वाराणसी में भी ऐसे केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे पूरे प्रदेश में फूल उत्पादन का नया नेटवर्क तैयार होगा।

**फूलों की खेती के प्रति बढ़ेगी जागरूकता**

इस परियोजना से स्थानीय किसानों में फूलों की खेती के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। वर्तमान में कई किसान पारंपरिक फसलों पर निर्भर हैं, लेकिन इस केंद्र के माध्यम से वे फूलों की खेती अपनाकर बेहतर आय अर्जित कर सकेंगे। केंद्र न सिर्फ उत्पादन बढ़ाएगा बल्कि प्रसंस्करण, ड्राई फ्लावर और एक्सपोर्ट की संभावनाओं को भी खोलेगा। राम मंदिर में प्रतिदिन पूजा-अर्चना के लिए बड़ी मात्रा में फूलों की आवश्यकता होती है। इस केंद्र के माध्यम से स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण फूल उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

# गांव के बच्चों के लिए अवादा फाउंडेशन ने शुरू किया समर कैंप

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी अवादा फाउंडेशन द्वारा जनपद सोनभद्र के खोड़ेला एवं चिचलिक गांवों में 7 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। यह समर कैंप प्रतिदिन सुबह के समय आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक विकास को बढ़ावा देना है।




समर कैंप के प्रथम दिवस ग्रैंड ओपनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन, श्री गणेश वंदना, मंत्रोच्चारण, प्रार्थना एवं गायत्री मंत्र के साथ हुई। इसके पश्चात बच्चों द्वारा योग, पीटी, श्लोक पाठ, नृत्य, खेल गतिविधियाँ एवं विभिन्न रचनात्मक प्रस्तुतियाँ उत्साहपूर्वक प्रस्तुत की गईं।

दोनों गांवों में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 200 बच्चों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बच्चों ने पूरे अनुशासन एवं ऊर्जा के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया, वहीं अभिभावकों एवं ग्रामवासियों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। समर कैंप के प्रथम दिवस बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना एवं रचनात्मक प्रतिभा का विशेष उत्साह देखने को मिला।

अवादा फाउंडेशन की निदेशक श्रीमती ऋतू पटवारी ने अपने संदेश में कहाकि, बच्चों का समग्र विकास केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मकता एवं सकारात्मक सोच विकसित करना भी अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य के साथ अवादा फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में इस समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह बच्चों को सीखने, खेलने एवं अपनी प्रतिभा को निखारने का एक सकारात्मक मंच प्रदान करेगा। अवादा फाउंडेशन सदैव शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता रहेगा। अवादा फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह समर कैंप ग्रामीण बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुशासन, रचनात्मकता एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। समर कैंप के प्रथम दिवस की सफलता से बच्चों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह एवं सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।इस अवसर पर चिचलिक विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा श्रीमती कौशल्या देवी, गंगाधर, शुकालू यादव, धीरेन्द्र, श्रीमती अमरावती (आशा सहयोगिनी) सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। अवादा फाउंडेशन की ओर से महेश कुमार माथुर, निखिल उत्तम, दीपशिखा श्रीवास्तव, शालू द्विवेदी, राहुल सिंह पटेल, विश्वजीत, अमित, शशि शंकर मिश्रा एवं जितेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# सस्ते दर की दुकान न खुलने से यात्री महंगी सामान खरीदने पर मजबूर

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। पुरुषोत्तम मास में एक माह तक चलने वाले पंचक्रोशी तीर्थ यात्रा में जिला प्रशासन द्वारा विगत वर्षों में यात्रियों को राहत देने के लिए हर पड़ाव पर सस्ते दर पर सामग्री की दुकान खोली जाती है। इस वर्ष अभी तक किसी तीर्थ पड़ाव पर सस्ते दर की दुकानें न खुलने से दुकानों से महंगी सामान खरीदने पर मजबूर हैं।



रामेश्वर महादेव तीर्थ धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प0 अनूप तिवारी ने अवगत कराया कि जिला प्रशासन को लिखित रूप से मेले की व्यवस्था व यात्रियों को प्रदान किये जाने वाले सुबिधा से अवगत करा दिया गया था। मेला व्यवस्था के लिए पहुंचे अधिकारियों की टीम से भी मंहगाई के इस दौर में सस्ते दर की दुकान खोलने के लिए अवगत कराया गया पर आज तक व्यवस्था नहीं हो पाई।

तीर्थयात्रा पर निकले औराई के शेषमणि पांडेय, अमिता पांडेय ,जखिनी के माधुरी पटेल ,शमशेर पटेल चकिया के रामसूरत सिंह, हरिहर ,लालती व जडावती ने कहा कि पांचवी बार यात्रा पर निकले हैं लेकिन धाम में गर्मी व मंहगाई से कोई राहत की व्यवस्था नहीं है। खाद्य सामग्री सहित महंगे सामान खरीदना मजबूरी है। वहीं पानी के लिए लगाए गए टैंकर धूप में होने से पानी गर्म होने की समस्या अलग ही है। यात्रियों ने जिला प्रशासन से समस्या का समाधान की सलाह दी।

# जिलाधिकारी ने बैंकर्स, उद्योग, खाद्यी ग्रामोद्योग व नारकोटिक्स की समीक्षा बैठक कर की समीक्षा

**समाज जागरण**

मीरजापुर /जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स, उद्योग, खाद्यी ग्रामोद्योग व नारकोटिक्स की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में बैंकवार प्रेषित आवेदन पत्रों पर विस्तृत चर्चा की गयी। उपायुक्त उद्योग द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि सी०एम० युवा योजना के अंतर्गत 933 आवेदन पत्र विभिन्न बैंको को प्रेषित किया गया है जिसमें से 122 आवेदन पत्र स्वीकृत, 96 आवेदन पत्र वितरित एवं 288 आवेदन पत्र विभिन्न बैंको द्वारा निरस्त कर दिया गया। अब तक 620 आवेदन पत्र विभिन्न बैको पर स्वीकृति हेतु एवं 273 आवेदन पत्र वितरण के लिए लम्बित है। स्वीकृत हेतु सबसे अधिक 185 आवेदन पत्र एवं वितरण हेतु 62 आवेदन पत्र इण्डियन बैंक पर लम्वित पाया गया जबकि इण्डियन बैंक जनपद का अग्रणी बैंक है। लक्ष्य के आवंटन के संबंध में चर्चा के दौरान जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण बैंक के क्षेत्रो को 03-03 एवं शहरी क्षेत्र के बैंको को 05-05 आवेदन पत्र प्रत्येक माह स्वीकृत/वितरित का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा आपत्ति जताते हुए समस्त बैंक समन्वयकों को निर्देशित किया गया की जिस शाखा में जितने आवेदन पत्र ऑनलाईन अग्रसारित किये जाते है उसी को लक्ष्य मानते हुए आवेदन पत्र प्राप्त होने के 15 दिन के अंदर स्वीकृत/वितरित कराना सुनिश्चित करें। जनपद मीरजापुर आर्थिक रूप से पिछड़ा जनपद है इस योजना से जनपद के लोगो के जीवन में बदलाव हो सकता है। अतः बैंकर्स नकारात्मक सोच से बाहर निकलते हुए सकारात्मक रवैया अपनाते हुए आवेदन पत्र स्वीकृत/वितरित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा बैंकर्स को अवगत कराया गया कि इस योजना में ब्याज एवं सी०जी०टी०एम०एस०ई० के अंतर्गत गारण्टी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वहन की जाती है। आपका लोन एन०पी०ए० नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में इस योजना में लोन न करना सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति घोर लापरवाही का द्योतक है। जिलाधिकारी द्वारा बैंकर्स को अवगत कराया गया कि स्वयं सहायता समूह द्वारा इस योजना में गुणवत्तापूर्ण आवेदन प्रस्तुत किये जायेगें। अतएव आवेदन पत्र प्राप्त होने के 15 दिन के अंदर स्वीकृत/वितरण की कार्यवाही की जाए। उन्होंने सभी बैंकर्स से यह अपील भी कि सभी लोग गर्मी के दृष्टिगत अपने बैंक के बाहर प्याऊ की व्यवस्था करे ताकि बैंक में आने व जाने व आमजनमानस पीने हेतु शुद्ध पेयजल मिल सकें। नारकोटिक्स की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि नशा मुक्ति हेतु सम्बन्धित विभाग से समन्वय बनाते हुए वृहद जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में जितने भी नशामुक्ति केन्द्र है उनकी जांच कराए यदि भारत सरकार के दिशा निदेशों के अनुसार संचालन नहीं पाया जाता है उनके विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही करें। वन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि पर्यटन स्थलो पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि संदिग्ध स्थलो पर पुलिस व सम्बन्धित विभाग के अधिकारी टीम बनाकर छापामारी करे अवैध रूप निर्माण कर रहे मादक पदार्थो को नष्ट कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम विलास यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# बिजली कटौती के साथ सूर्यदेव के प्रचंड ताप से झुलसते कानपुर में धधकी गत्ता फैक्ट्री

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां घंटों बिजली कटौती के साथ सूर्य के जारी प्रचंड ताप से झुलसते महानगर में आज तड़के अचानक आग लग जाने से घटना फैक्ट्री धधक उठी।

साकेत नगर में आज गुरुवार को तड़के हुई इस घटना के दौरान कई सिलेंडरों में हुए विस्फोट ने भी लोगों में दहशत पैदा कर दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने बड़ी मुश्किल से 4 घंटे बाद आग पर काबू पाया।

गत्ता फैक्ट्री में लगी इस आग की भयानकता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गैस सिलेंडरों के चपेट में आते ही 10-10 फीट ऊंची लपटें उठने लगीं। जिससे भयभीत लोग शोर मचाते हुएघर छोड़कर भाग खड़े हुए। इसके कुछ ही देर बाद दी गई सूचना पर पांच फायर स्टेशनों से करीब 9 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। चार घंटे बाद फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इस आग कितना नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाई है।वहीं मामले की जांच भी शुरू किए जाने की बात कही गई है।

अवगत कराते चले कि आग लगने की यह घटना पहली नहीं है। इसके पहले भी जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में भी आग लगने से लाखों की फसल जलकर भी नष्ट हो चुकी है। इनमें से कई घटनाएं शार्ट सर्किट की वजह से हुई बताई गई हैं। वहीं दूसरी ओर जिले में सूर्य देव के प्रचंड ताप का प्रहार भी लगातार जारी है। लोगों पर इसके जानलेवा असर पर बिजली की घंटों कटौती भी अपना अहम रोल निभा रही है। जिसके फल स्वरुप भीषण गर्मी से बीमार होने वालों की संख्या में भी इजाफा होने का दावा किया गया है।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन आवश्यक : गीता सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ क्षेत्र के सनबीम स्कूल बाबतपुर ,बेरवां में समर कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए अनेक रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। पूरे दिन कैंप का वातावरण उत्साह, उमंग और आनंद से भरपूर रहा, जहाँ बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

इन विविध गतिविधियों में 'पपेट शो' विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पशु-पात्रों पर आधारित इस रोचक प्रस्तुति में विभिन्न जानवरों के माध्यम से बच्चों को एक प्रेरणादायक एवं मनोरंजक कहानी सुनाई गई। रंग-बिरंगी कठपुतलियों और जीवंत संवादों ने बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया तथा उन्हें मित्रता, सहयोग और नैतिक मूल्यों का संदेश भी दिया।



बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इस गतिविधि का आनंद लिया और कहानी के पात्रों से जुड़कर अपनी कल्पनाशक्ति एवं रचनात्मक सोच को अभिव्यक्त किया। समर कैंप की यह गतिविधि बच्चों के लिए सीख और मनोरंजन का सुंदर संगम सिद्ध हुई।

# जीवन का सशक्त माध्यम हमारी सोच में निहित होकर कार्यों में दिखती है: सूर्यप्रकाश मौर्य।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। जीवन का सशक्त माध्यम हमारी सोच में निहित होकर कार्यों में दिखती है।

उक्त बातें जन कल्याण सोशल सोसाइटी कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि सूर्यप्रकाश मौर्य उर्फ 'भीम' ग्राम प्रधान आयर ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।



विशिष्ट अतिथि बिपिन कुमार प्रधान शिवरामपुर तथा खरपत्तू प्रधान अहिरौली ने कहा कि हमें समाज के हर वर्ग के लिए सेवा धर्म निभाकर जीवन के दायित्व को पूरा करना होगा। प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय अजोरपट्टी प्रमोद कुमार ने कंप्यूटर संचालित कर कार्यालय कार्य का शुभारम्भ किया गया।सामाजिक कार्यों की जानकारी अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने दी समारोह में ग्राम पंचायत अहिरौली की वालेंटियर अनीता, ग्राम पंचायत शिवरामपुर की वालेंटियर चंदा विश्वकर्मा तथा ग्राम पंचायत वालेंटियर आकांक्षा सहित प्रत्येक ग्राम पंचायत से चयनित दस-दस नेतृत्वकर्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त तीनों ग्राम पंचायतों की आशा कार्यकर्त्रियाँ, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियाँ एवं अन्य ग्रामीण महिलाएँ भी कार्यक्रम में सम्मिलित रहीं।

धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष अनिल कुमार ने दी। वही कार्यक्रम का संचालन जन कल्याण सोशल सोसाइटी बेलवरिया, मुर्दहा, वाराणसी के सचिव प्रमोद पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता श्रीमती सुधा दक्ष, हरीश पाल, रणजीत कुमार, अशोक पटेल, श्रीमती नेहा पटेल, सुजीत कुमार, अजीत कुमार, गौरव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# ईट लदे ट्रैक्टर से टकराकर बाइक चालक गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल रेफर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग पर मवई कला गांव में बुधवार की रात्रि ईट लदे ट्रैक्टर से टकराकर बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल बाइक चालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने बाइक चालक के सिर व पैर में गंभीर चोट को देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है लालगंज थाना क्षेत्र के महुलार गांव निवासी 30 वर्षीय मुलायम अपनी पत्नी 28 वर्षीय अनीता के साथ बाइक से अपने रिश्तेदार के घर गोलरा से वापस अपने घर लौट रहे थे की जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग मवई कला गांव में पहुँचे की सामने से तेजगति से आ रहे ईट लदे ट्रैक्टर से टकराकर बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि बाइक सवार पत्नी बाल बाल बच गई मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल बाइक चालक को निजी साधन ऑटो से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक रीना पटेल द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बाइक चालक के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है

# जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त संस्था प्रभारियों/डिपो प्रभारियों के साथ बैठक कर गेंहू खरी के प्रगति की समीक्षा

**समाज जागरण**

मीरजापुर / रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त संस्था प्रभारियों/डिपो प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा के दौरान समस्त संस्था के संस्था प्रभारियों एवं डिपो प्रभारियों को एन०एफ०एस०ए० उठान/गेहूँ भण्डारण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सर्वप्रथम विगत समीक्षा बैठक दिनांक 14.05.2026 को जिलाधिकारी द्वारा दिये गये आदेशों के अनुपालन की स्थिति संतोषजनक पायी गयी साथ ही उनके द्वारा यह भी निर्देश दिये गये है कि आगामी दिनों में गेहूँ क्रय कार्य में प्रगति के साथ-साथ उसका सम्प्रदान भारतीय खाद्य निगम को तत्परता से किया जाये किसी भी दशा में अत्यधिक मात्रा में क्रय केन्द्र पर गेहूँ शेष न रहे। बैठक में उपस्थित भारतीय खाद्य निगम/एस० डब्लू० सी० को निर्देश दिये गये है कि भण्डारण क्षमता उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करें। इस सम्बन्ध में जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा गैपुरा में 2 हजार मी0टन, मड़िहान में 5 हजार मी०टन, पड़री में 2 हजार मी०टन एवं मण्डी चबूतरा मीरजापुर में 15 सौ मी०टन कुल 10 हजार पाँच सौ मी०टन विभिन्न प्राईवेट गोदामों की रिक्त क्षमता को भण्डारण हेतु प्रस्तावित किया गया है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा भा०खा०नि० को



निर्देश दिये गये है नियमानुसार भण्डारण हेतु इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें। एन०एफ०एस०ए० के अन्तर्गत खाद्यान्न उठान की समीक्षा पर निर्देश दिये गये है कि शीघ्रतिशीघ्र माह जून का उठान पूर्ण करते हुये माह जुलाई के सापेक्ष उठान कराना प्रारम्भ करे ताकि खरीद गये गेहूँ की भण्डारण हेतु क्षमता उपलब्ध हो सके। भा०खा०नि०/एस०डब्लू०सी० द्वारा बताया गया है कि सिंह एग्रो डिपो प्रतिदिन 15 गाड़ी व अन्नपूर्णा ट्रेडर्स पगार 15 गाड़ी प्रतिदिन लोडिंग हेतु उपलब्ध कराये ताकि खाद्यान्न की लोडिंग एवं अनलोडिंग के साथ-साथ चलती रहे। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये है कि माह जुलाई के सापेक्ष जो उठान किया जाना है उनको अन्य डिपो से भी उठाने की कार्यवाही कराये ताकि एक जगह वाहनों का जमाव न लगे। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में अन्य मण्डलों से बोरों की गाठों प्राप्त हो चुकी है अब किसी भी दशा में बोरों की समस्या नहीं है जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि इनको नियमानुसार केन्द्र पर उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। गेहूँ डिलीवरी हेतु पर्याप्त संख्या में लेबरों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु एस०डब्लू०सी० को निर्देश दिये गये कि उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान समय में लेबर डिपो पर पर्याप्त उपलब्ध रहती है अब कोई समस्या नहीं है। बैठक मे जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजीव कुमार सिंह, सहायक आयुक्त एवं निबन्धक सहकारिता अमित कुमार पाण्डेय, समस्त अपर जिला सहकारी अधिकारी (सहकारिता)/सहायक विकास अधिकारी, सहकारिता, डिपो प्रबन्धक, भारतीय खाद्य निगम, मीरजापुर, क्षेत्रीय प्रबन्धक, एस०डब्लू०सी०, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर, मुख्य प्रेषण प्रभारी, मीरजापुर व प्रेषण प्रभारी, पगार, जिला प्रबन्धक, पी०सी० एफ०, पी०सी०यू०, यू०पी०एस० एस० एवं नैफेड, मीरजापुर, मण्डी निरीक्षक, मीरजापुर सहित सभी क्रय केन्द्र प्रभारी उपस्थित रहें।

# गैर-कृषि असंगठित क्षेत्र पर एनएसओ ने जारी किया जनवरी-मार्च 2026 तिमाही बुलेटिन

**समाज जागरण**

भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जनवरी से मार्च 2026 तिमाही के लिए गैर-कृषि क्षेत्र के गैर-निगमित (असंगठित) उद्यमों पर त्रैमासिक अनुमान जारी कर दिए हैं। यह बुलेटिन देश के असंगठित गैर-कृषि क्षेत्र की स्थिति, संरचना और रोजगार संबंधी आंकड़ों पर महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराता है। एनएसओ ने उच्च आवृत्ति वाले बेहतर आर्थिक संकेतक उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत वर्ष 2025 से गैर-कृषि क्षेत्र के गैर-निगमित उद्यमों पर त्रैमासिक बुलेटिन प्रकाशित करना शुरू किया है। यह बुलेटिन गैर-निगमित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) का त्रैमासिक संस्करण है, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में होने वाले अल्पकालिक बदलावों को समय-समय पर दशार्ना है। एनएसओ के अनुसार, यह पहल नीति निमार्ताओं, शोधकताओं और अन्य हितधारकों को भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे गतिशील क्षेत्रों में से एक – असंगठित गैर-कृषि क्षेत्र – के बारे में समय पर और उपयोगी आंकड़े उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जहां वार्षिक सर्वेक्षण वित्तीय और गैर-वित्तीय संकेतकों पर विस्तृत वार्षिक अनुमान जारी करता रहेगा, वहीं त्रैमासिक बुलेटिन गैर-कृषि उद्यमों के आकार, संरचना और रोजगार प्रोफाइल से जुड़े नियमित आंकड़े प्रदान करेगा।

# ऐप बंद कराने के बहाने कम्पनी मैनेजर के खाते से 98 हजार उड़ाए

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।फूलपुर थाना क्षेत्र के करखियांव स्थित एग्रो पार्क में एक कम्पनी मैनेजर साइबर ठगी का शिकार हो गए। एजुकेशन ऐप बंद कराने के नाम पर साइबर ठग ने मोबाइल हैक कर उनके खाते से दो बार में 98 हजार रुपये उड़ा दिए।

जानकारी के अनुसार धीरज कुमार त्रिपाठी करखियांव एग्रो पार्क स्थित प्राइम एवियन मुर्गी दाना कम्पनी में मैनेजर हैं। उनके मोबाइल से एक एजुकेशन ऐप के माध्यम से प्रतिमाह 200 रुपये कट रहे थे। बुधवार की शाम उन्होंने ऐप डिलीट कराने के लिए इंटरनेट पर मिले हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया। आरोप है कि फोन रिसीव करने वाले व्यक्ति ने खुद को कस्टमर केयर कर्मचारी बताते हुए व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा और उसे खोलकर जरूरी जानकारी भरने को कहा। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो गया और साइबर ठग ने उनके बैंक खाते से 50 हजार व 48 हजार रुपये दो बार में ट्रांसफर कर लिए। खाते से रकम कटने की जानकारी होने पर पीड़ित ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। गुरुवार को फूलपुर थाने में भी तहरीर दी गई।

# पुरानी रंजिश में मारपीट, कई घायल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। क्षेत्र के कैथी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में कई लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैथी गांव निवासी प्रभु कुमार निषाद ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे उनका भाई रवि निषाद नदी किनारे जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही ललरू उर्फ सरजू, कल्लू, सुगन, अंकित समेत दो-तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडे और हॉकी से हमला कर दिया।

शोर सुनकर जब परिवार के अन्य लोग बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपितों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना में रवि कुमार, प्रभु निषाद, सुनीता और संजना घायल हो गए। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सोनकर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम, सीडीओ कठिराव में वेटलैंड के जीर्णोद्धार कार्य का किया भूमिपूजन

## *वर्षा जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कठिराव ग्राम सभा में सोमवार को 19 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाले वेटलैंड के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार



सिंह द्वारा वैदिक रीति से भूमिपूजन कर किया गया।

इस परियोजना के अंतर्गत वेटलैंड की डिसिल्टिंग (गाद निकासी) का कार्य कराया जाएगा। कार्य का क्रियान्वयन अरुणोदय संस्था द्वारा किया जाएगा, जबकि ए टी चंद्रा फाउंडेशन सहयोग प्रदान करेगा। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पूर्व कार्य को पूर्ण कर लिया जाए।

अधिकारियों ने बताया कि वेटलैंड के पुनर्जीवन से वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा तथा पशुओं के पीने के लिए भी जल संकट से राहत मिलेगी। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद वन विभाग के एसडीओ को वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए, ताकि कठिराव वेटलैंड को पर्यावरणीय दृष्टि से पूर्ण रूप से विकसित किया जा सके।

इस दौरान एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा खंड विकास अधिकारी बड़ागांव प्रतिभा मिश्रा, सहायक अभियंता लघु सिंचाई प्रवीण कुमार, , ग्राम प्रधान सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कृषि गोष्ठी में किसानों को बेहतर खेती के लिए दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया क्षेत्र के महुगढ़ी गांव स्थित श्याम इंफ्रा स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी में बुधवार को एक दिवसीय कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानों को आधुनिक तरीके से खेती पर जोर दिया गया। क्षेत्रीय किसानों की मौजूदगी में स्वराज ट्रैक्टर कंपनी के स्टेट हेड मनोज दुबे स्टेट हेड सर्विस आशीष वर्मा व डीलर धीरज मिश्र ने भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।स्वराज ट्रैक्टर कंपनी की ओर से आए कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, सरकारी सब्सिडी व बेहतर खेती के लिए आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया। कंपनी के स्टेट हेड सर्विस आशीष वर्मा ने किसानों को ट्रैक्टर की सर्विस एवं रखरखाव से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी।विशेषज्ञों ने किसानों को आसान ट्रैक्टर ऋण और सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर दी जा रही सब्सिडी और कृषि के अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी दी। गोष्ठी में क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। श्याम इंफ्रा स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी के डीलर धीरज मिश्र ने किसान गोष्ठी में आए क्षेत्रीय किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस दौरान जोनल हेड महेश सचान एरिया मैनेजर रत्नेश शुक्ल,नीरज शुक्ला,स्टेट हेड इंप्लीमेंट अनिल यादव,जयशंकर प्रसाद मिश्र, पंकज मिश्र,ब्रांच मैनेजर लालगंज विवेक शुक्ला, संजय तिवारी क्षेत्रीय किसान गौरीशंकर दुबे, उमाकांत दुबे,हर्ष नारायण मिश्र,अमरेश मिश्र,अरूण तिवारी, सतीश शुक्ला,श्याम बहादुर पटेल, लल्लू यादव, विष्णु पाल, पृथ्वी पाल, दयाशंकर पांडेय आदि किसान मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थिति मे कच्चे मकान के बास में गमछे के सहारे फंदा लगाकर युवक ने दी जान

**समाज जागरण**

हलिया ( मीरजापुर) लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कलां चौकी अंतर्गत गड़बड़ कलां गांव में पत्नी से विवाद के बाद एक 28 वर्षीय युवक ने बीती देर रात कच्चे मकान में बांस के सहारे गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कलां चौकी अंतर्गत गड़बड़ कलां गांव निवासी दिनेश कोल पुत्र रामप्रसाद कोल उम्र 28वर्ष बीती देर रात कच्चे मकान में बांस के सहारे गमछे से फंदा लगाकर झूल गया। परिजनों को जानकारी होने पर आनन-फानन युवक को फंदे से नीचे उतारा। लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार बीती देर रात पति-पत्नी में कुछ विवाद हुआ था जिससे युवक नाराज होकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी कुंवर मनोज कुमार सिंह मय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गए। इस संबंध में चौकी प्रभारी कुंवर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एक 28 वर्षीय युवक ने फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जान दे दिया है। शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। मृतक को दो पुत्र एवं एक पुत्री थी।

# महिला की अंधी हत्या और लूट का महज 06 घंटे में सनसनीखेज खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई के जिला पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निदेशों का पालन करते हुए, बिजुरी पुलिस ने तत्परता की एक मिसाल पेश की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम* एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य*के कुशल मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस टीम ने एक महिला की अंधी हत्या और लूट के मामले का महज 06 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**घटना का विवरण**

दिनांक 20/05/2026 को एक 17 वर्षीय नाबालिग बालक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी एक महिला मित्र सुमन (परिवर्तित नाम, उम्र 20 वर्ष) के साथ शाम करीब 7:30 बजे कोरजा कालरी बाउंड्री के पास, रेलवे लाइन रोड पर एक सुनसान बरगद पेड़ के नीचे बैठा था। इसी दौरान दो अज्ञात बदमाश वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए युवती के साथ अश्लील हरकत और जबरदस्ती करने लगे। जब नाबालिग साथी ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। बदमाशों ने मृतिका को घसीटकर पास की नाली के पास ले जाकर अर्धनग्न कर दिया।

घायल होने के बावजूद नाबालिग बालक ने आरोपियों से मुकाबला किया और हाथापाई के दौरान एक आरोपी के सीने पर दांत से काट लिया। शोर मचने पर दोनों आरोपी वहां से भाग निकले, लेकिन जाते समय वे नाबालिग का *रियलमी मोबाइल*, स्कूटी की चाबी और मृतिका का लोवर लूटकर ले गए।

***अस्पताल में इलाज के दौरान पीड़िता की मौत***

गंभीर हालत में पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शुरूआत में बदमाशों के खिलाफ बीएनएस (BNS) की विभिन्न धाराओं (296(b), 115(2), 74, 75(2), 76, 309(6), 3(5)) के तहत मामला दर्ज किया था। लेकिन पीएम रिपोर्ट और पीड़िता की मौत के बाद मामले में धारा 103(1) बीएनएस (हत्या) का इजाफा कर अज्ञात आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई।

***महज 6 घंटे में ऐसे दबोचे गए आरोपी***

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना के मात्र 6 घंटे के भीतर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। मनोवैज्ञानिक और तकनीकी रूप से की गई कड़ी पूछताछ (हिकमत अमली) में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया *मोबाइल फोन और मृतिका का लोवर* बरामद कर लिया है। इसके साथ ही घटनास्थल से महत्वपूर्ण जैविक साक्ष्य (Biological Evidence) भी संकलित किए गए हैं।

***गिरफ्तार आरोपियों के नाम:***

1. **गोलू कुशवाहा पिता शंकर कुशवाहा (उम्र 32 वर्ष), निवासी: ग्राम कोरेया (हाल छाता मोहल्ला, बिजुरी)।
2. **अख्तर अली कुरैशी पिता हिफाजत अली कुरैशी (उम्र 36 वर्ष), निवासी: वार्ड क्र. 12, बिजुरी।

दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

***सराहनीय भूमिका (पुलिस टीम)***

इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन के साथ बिजुरी पुलिस टीम की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।

* *नेतृत्व व मुख्य टीम:* निरीक्षक विकास सिंह, उपनिरी मानिम टोप्पो, उपनिरी विपुल शुक्ला, सउनि कमलेश तिवारी, सउनि प्रभाकर पटेल, सउनि विपिन बिहारी राय, सउनि बृजेश कुमार पाण्डेय, प्र.आर. सतीष मिश्रा, प्र.आर. के.के. तिवारी, आर. विश्वजीत मिश्रा, अभिषेक शर्मा, राजदेव सिंह, संगम तोमर ।
* *विशेष योगदान (सुरागसी व गिरफ्तारी):* सउनि प्रदीप अग्निहोत्री, आर. लक्ष्मण डांगी, मनोज उपाध्याय, रवि सिंह और रामनिवास गुर्जर की टीम ने संदिग्धों को ट्रैक करने और उन्हें अभिरक्षा में लेने में विशेष और उल्लेखनीय भूमिका निभाई, जिससे इस सनसनीखेज मामले का त्वरित खुलासा संभव हो सका।

# गैस की किल्लत, लकड़ी बनी सहारा: अमरकंटक में फिर बढ़ी जलाऊ ईंधन की मांग

**समाज जागरण**

अमरकंटक। मध्य प्रदेश के प्रमुख धार्मिक, पर्यटन एवं आध्यात्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में इन दिनों एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर लोगों का कहना है कि पहले जहां गैस सिलेंडर अपेक्षाकृत आसानी से उपलब्ध हो जाते थे, वहीं अब पंजीयन के बाद कई दिनों तक प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। इसका असर घरेलू रसोई से लेकर होटल, भोजनालय एवं छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तक महसूस किया जा रहा है।



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितताओं और स्थानीय वितरण संबंधी दिक्कतों की चचाओं के बीच लोगों का कहना है कि गैस की उपलब्धता प्रभावित हुई है। हालांकि आपूर्ति में कमी के कारणों की आधिकारिक पुष्टि संबंधित विभागों द्वारा ही की जा सकती है।

एलपीजी सिलेंडर की सीमित उपलब्धता और तकनीकी प्रक्रियाओं–जैसे मोबाइल नंबर एवं बैंक खाते से लिंकिंग–के कारण अनेक उपभोक्ताओं को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है। परिणामस्वरूप कुछ परिवारों एवं छोटे व्यवसायों ने एक बार फिर पारंपरिक ईंधन जलाऊ लकड़ी की ओर रुख करना शुरू कर दिया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार अमरकंटक क्षेत्र में जलाऊ लकड़ी की मांग बढ़ने लगी है, जिससे लकड़ी के बोझ और गट्ठों के दामों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। नगर के वार्ड क्रमांक 8 एवं 15, जमुना दादर क्षेत्र के राजू बैगा एवं गुड्डू बैगा ने बताया कि पहले गैस आसानी से मिलने के कारण लकड़ी की मांग लगभग समाप्त हो गई थी, लेकिन अब फिर लोग लकड़ी लेने आने लगे हैं।

इस बदलती परिस्थिति में बैगा जनजाति की महिलाओं की भूमिका भी सामने आ रही है। महिलाएं जंगलों और आसपास के क्षेत्रों से जलाऊ लकड़ी एकत्र कर सिर पर बोझ रखकर नगर एवं बाजार तक पहुंचाती हैं और उसे बेचकर परिवार की आजीविका में सहयोग करती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार यह कार्य श्रमसाध्य होने के बावजूद परिवार की आय का महत्वपूर्ण साधन बन गया है।

एलपीजी आपूर्ति में देरी का असर रसोई से होटल तक, बैगा जनजाति की महिलाएं भी सिर पर लकड़ी ढोकर पहुंच रही है बाजार में

राजू बैगा एवं गुड्डू बैगा ने बताया कि एक कांवर में लगभग 50 किलो लकड़ी होती है और दिनभर की मेहनत के बाद मुश्किल से दो कांवर लकड़ी लाई जा पाती है। इस कार्य में परिवार की महिलाएं बराबर सहयोग करती हैं। उनका कहना है कि पहले उन्होंने लकड़ी बेचने का काम लगभग बंद कर दिया था, लेकिन गैस की मांग और उपलब्धता की स्थिति बदलने के बाद लोग फिर लकड़ी खरीदने लगे हैं। होटल संचालकों तथा अन्य जरूरतमंद लोगों द्वारा भी इसकी मांग बढ़ी है।

एक ओर आधुनिक ईंधन व्यवस्था की चुनौती और दूसरी ओर जंगल आधारित जीवनशैली–अमरकंटक की यह स्थिति बताती है कि जब गैस की लौ धीमी पड़ती है, तब कई घरों की रसोई आज भी लकड़ी के धुएं से ही जल उठती है।

# जिला कांग्रेस अनूपपुर द्वारा राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभा

**समाज जागरण**

जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान के अगुवाई में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय अनूपपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने राजीव गांधी जी के देश के विकास, आधुनिक भारत की नींव मजबूत करने तथा युवाओं को नई दिशा देने में दिए गए योगदान को याद किया। सभा में उपस्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू चौहान एवं अन्य नेताओं ने कहा कि राजीव गांधी जी की सोच और उनके आदर्श आज भी देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्हें देश में तकनीकी क्रांति और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने वाले नेता के रूप में भी जाना जाता है। कार्यकर्ताओं द्वारा उनके विचारों और आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आंखों से ओझल उमरिया जिले के दिग्गज

## फिसड्डी अनूपपुर की बल्ले बल्ले, जिताऊ उमरिया को ठेंगा

**समाज जागरण**

उमरिया --- मध्यप्रदेश में चल रही निगम,प्रकोष्ठों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों में उमरिया जिले को स्थान न मिलने से एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी के उच्च आलाकमान और उनकी , मोहन सरकार की कार्य शैली को लेकर तीखे सवाल खड़े हो रहें हैं। उमरिया जिले की इस उपेक्षा पूर्ण कार्य शैली ने न सिर्फ मोहन सरकार पर सवाल खड़े कर दिये है, इस प्रक्रिया ने भाजपा के आंतरिक लोकतंत्र को लेकर भी गहरे सवाल उठा कर चचाओं को सरगर्म कर रखा है, क्योंकि जितनी जो नियुक्तिया होनी थी वह लगभग हो चुकी , शायद अब गुंजाइश बची नही, और अगर होगी भी तो उमरिया को स्थान मिले उसकी संभावनाएं कम ही है ।यद्यपि उमरिया को उसका वाजिब हक मिलना चाहिए। मालुम होवे की शहडोल संभाग के अनूपपुर से रामलाल रौतेल और शहडोल से राजेन्द्र भारती को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से नवाजा गया है वही उमरिया के हिस्से में कुछ नहीं आया। जिससे तुलनात्मक रूप से यह खाई और बढ चली है। आखिर कार उमरिया जिला जो कि 1980 के दशक से भाजपा को पालने -पोषने और वट वृक्ष तैयार करने में सराहनीय भूमिका निभाई आज उसे दुर्दिन देखने को मिल रहा है , वह हासिये में खड़ा हुआ है। इस दृष्टि से भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उमरिया की उपेक्षा कर प्रदेश भर में क्या संदेश देना चाहता है। हम शहडोल संभाग के राजनैतिक परिदृश्य पर चर्चा करने पर पता चलता है कि शहडोल संभाग में आठ विधानसभा क्षेत्र आतें है, जिनमें से भाजपा के पास सात विधानक है और जो अभी भी भाजपा के हिस्से में नहीं है वह है अनूपपुर जिले का पुष्पराजगढ़ विधानसभा ही है। पिछले पंचवर्षीय 2018 अनूपपुर जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने एक भी विधानसभा नही जीती थी। इस तरह से अनूपपुर जिले ने भाजपा को जब तब लंबी चोट दी है, फिर भी अनूपपुर को भाजपा सदैव उपकृत करने का रिवाज बना लिया है। इस परिपाटी ने सवाल खड़ा कर दिया कि अवसर वादियों के लिए भाजपा ऐसे सुनहरे अवसर कब तक देती रहेगी,क्योंकि वर्तमान में अनूपपुर से भाजपा सरकार में मंत्री,सांसद, प्रदेश प्रवक्ता, और अब अनु सूचित जन जाति के अध्यक्ष पद से नवाजा गया है। भाजपा की समीक्षा करने पर पता चलता है कि अनूपपुर जिले में भाजपा सबसे कमजोर है आज भी घुटने तक ही उठ पायी है फिर भी वहा मध्यप्रदेश सरकार में दिलीप जयसवाल जो की दूसरी बार ही विधानसभा की देहरी तक पहुंचे हैं फिर भी मंत्री जैसे तोफे से नवाजे गयें है जबकि दिलीप जयसवाल वर्ष 2008 में पहली बार विधायक बने और इनके विरूद्ध इतना जनाक्रोश बढ़ा की भाजपा आलाकमान ने वर्ष 2013 में प्रत्याशी बदल कर अपनी सीट को बचाने की कवायद की थी, तब इन्होंने भाजपा की जीती हुई बाजी को बदल कर काग्रेस की झोली में डलवाने में सफल हो गयें थे, फिर वर्ष 2018 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में इन्हें हार मिली थी। वर्तमान में दुबारा चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे कि मंत्री जैसे पद से नवाज दिया गया, जबकि उमरिया से शहडोल से लगातार चुनाव जीतने वाले नेताओं को किनारे कर दिया गया। इस राजनैतिक घटना क्रम में देखा जाये तो उमरिया जिले ने लगातार भाजपा की शान बढायी है फिर भी इस जिले वासियों को उसका वांछित लाभ नहीं मिल पाया। उनके लिए कभी भी निगम, मंडलों के पदों के लिए कभी नाम आगे नहीं बढाया गया । जबकि दो बार के हारे नेता रामलाल रौतेल के लिए सदा भाजपा उपहार में जिम्मेदार पदो पर सुशोभित स इस तरह से देखा जाये तो भाजपा में वर्तमान में जिताऊ नेताओं को कमतर आंकना और हारऊ नेताओं को उपकृत करने की रिवाज से उमरिया जिले के भाजपा नेताओं और गोंड समुदाय को व्यथित कर रखा है। अगर आदिवासी नेताओं को इस योग्य नहीं समझा गया था, तो अन्य समुदाय के भाजपा नेताओं में मिथलेश मिश्रा, मनीष सिंह, कमलेश गुप्ता, देवेश शर्मा, धनुषधारी सिंह,दिलीप पांडे अरविंद बंसल, मान सिंह,राम नारायण पयासी , जैसे कर्मठ और निष्ठावान भाजपा नेताओं की लंबी कतार लगी हुई है । ध्यान देने योग्य है की इन नेताओं में मनीष सिंह वरिष्ठता क्रम और कर्तव्यनिष्ठा में इनका शानी जिले भर में कोई नेता नहीं है। वह खुद चुनाव जीतने और जीताने का,लंबा इतिहास कायम कर रखा है। उनकी पृष्ठभूमि का आकलन करने पर पता चलता है कि उन्होंने ने भाजपा के लिए जो जमीन बनायी वह उनके लिए और अन्यों के लिये भी समान रूप से फलदायी रही। मनीष सिंह कालरी कर्मचारी उपभोक्ता भंडार में वर्ष 2002 से लेकर 2013 तक तीन पंचवर्षीय अध्यक्ष पद पर सुशोभित रहे चूंकि संवैधानिक अडचन के कारण उन्हें 2013 से 2018 तक अध्यक्ष का चुनाव नहीं लड सकें तब भी संचालक मंडल में विजयी होकर अपना स्थान सुरक्षित रखा और वर्ष 2019 से 2024 तक पुनः अध्यक्ष पद पर आसीन होने का गौरव हासिल किया, इस तरह अपनी छबि एक जीताऊ बना रखी है ।फिर भी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उमरिया जिले को उसका वाजिब हक न देकर उपेक्षा की है , जिसकी चर्चा वर्तमान में पूरे संभाग भर में बनी हुई है, देखना लाजिमी होगा कि क्या उमरिया के भी दिल बहुरेंगे की भाजपा को गच्चा देने वाले अनूपपुर की यूँ ही बल्ले बल्ले बनी रहेगी!

# यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा पर उठे सवाल: नागरिकों ने पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी निगरानी की मांग की

**समाज जागरण**

अनूपपुर जिले में सड़क सुरक्षा अभियान और यातायात व्यवस्था को लेकर कुछ स्थानीय नागरिकों ने अपनी चिंताएं सामने रखी हैं। लोगों का कहना है कि सड़क सुरक्षा अभियान का उद्देश्य केवल चालानी कार्रवाई तक सीमित न होकर दुर्घटना नियंत्रण, अपराध रोकथाम और आम नागरिकों तथा वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी होना चाहिए।

स्थानीय स्तर पर कुछ नागरिकों ने जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाते हुए अधिक पारदर्शिता की मांग की है। नागरिक चक्रधर शर्मा ने कहा कि लोगों के बीच चर्चा है कि सड़कों पर सुरक्षित और सहज आवागमन का वातावरण और मजबूत होना चाहिए। वहीं जमुना क्षेत्र के निवासी मोहम्मद अशरफी, जो वाहन संचालन से जुड़े हैं, ने भी कार्रवाई प्रक्रिया को लेकर अपनी असंतुष्टि व्यक्त करते हुए व्यवस्था की समीक्षा की मांग की।

लोगों ने हाल की कुछ घटनाओं का हवाला देते हुए सड़क सुरक्षा को व्यापक दृष्टि से देखने की आवश्यकता बताई। स्थानीय लोगों ने 20 अप्रैल 2026 को ट्रक चालक के साथ कथित लूट और हमले की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़कों पर कानून-व्यवस्था और गश्त व्यवस्था को और मजबूत किया जाना चाहिए ताकि वाहन चालक सुरक्षित महसूस कर सकें।

कुछ नागरिकों ने यातायात प्रबंधन से जुड़े प्रशासनिक निर्णयों और पदस्थापना प्रक्रिया को लेकर भी पारदर्शिता की अपेक्षा जताई। उनका कहना है कि विभाग को समय-समय पर अभियान की कार्यप्रणाली, कार्रवाई के मानक और जनसुविधा से जुड़े पहलुओं की जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए ताकि भ्रम की स्थिति न बने। नागरिकों ने मांग की है कि यदि किसी स्तर पर शिकायतें प्राप्त होती हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच की जाए, शिकायत निवारण व्यवस्था को मजबूत किया जाए और सड़क सुरक्षा अभियान को जनविश्वास के साथ संचालित किया जाए

समाचार प्रकाशित किए जाने तक संबंधित अधिकारियों से पक्ष लेने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका

# अवैध शराब कारोबार पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 26 हजार की शराब और लाहन जब्त

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया । कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण एवं विक्रय के खिलाफ आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा है।आबकारी वृत्त उमरिया द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब और लाहन जब्त किया गया। वृत्त प्रभारी दिनकर सिंह तिवारी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान घघराड निवासी सतीश गुप्ता के कब्जे से 28 पाव प्लेन शराब, 12 केन बीयर एवं बीयर बोतलें बरामद की गईं। वहीं रामफल सेन के पास से 12 पाव प्लेन शराब जब्त की गई।



इसके अलावा सुखिया प्रजापति के कब्जे से 5 लीटर हाथ भट्टी शराब, नैगवां टोला में महेश बर्मन से 6 लीटर तथा संजय कुमार बमन से 4 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की गई। लालपुर निवासी दुर्गा बाई के पास से 2 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 60 किलोग्राम लाहन बरामद हुआ। वहीं वर्षा कोल के कब्जे से 60 किलोग्राम लाहन और 2 लीटर हाथ भट्टी शराब तथा रमपुरी में मंजू बाई के पास से 11 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की गई।

आबकारी विभाग ने कार्रवाई के दौरान कुल 8 प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए हैं। जब्त अवैध मदिरा और सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 26 हजार रुपये बताई गई है।

कार्रवाई में आबकारी आरक्षक कविता सिंह, राजपति प्रजापति, अंजली गौतम एवं जीवन लाल कोल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पुलिस अभिरक्षा से आरोपी के फरार होने के मामले में थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मी निलंबित।

**समाज जागरण**

उमरिया। जिले के अंतर्गत इंदवार थाना परिसर से लुट कांड में सहयोगी आरोपी के अचानक फरार होने की घटना ने पुलिस विभाग में हलचल मचा दी है। लूटकांड की जांच के दौरान पूछताछ के लिए थाने लाए गए युवक ने पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया जिसके बाद विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने इंदवार थाना प्रभारी विजय पाटले,सब इंस्पेक्टर अमर बहादुर सिंह और एएसआई सूर्य बहादुर सिंह को सस्पेंड कर दिया है साथ ही एडिशनल एसपी सीताराम सत्या ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस अभिरक्षा में लिए गए आरोपी पर पुलिस द्वारा की गई लापरवाही सामने आने पर यह कदम उठाया गया है। साथ ही पूरे मामले की विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।




**सराफा व्यापारी लूटकांड से जुड़ा है मामला**

मिली जानकारी अनुसार बताया गया कि बीते दिनों पाली थाना क्षेत्र के घुनघुटी चौकी अंतर्गत ग्राम चौरी में एक सराफा व्यापारी के साथ लुटेरों द्वारा योजना बद्ध तरीके से सोना चांदी से भरे बैग की लूट की गई थी घटना के बाद पुलिस ने जांच करते हुए सत्यम बसदेवा निवासी कटनी और नागेश बसदेवा निवासी ग्राम चिमटा को गिरफ्तार किया था जिनसे कड़ाई से पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने इंदवार थाना क्षेत्र के ग्राम पलझा में हुई एक अन्य लूट में भी शामिल होने की बात कबूल की थी इसके बाद इंदवार पुलिस दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही थी।

**बरही के कारोबारी से पुलिस ने बरामद किया लुटा गया सोना चांदी**

जांच के दौरान लुटेरों की निशानदेही पर कटनी जिले के बरही निवासी कारोबारी बंटी ताम्रकार को दबोचा गया जिसे पूछताछ के लिए इंदवार थाने लाया गया वहीं कड़ाई से पूंछ तांछ के दौरान बनती ने लुटेरों से सोना चांदी खरीदना कबूल किया जिसके बाद पुलिस ने दुकानदार से एक किलो पचास ग्राम चांदी के जेवरात और पंद्रह ग्राम सोना के जेवरात बरामद किया जिसके बाद पुलिस की निष्क्रियता देख मौका मिलते ही बंटी ताम्रकार पुलिस को चकमा देकर थाना परिसर से फरार होने में कामयाब हो गया जैसे ही फरारी की सूचना मिली थाने में अफरा-तफरी मच गई जिसके बाद पुलिस ने तत्काल उसकी तलाश शुरू कर दी है साथ ही उसके कई ठिकानों पर छापामार कार्यवाही करते हुए थाने से फरार हुए आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# सीएम हेल्पलाइन को 'मैनेज' करने का खेल ? पीएचई विभाग पर गंभीर आरोप

## भुगतान मांगने वाले संविदाकार की शिकायत बंद कराने की कोशिश, विरोधाभासी जवाबों से उठे सवाल

सीधी। मुख्यमंत्री द्वारा आम जनता की शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण के उद्देश्य से शुरू की गई सीएम हेल्पलाइन व्यवस्था अब खुद सवालों के घेरे में नजर आ रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग सीधी में दर्ज एक शिकायत ने विभागीय कार्यप्रणाली और अधिकारियों की भूमिका पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि शिकायतों का समाधान करने के बजाय उन्हें गोलमोल जवाब देकर जबरन बंद कराने की कोशिश की जा रही है।

मामला सीधी निवासी संविदाकार सीताराम तिवारी से जुड़ा है, जिन्होंने 3 अप्रैल 2026 को सीएम हेल्पलाइन में शिकायत क्रमांक 3759247 दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि उनके देयक मांग पुस्तिका क्रमांक 1455, 1447, 1448 एवं 1472 पिछले दो वर्षों से विभागीय कार्यालय में लंबित पड़े हैं। आरोप लगाया गया कि बजट आवंटन आने के बावजूद रिश्वत नहीं देने पर भुगतान रोक दिया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मामले की निष्पक्ष जांच और भुगतान प्रक्रिया आगे बढ़ाने के बजाय विभाग द्वारा 20 मई 2026 को ऐसा जवाब प्रस्तुत किया गया, जिससे शिकायत को बंद कराया जा सके। विभागीय जवाब में कहा गया कि संबंधित फर्म का परीक्षण कराया जा रहा है तथा विभाग से ली गई सामग्री जमा नहीं की गई है, जिससे शासन को क्षति होने की संभावना है। शिकायतकर्ता ने इस जवाब को भ्रामक और तथ्यों से परे बताते हुए इसे शिकायत दबाने की साजिश करार दिया है।

एक ही मामले में दो अलग-अलग जवाब, बढ़ा संदेह मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि इसी भुगतान संबंधी शिकायत पर विभाग द्वारा अलग-अलग समय पर दो विरोधाभासी जवाब दिए गए। 8 दिसंबर 2025 को लोक सूचना अधिकारी एवं कार्यपालन यंत्री त्र्यंबकेश्वर द्विवेदी द्वारा जारी पत्र में कहा गया था कि संबंधित देयकों का परीक्षण किया जा रहा है और परीक्षण उपरांत भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।

लेकिन इसके महज 14 दिन बाद उसी कार्यालय से एक अन्य पत्र जारी कर कहा गया कि संबंधित जानकारी कार्यालय में उपलब्ध ही नहीं है। एक ही प्रकरण में विभाग के दो अलग-अलग जवाब अब प्रशासनिक पारदर्शिता और रिकॉर्ड प्रबंधन पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

**डीजल भुगतान में भी गड़बड़ी के आरोप**

सूत्रों के अनुसार, जब से त्र्यंबकेश्वर द्विवेदी ने प्रभारी कार्यपालन यंत्री का प्रभार संभाला है, विभाग में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें बढ़ी हैं। आरोप है कि अधिकारियों के वाहनों के लिए शासन द्वारा निर्धारित सीमा से कहीं अधिक डीजल खपत दर्शाकर भुगतान निकाला जा रहा है। बताया जा रहा है कि प्रभारी कार्यपालन यंत्री के साथ-साथ उन्हें मैकेनिकल सहित चार अतिरिक्त प्रभार भी सौंपे गए हैं। मैकेनिकल शाखा का प्रभार होने के कारण विभागीय वाहनों और डीजल भुगतान पर उनका सीधा नियंत्रण है। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर हर महीने लाखों रुपए के फर्जी डीजल भुगतान किए जा रहे हैं।

**सीएम हेल्पलाइन की विश्वसनीयता पर असर**

सरकार जहां सीएम हेल्पलाइन को जनता और प्रशासन के बीच भरोसे का माध्यम बताती है, वहीं इस तरह के मामलों से उसकी विश्वसनीयता प्रभावित होने लगी है। यदि शिकायतों का निष्पक्ष निराकरण करने के बजाय उन्हें बंद कराने की कोशिश होगी, तो आम लोगों का भरोसा सरकारी व्यवस्था से उठना तय माना जा रहा है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन और उच्च स्तर के अधिकारी इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हैं या फिर शिकायतों का यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह में व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत 20 दिवसीय ओजेटी प्रशिक्षण जारी

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

हटा/दमोह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह में राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा (NSQF) के अंतर्गत संचालित व्यवसायिक शिक्षा योजना के तहत विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष दिए जाने वाले 20 दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग (OJT) कार्यक्रम का आयोजन इस वर्ष भी किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 02 मई 2026 से 25 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग लेकर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं।

प्रशिक्षण के अंतर्गत BFSI एवं IT/ITES ट्रेड के विद्यार्थियों को कियोस्क एवं कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को बैंकिंग सेवाएं, डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन सेवाएं, कंप्यूटर संचालन एवं तकनीकी कार्यों की जानकारी दी जा रही है, जिससे उन्हें रोजगारोन्मुखी कौशल विकसित करने में सहायता मिल रही है।






कार्यक्रम की मॉनिटरिंग समय-समय पर भोपाल एवं जिला दमोह से आने वाले निरीक्षण दल द्वारा की जा रही है, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं व्यवस्था का मूल्यांकन किया जा सके। निरीक्षण दल द्वारा विद्यार्थियों की उपस्थिति, प्रशिक्षण गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया जा रहा है।

विद्यालय में आयोजित इस 20 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में सभी छात्र-छात्राएं नियमित रूप से उपस्थित होकर पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण का लाभ ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने में व्यावसायिक प्रशिक्षक श्री मोहन सिंह लोधी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक श्री श्रेयस्कर दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। दोनों प्रशिक्षक विद्यार्थियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

संस्था के प्राचार्य श्री अरविंद कुमार राजोरिया के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में व्यवसायिक शिक्षा का यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल प्रदान कर भविष्य के लिए तैयार करना है।



# नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी

**आयुर्वेद के अनुसार नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी है। यह तेल न केवल सिर की त्वचा को पोषण देता है, बल्कि बालों को टूटने से भी बचाता है। जब इसमें कपूर मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण प्राकृतिक कीटनाशक की तरह काम करता है। कपूर में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीपैरासिटिक गुण जुओं और उनके अंडों को नष्ट करने में मदद करते हैं।**

इस उपाय के लिए नारियल तेल की एक कटोरी में 2-3 टुकड़े कपूर घोलकर रात को सोने से पहले बालों की जड़ों में लगाना चाहिए। मालिश के बाद सिर को कपड़े से ढककर सोना और सुबह शैम्पू से धोना लाभकारी माना जाता है। कुछ ही दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगते हैं। सिरका भी एक कारगर विकल्प है। हल्के गुनगुने पानी में दो चम्मच सफेद सिरका या एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर सिर धोने से जुओं और लीखों की पकड़ ढीली पड़ जाती है और वे आसानी से हटने लगती हैं।





यह उपाय खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो रसायनों से बचना चाहते हैं। इसी तरह नींबू का रस भी प्राकृतिक उपचार के रूप में काम करता है। इसे नारियल तेल में मिलाकर लगाने से इसका असर और बढ़ जाता है। नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड जुओं की त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उन्हें नष्ट करता है। साथ ही यह स्कैल्प की सफाई करता है और डैंड्रफ जैसी समस्याओं से भी राहत देता है। कुछ लोग पेट्रोलियम जेली का भी इस्तेमाल करते हैं। यह जुओं की सांस रोक देती है और उनके जीवन चक्र को खत्म करती है। हालांकि, इसका इस्तेमाल बालों में काफी चिपचिपापन पैदा करता है और धोने में कठिनाई हो सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन प्राकृतिक उपायों को नियमित रूप से अपनाने से जुओं से छुटकारा मिल सकता है और स्कैल्प भी स्वस्थ रहता है।

बता दें कि सिर में अचानक खुजली बढ़ना अक्सर रूसी के साथ-साथ जुओं की मौजूदगी का संकेत भी हो सकता है। यह समस्या न केवल असुविधा और परेशानी पैदा करती है बल्कि कई बार सामाजिक स्थितियों में शर्मिंदगी का कारण भी बन जाती है। जूं बालों में अंडे देती हैं, जिन्हें लीख कहा जाता है। ये लीखें इतनी मजबूती से चिपकी होती हैं कि सामान्य पानी या कंघी से आसानी से नहीं हटतीं। ऐसे में कई लोग रासायनिक उत्पादों का सहारा लेते हैं, लेकिन आयुर्वेद और घरेलू नुस्खे भी इसमें प्रभावी साबित हो सकते हैं।

# मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है मौसम में बदलाव का

**सितंबर से दिसंबर के बीच मौसम में बदलाव के साथ पेड़ों से पत्ते झड़ने लगते हैं। मौसम बदलने का असर इंसानी मनोभावों पर भी देखने को मिलता है। शरद ऋतु का आगमन गर्मी से सर्दी की ओर बढ़ने का संकेत देता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि इस दौरान कई लोगों के मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है।**

दिन छोटे और रातें लंबी होने के साथ ही थकान, नींद की गड़बड़ी और उदासी महसूस होना आम हो जाता है। इस स्थिति को विज्ञान की भाषा में सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर (एसएडी) कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम बदलने पर धूप की कमी से दिमाग में सेरोटोनिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर घटने लगता है। यह हार्मोन मूड को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं अंधेरा और ठंड बढ़ने पर शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे नींद अधिक आती है और ऊर्जा घट जाती है।





इस बदलाव से शरीर की सर्केडियन रिद्म भी बिगड़ जाती है, जिससे नींद और जागने का प्राकृतिक पैटर्न प्रभावित होता है। अध्ययन बताते हैं कि उत्तरी और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों पर सैड का प्रभाव अधिक होता है क्योंकि वहां धूप का समय सीमित होता है। महिलाओं और 18 से 30 वर्ष के युवाओं में इसके मामले ज्यादा पाए जाते हैं। एक अध्ययन में खुलासा हुआ था कि अर्बन इंडिया में 12 से 15 प्रतिशत लोग हल्के या गंभीर मौसमी डिप्रेशन का सामना करते हैं। इसके लक्षण पहचानना अपेक्षाकृत आसान है।

लगातार थकान रहना, अधिक नींद आना, उदासी और चिड़चिड़ापन, काम में रुचि कम होना, ज्यादा मीठा और कार्बोहाइड्रेट खाने की इच्छा, तथा सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाना सैड के प्रमुख संकेत माने जाते हैं। कई देशों में लाइट थेरेपी का उपयोग किया जाता है, जिसमें विशेष लाइट बॉक्स का इस्तेमाल प्राकृतिक धूप जैसी रोशनी देने के लिए किया जाता है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम भी इस समस्या को कम कर सकते हैं। ताजे फल-सब्जियां और ओमेगा-3 युक्त भोजन मूड को बेहतर बनाने में मददगार हैं। यदि लक्षण लगातार बने रहें तो मनोचिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बचाव के लिए कुछ साधारण उपाय कारगर साबित हो सकते हैं। रोजाना कम से कम 20 से 30 मिनट धूप में समय बिताना सबसे प्रभावी तरीका है।

# नबीनगर: पिपरा गांव से 90 लीटर देशी शराब के साथ बाइक जब्त, तस्कर फरार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पिपरा गांव से 90 लीटर देशी शराब के साथ एक बाइक जब्त की है। हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही शराब तस्कर मौके से फरार हो गया। नबीनगर थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि पिपरा गांव के रास्ते बाइक से भारी मात्रा में शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव के पास घेराबंदी की।पुलिस को देखते ही बाइक सवार तस्कर बाइक और शराब छोड़कर खेतों के रास्ते भाग निकला। तलाशी लेने पर बाइक पर लदे 90 लीटर देशी टननाका शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब और बाइक को जब्त कर लिया है।थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि जब्त बाइक के नंबर के आधार पर फरार तस्कर की पहचान की जा रही है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई है। जल्द ही तस्कर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फरार तस्कर की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गौरतलब है कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद नबीनगर इलाके में शराब तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है।

# किसानों व क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं को लेकर मेहरमा प्रखंड कार्यालय के समक्ष भाजपा का धरना प्रदर्शन संपन्न

**समाज जागरण**



गोड्डा मेहरमा प्रखंड कार्यालय के समक्ष भाजपा की ओर से किसानों व क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं के समाधान को लेकर गुरुवार को पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा की अगुवाई में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।तत्पश्चात मांगों से संबंधित ज्ञापन बीडीओ अभिनव कुमार को सौंपा गया। इसके पूर्व मेहरमा मेला मैदान से कार्यकताओं ने रैली निकाला जो राज्य सरकार खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचकर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में तब्दील हो गया।इस दौरान भाजपा के प्रदेश परिषद सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि राज्य की झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। खासकर किसानों के हितों में ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है।जिसे उपलब्धि के रूप में गिनाया जा सके। कहा कि राज्य सरकार चुनाव पूर्व किये अपने सारे वायदे से भी मुकर रही है। पेट्रोल सब्सिडी, बेरोजगार भत्ता, प्रत्येक महिलाओं को मुख्यमंत्री मंइया सम्मान योजना का लाभ, गुरुजी क्रेडिट कार्ड व अन्य मुद्दों पर यह सरकार कोई चर्चा ही नहीं करना चाहती है। किसानों को समय पर न तो खाद बीज उपलब्ध कराया जा रहा है और न ही कोई अन्य सुविधा। सिंचाई सुविधा उपलब्ध नही रहने के कारण किसानों को मानसून पर आश्रित रहना पड़ता है।

जिला प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दिनों स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बंध्याकरण में लापरवाही के कारण एक महिला की मौत हो गई है। जबकि दूसरी महिला जीवन और मौत के बीच जंग लड़ रही है। इस संबंध में भी अब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला है। जबकि इस क्षेत्र की मंत्री भी हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी नेत्री प्रिया सिंह पटेल ने कहा कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। इसकी सुध नहीं ली जा रही। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रबोध सोरेन ने समस्याओं के समाधान को लेकर आंदोलन को और तीव्र करने का आह्वान किया। इसके पूर्व कार्यकताओं ने मेहरमा मेला मैदान से जुलूस की शक्ल में राज्य सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय तक पहुंची थी। सभा के पश्चात मांगों से संबंधित ज्ञापन बीडीओ अभिनव कुमार को सौंपा गया। कार्यक्रम को पार्टी नेता सूरज जायसवाल, नंदकिशोर ठाकुर, मरारी चौबे,रविंद्र तिवारी, अमित कुमार, लाल बहादुर सिंह, बलराम कुशवाहा, दीपक सिंह देव, फनीलाल कुशवाहा, आनंद मिश्रा,दिनेश साह, अजय साह, हरि किशोर मिश्र, राजेश लाल,राजेश सिंह, संजय साह,दीपक ठाकुर, जीवन मंडल गणेश पोद्दार,रंजीत साह सहित अन्य ने भी संबोधित किया। संचालन मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान व महामंत्री राजेश झा ने संयुक्त रूप से किया।जबकि धन्यवाद ज्ञापन संतोष कुमार जीत ने किया

# अंतरराष्ट्रीय मॉडलिंग प्रतियोगिता में चमके जमशेदपुर के आदित्य राज, विधायक सरयू राय ने बढ़ाया हौसला

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**



जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने गुरुवार को बारीडीह निवासी वर्षा श्रीवास्तव और सतीश कुमार के सुपुत्र आदित्य राज से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। महज 8 वर्ष की उम्र में आदित्य राज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की मॉडलिंग प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर जमशेदपुर का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे परिवार के साथ-साथ शहरवासियों में भी खुशी का माहौल है।

जानकारी के अनुसार आदित्य राज ने ह्लमिस/मिस्टर/मिसेज/किड्स मॉडलिंग-डांस प्रतियोगिता (इंडिया-एशिया)ह्व में हिस्सा लिया था। यह प्रतियोगिता 16 और 17 मई को आदित्यपुर स्थित द क्रूज में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों और देशों से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुल 13 राउंड में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदित्य राज ने अपने आत्मविश्वास, प्रस्तुति और मॉडलिंग कौशल से निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया और दूसरा स्थान प्राप्त किया।

आदित्य राज की मां वर्षा श्रीवास्तव ने बताया कि बचपन से ही आदित्य को मंच पर प्रदर्शन करने का शौक रहा है। वह पढ़ाई के साथ-साथ मॉडलिंग और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रखता है। प्रतियोगिता के दौरान आदित्य ने हर राउंड में पूरे आत्मविश्वास के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बेटे की इस सफलता से पूरा परिवार बेहद गर्व महसूस कर रहा है।

विधायक सरयू राय ने आदित्य राज की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि छोटे बच्चे जब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो इससे पूरे शहर और राज्य का गौरव बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आदित्य जैसे प्रतिभाशाली बच्चों को परिवार और समाज दोनों का सहयोग मिलना चाहिए ताकि वे भविष्य में और बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकें। उन्होंने आदित्य को आगे भी मेहनत जारी रखने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया।

आदित्य राज के नाना दीपक श्रीवास्तव, जो रामकृष्ण मिशन इंग्लिश स्कूल, बिष्टुपुर में गेम टीचर रह चुके हैं, ने भी अपने नाती की सफलता पर खुशी जाहिर की। वहीं उनकी नानी रीतू श्रीवास्तव भी अपने नाती की उपलब्धि से बेहद उत्साहित नजर आईं। परिवार के सदस्यों का कहना है कि आदित्य की मेहनत और लगन ने यह मुकाम दिलाया है और आने वाले समय में वह और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेगा। आदित्य राज की इस सफलता ने जमशेदपुर के बच्चों और युवाओं को भी प्रेरित किया है। इतनी कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा साबित कर आदित्य ने यह संदेश दिया है कि मेहनत, आत्मविश्वास और परिवार के सहयोग से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# हाई टेंशन तार की चपेट में आकर गई बेजुबान की जान, 30 घंटे तक सड़क किनारे पड़ी रही मृत गाय

**पंकज कुमार पाठक,समाज जागरण**



पदमा- प्रखंड क्षेत्र के जैप--7 गेट के समीप बिजली विभाग की घोर लापरवाही का एक दर्दनाक मामला सामने आया है। बीते दिन 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था, जिसकी चपेट में आने से एक गाय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृत गाय अज्ञात पशुपालक की बताई जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार घटना की सूचना तुरंत बिजली विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दे दी गई थी,बिजली विभाग के कर्मी तार को ठीक कर चले गए किन्तु सूचना के बावजूद लगभग 30 घंटे तक मृत गाय को हटाने की व्यवस्था नही की गई। तेज गर्मी के कारण मृत पशु के शरीर से दुर्गंध फैलने लगी, जिससे आसपास के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

घटना के बाद क्षेत्र में विभागीय कार्यशैली को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि टूटे हुए बिजली तार लंबे समय तक खुले में पड़े रहना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है। यदि समय रहते वहां कोई व्यक्ति या अन्य पशु पहुंच जाता, तो घटना और भी भयावह हो सकती थी।

आखिरकार समाजसेवी पुरुषोत्तम पांडेय एवं पप्पू मेहता के सहयोग से जेसीबी मशीन की मदद से मृत गाय को घटनास्थल से हटाया गया तथा उसका अंतिम संस्कार कराया गया। घटना ने एक बार फिर बिजली विभाग एवं प्रशासनिक महकमे की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# स्वर्णरेखा नदी में मिला अज्ञात युवक का शव, इलाके में फैली सनसनी

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**



जमशेदपुर के मानगो थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक बार फिर नदी से शव मिलने की घटना सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। गुरुद्वारा रोड स्थित कालीघाट के पास स्वर्णरेखा नदी में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। मृतक की उम्र लगभग 18 वर्ष बताई जा रही है। शव की हालत बेहद खराब होने के कारण उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह कुछ स्थानीय लोग रोजाना की तरह नदी में नहाने पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी नजर नदी में तैर रहे एक शव पर पड़ी। शव दिखाई देते ही वहां अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना मानगो थाना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही मानगो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने आशंका जताई है कि युवक का शव किसी अन्य स्थान से बहकर स्वर्णरेखा नदी के इस हिस्से तक पहुंचा हो सकता है।

पुलिस के अनुसार शव करीब तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। लंबे समय तक पानी में रहने के कारण शव काफी क्षत-विक्षत अवस्था में था, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। युवक ने कौन से कपड़े पहन रखे थे और उसके शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान हैं या नहीं, इसकी विस्तृत जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

घटना की खबर फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ नदी किनारे जुट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने युवक को इलाके में पहले कभी नहीं देखा था। आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ करने पर भी युवक की पहचान से संबंधित कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद पुलिस ने आसपास के थानों से संपर्क साधना शुरू कर दिया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं युवक के लापता होने की कोई शिकायत दर्ज है या नहीं।

मानगो थाना पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ा रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक की मौत दुर्घटना, आत्महत्या या किसी आपराधिक घटना का परिणाम है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

लगातार नदी से शव मिलने की घटनाओं ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोग प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और नियमित निगरानी की मांग कर रहे हैं, ताकि ऐसी घटनाओं पर समय रहते रोक लगाई जा सके।

# कागजों में प्रतिबंध, भदभदा घाट पर उमड़ा जनसैलाब – प्रशासन की लापरवाही से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

## SDM के आदेश के बाद भी भदभदा वॉटरफॉल पर भीड़, न सुरक्षा न निगरानी

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



पथरिया/दमोह। अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी पथरिया द्वारा सुनार नदी स्थित ग्राम हारट के भदभदा घाट पर लोगों के नहाने और भीड़ जुटाने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन जमीनी हालात पूरी तरह अलग नजर आ रहे हैं। प्रशासन द्वारा जारी आदेश केवल फाइलों और कागजों तक सीमित दिखाई दे रहा है, जबकि भदभदा वॉटरफॉल पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

गौरतलब है कि एसडीएम पथरिया निकेत कुमार चौरसिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए भदभदा घाट पर नहाने-धोने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि घाट क्षेत्र में फिसलन भरी चट्टानें और तेज बहाव होने के कारण कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। इसके बावजूद मौके पर न तो पुलिस बल की तैनाती दिखाई दे रही है और न ही किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि छुट्टी के दिनों में यहां सैकड़ों की संख्या में युवक-युवतियां और परिवार पहुंचते हैं। लोग खतरनाक चट्टानों पर चढ़कर सेल्फी लेते नजर आते हैं, वहीं कई लोग तेज बहाव वाले हिस्सों में नहाते दिखाई देते हैं। प्रशासन की ओर से न तो बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी बोर्डों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि यदि यहां कोई बड़ा हादसा हो जाता है तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। प्रशासन द्वारा आदेश जारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान ली गई, लेकिन जमीनी अमल पूरी तरह गायब है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन केवल कागजी कार्रवाई कर रहा है, जबकि वास्तविक निगरानी नहीं होने से लोग लगातार खतरे में जान डाल रहे हैं।

क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि भदभदा घाट क्षेत्र में तत्काल पुलिस और होमगार्ड की तैनाती की जाए, खतरनाक स्थानों पर बैरिकेडिंग हो तथा लोगों की आवाजाही नियंत्रित की जाए। साथ ही लगातार मुनादी और जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि किसी अप्रिय घटना से पहले स्थिति को संभाला जा सके।

बरसात और तेज जलप्रवाह के दौरान भदभदा घाट पहले भी जोखिम भरा क्षेत्र माना जाता रहा है। ऐसे में प्रशासन यदि समय रहते सतर्क नहीं हुआ तो कभी भी बड़ा हादसा पूरे क्षेत्र को झकझोर सकता है। फिलहाल सवाल यही उठ रहा है कि जब प्रतिबंध लागू है तो आखिर भदभदा वॉटरफॉल पर भीड़ क्यों उमड़ रही है और जिम्मेदार अधिकारी मौन क्यों हैं।

# नीट पेपर लीक मामले पर कांग्रेस का प्रदर्शन, दोषियों पर हत्या जैसी धाराओं में कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर में नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकताओं ने साकची आम बागान से रैली निकालते हुए उपायुक्त कार्यालय तक मार्च किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर परीक्षा प्रणाली में सुधार तथा पेपर लीक पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।

प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष परविंदर सिंह ने किया।




इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे लाखों छात्रों और अभिभावकों में भारी निराशा और आक्रोश है। उन्होंने कहा कि छात्र वर्षों तक कठिन मेहनत और तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक होने से उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। इससे छात्रों का भविष्य अधर में लटक जाता है और उन्हें दोबारा परीक्षा देने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

परविंदर सिंह ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में अनियमितता देश की शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने में विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक से छात्रों का मानसिक संतुलन प्रभावित हो रहा है और कई छात्र अवसाद में जा रहे हैं। कुछ मामलों में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं, जो बेहद चिंताजनक और दुखद है।

उन्होंने मांग करते हुए कहा कि पेपर लीक में शामिल लोगों के खिलाफ केवल औपचारिक कार्रवाई नहीं, बल्कि हत्या के समान गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिन लोगों की वजह से छात्रों का भविष्य बर्बाद हो रहा है, उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 जैसी कड़ी धाराओं के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार का अपराध करने की हिम्मत न कर सके।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की मांग उठाई। कार्यकताओं का कहना था कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो देश के युवाओं का शिक्षा व्यवस्था से भरोसा उठ जाएगा। उन्होंने परीक्षा संचालन एजेंसियों की जवाबदेही तय करने तथा पेपर लीक रोकने के लिए तकनीकी और कानूनी स्तर पर मजबूत व्यवस्था लागू करने की मांग की।

रैली साकची आम बागान से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंची। वहां कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नीट परीक्षा पेपर लीक की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा छात्रों के हित में परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित बनाने की मांग की गई।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा नेता और छात्र शामिल हुए। पूरे प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार परीक्षा प्रणाली में सुधार और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं करती है तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग पर उठे सवाल, फोर्स क्लोज शिकायतों से व्यवस्था की पारदर्शिता कटघरे में

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से शुरू की गई सीएम हेल्पलाइन योजना दमोह जिले में पुनः सवालों के घेरे में है। प्रशासनिक रिपोर्टों में बेहतर ग्रेडिंग और उच्च रैंकिंग जरूर दिखाई जा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर शिकायतकताओं की नाराजगी और लगातार सामने आ रहे आरोप पूरी व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।




शिकायतकताओं का आरोप है कि कई मामलों में बिना मौके की जांच, बिना संतोषजनक कार्रवाई और बिना शिकायतकर्ता की सहमति के ही शिकायतों को फोर्स क्लोज कर दिया जाता है। आरोप यह भी हैं कि विभागीय अधिकारी केवल ग्रेडिंग सुधारने और लंबित शिकायतों की संख्या कम दिखाने के लिए पोर्टल पर निराकरण दर्ज कर देते हैं, जबकि वास्तविक समस्या का समाधान नहीं हो पाता।

सबसे ज्यादा सवाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जुड़ी शिकायतों को लेकर उठ रहे हैं। आरोप है कि कई मामलों में एक पंचायत का प्रतिवेदन दूसरी पंचायत के शिकायत में संलग्न कर जवाब प्रस्तुत कर दिया जाता है। इतना ही नहीं, कथित रूप से फर्जी शिकायत मिलान कर प्रकरण बंद करने की प्रक्रिया भी चर्चा का विषय बनी हुई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के शिकायतकताओं में भारी असंतोष देखा जा रहा है।

20 मई 2026 को जारी आंकड़ों एवं रिपोर्ट के अनुसार दमोह जिले में तहसीलवार सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में पटेरा, हटा, पथरिया और जबेरा को ह्यए ग्रेडह्ल प्राप्त हुआ है। वहीं दमोह और दमयंतीनगर ह्यबी ग्रेडह्ल में रहे, जबकि तेंदूखेड़ा और बटियागढ़ को ह्यसी ग्रेडह्ल मिला है।

सीएम हेल्पलाइन जैसी व्यवस्था जनता को राहत देने और शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत करने के लिए बनाई गई थी, लेकिन यदि शिकायतों को केवल आंकड़ों और ग्रेडिंग का खेल बनाकर बंद किया जाएगा तो यह पूरी व्यवस्था की जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करेगा।

आवश्यकता इस बात की है कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर पारदर्शिता के साथ कार्रवाई की जाएं, ताकि आमजन में सीएम हेल्पलाइन के प्रति विश्वसनीयता कायम रह सके। वहीं मामले में लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# झोलाछाप डॉक्टर के इलाज के बाद किशोरी की मौत, पोस्टमार्टम में देरी पर परिजनों ने किया चक्काजाम

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



दमोह जिले के रनेह थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद बुधवार सुबह जमकर हंगामा हो गया। परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर पर गलत इलाज का आरोप लगाते हुए किशोरी का शव पटेरा-हटा मार्ग पर रखकर चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक मार्ग बाधित रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

जानकारी के अनुसार महेवा गांव निवासी 17 वर्षीय रिंकी वर्मन की मंगलवार शाम अचानक तबीयत खराब हो गई थी। परिजन उसे उपचार के लिए बमनपुरा क्षेत्र में संचालित एक निजी क्लीनिक पर लेकर पहुंचे। आरोप है कि वहां मौजूद कथित डॉक्टर ने किशोरी का इलाज किया और कुछ दवाइयां देने के बाद घर भेज दिया। परिजनों का कहना है कि घर पहुंचने के कुछ समय बाद ही किशोरी की हालत और बिगड़ गई। तबीयत ज्यादा खराब होने पर उसे तत्काल सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद परिजन रात में ही शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवाकर कार्रवाई का इंतजार करते रहे। परिजनों का आरोप है कि बुधवार सुबह निर्धारित समय पर पोस्टमार्टम शुरू नहीं किया गया, जिससे उनमें आक्रोश फैल गया। नाराज परिजन और ग्रामीण शव को लेकर पटेरा-हटा मुख्य मार्ग पर पहुंच गए और सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की।

चक्काजाम की सूचना मिलते ही धर्मेंद्र गुर्जर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया। काफी देर तक चली समझाइश और निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हुए, जिसके बाद जाम समाप्त कराया गया और यातायात बहाल हो सका।

परिजनों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से बिना डिग्री और बिना पंजीकरण वाले झोलाछाप चिकित्सक खुलेआम मरीजों का इलाज कर रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

वहीं थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, चिकित्सकीय जांच और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पुलिस और एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, अंतरराज्यीय अपराधी गिरोह का सरगना मुठभेड़ में घायल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

21 मई। किशनगंज पुलिस ने एसटीएफ के सहयोग से बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय लूट एवं बाइक चोरी गिरोह के सरगना पवन कुमार उर्फ चिंटू को पुलिस मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया। वहीं, उसके सहयोगी पंकज कुमार उर्फ छोटू यादव को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों अपराधियों के पास से हथियार, कारतूस तथा चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं।



पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि 20 मई की रात सूचना मिली थी कि किशनगंज थाना क्षेत्र के फरिंगगोला रेलवे गुमटी के समीप कुछ अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए एकत्र हो रहे हैं। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की गई।

रात करीब 10:30 बजे पुलिस टीम ने फरिंगगोला रेलवे गुमटी के पास एक संदिग्ध युवक को बिना नंबर की मोटरसाइकिल के साथ देखा। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा। पीछा किए जाने पर उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में अपराधी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए।

घायल अपराधी की पहचान पवन कुमार उर्फ चिंटू, निवासी रौतारा थाना, जिला कटिहार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह बिहार एवं पश्चिम बंगाल में सक्रिय अंतरराज्यीय लूट, छिनतई और बाइक चोरी गिरोह का सरगना है। उसके खिलाफ पटना, अररिया, मधुबनी, किशनगंज समेत कई जिलों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पूछताछ में पवन कुमार ने खुलासा किया कि वह अपने गिरोह के सदस्यों के साथ किशनगंज में एक व्यवसायी से लूट की योजना बना रहा था। उसके बयान के आधार पर एसटीएफ की मदद से रामपुर चेक पोस्ट के पास से उसके सहयोगी पंकज कुमार उर्फ छोटू यादव को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि इस गिरोह के सदस्यों के मोटरसाइकिल चोरी करते हुए वीडियो और तस्वीरें पूर्व में सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं। पूछताछ के दौरान गिरोह की किशनगंज जिले में हुई सात मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में संलिप्तता सामने आई है। इनमें से दो चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई हैं।

घटनास्थल से पुलिस ने एक पिस्टल, दो मैगजीन, चार जिंदा कारतूस, एक मिसफायर कारतूस, छह खोखा, दो मास्टर चाबी, दो मोबाइल फोन, नकद भारतीय एवं भूटानी मुद्रा तथा अन्य सामान जब्त किया है।

इस मामले में किशनगंज थाना में कांड संख्या 541/26 एवं 542/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी और चोरी की अन्य संपत्तियों की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किशनगंज पुलिस अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

# किशनगंज में एएनटीएफ की बड़ी कार्रवाई, 1.60 करोड़ की हेरोइन बरामद

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

नवगठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने किशनगंज में बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय हेरोइन तस्करी सिंडिकेट का पदार्फाश किया है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 800 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 60 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि 20/21 मई 2026 की रात किशनगंज रेलवे स्टेशन के पास मादक पदार्थ की बड़ी खेप की खरीद-बिक्री होने वाली है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए नवगठित एएनटीएफ टीम को निर्देश दिया गया। इसके बाद एएनटीएफ प्रभारी पु.नि. राजू कुमार के नेतृत्व में टीम ने किशनगंज रेलवे स्टेशन के बाहर एनएच-27 की सर्विस लेन में निगरानी और वाहन जांच अभियान चलाया।



इसी दौरान फरिंगगोला चेक पोस्ट की ओर से आ रही एक मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई। जांच के क्रम में बाइक सवार दो युवकों की पहचान शहवाज आलम (20 वर्ष), पिता-सनाउल्ला, निवासी-पटुआ, थाना ग्वालपोखर, जिला उत्तर दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) तथा मो. शाह आलम (33 वर्ष), पिता-मुश्ताक आलम, निवासी-मालिनगांव, थाना ग्वालपोखर, जिला उत्तर दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) के रूप में हुई।

तलाशी के दौरान उनके पास से विभिन्न पैकेटों में कुल 800 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे किशनगंज में हेरोइन की डिलीवरी देने आए थे। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह लंबे समय से संगठित तरीके से बिहार, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा था।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों, सप्लाई नेटवर्क और अवैध संपत्ति की जानकारी जुटाई जा रही है। इस मामले में किशनगंज थाना कांड संख्या-540/26 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। इस सफल कार्रवाई में एएनटीएफ प्रभारी राजू कुमार, पु.अ.नि. प्रिंस कुमार, प्रकाश कुमार, रेहान अहमद, प्रीति कुमारी-2, डीआईयू टीम तथा थाना के सशस्त्र बल और पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक ने इस कार्रवाई को नवगठित एएनटीएफ की बड़ी उपलब्धि बताते हुए टीम के सदस्यों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त किशनगंज के लिए पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

मादक पदार्थ से संबंधित किसी भी सूचना के लिए आम नागरिक एएनटीएफ हेल्पलाइन नंबर 9031816150 पर संपर्क कर सकते हैं। सूचनादाता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# आरबीएसके और बाल हृदय योजना से बच्चों को मिल रहा नया जीवन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

21 मई। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) एवं बाल हृदय योजना के तहत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को अल्फिया नाज एवं योगेश



कुमार गणेश (दिघलबैंक) को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल किशनगंज से आईजीआईएमएस पटना भेजा गया। दोनों बच्चों का इलाज सरकार की बाल हृदय योजना के अंतर्गत पूरी तरह निःशुल्क कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सुरक्षित रेफरल के साथ आवश्यक दस्तावेज एवं परिजनों को जरूरी सहयोग उपलब्ध कराया। सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि आरबीएसके के तहत जिलेभर में बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जा रही है, जिससे गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान हो रही है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के बच्चों को जांच से लेकर इलाज तक की सुविधा मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही है।

# भ्रष्ट अधिकारियों पर कसेगी नकेल राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की बड़ी पहल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

राज्य में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सख्त कदम उठाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देश पर आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के अधीन एक विशेष सेल का गठन किया गया है।

इस विशेष सेल का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की निगरानी, लंबित जांचों का शीघ्र निष्पादन तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। विभाग ने ऐसे अधिकारियों की सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिनके विरुद्ध जांच लंबित है।



मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि लंबित मामलों की जांच रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सभी जांच प्रतिवेदन 15 दिनों के भीतर समर्पित करने का सख्त निर्देश दिया गया है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सरकार की इस पहल को प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# मगध विश्वविद्यालय में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## कार्यवाहक कुलपति शशि प्रताप शाही हटाए गए, दिलीप कुमार केसरी को जिम्मेदारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार के शैक्षणिक जगत में उस समय हलचल मच गई जब राजभवन ने एक बड़ा प्रशासनिक निर्णय लेते हुए मगध विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही को उनके पद से हटा दिया। उनकी जगह विश्वविद्यालय के ही वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर दिलीप कुमार केसरी को नया कार्यवाहक कुलपति नियुक्त किया गया है। राजभवन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। प्रोफेसर केसरी नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक अथवा अगले आदेश तक विश्वविद्यालय का कामकाज संभालेंगे। राजभवन के इस कदम को हाल के दिनों में विश्वविद्यालय में लगे गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों से जोड़कर देखा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने 13 मई 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्रोफेसर शाही के तीन वर्षों से अधिक के कार्यकाल पर सवाल उठाए थे। पत्र में आरोप लगाया गया था कि इस दौरान विश्वविद्यालय कोष से लगभग 150 से 200 करोड़ रुपये की संदिग्ध निकासी हुई है।



शिकायत में विशेष रूप से "चौधरी प्रिंटिंग प्रेस" को किए गए 40 से 50 करोड़ रुपये के भुगतान को लेकर गंभीर अनियमितताओं का दावा किया गया है। शिकायतकर्ता ने पटना उच्च न्यायालय में लंबित जनहित याचिकाओं और एक पत्रिका में छपी रिपोर्टों का हवाला देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी।

हालांकि, राजभवन ने प्रोफेसर शाही को हटाए जाने के आधिकारिक कारणों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है, लेकिन नए कुलपति को दिए गए निर्देश स्थिति की गंभीरता को दर्शाते हैं। राजभवन ने स्पष्ट किया है कि प्रोफेसर दिलीप कुमार केसरी कुलाधिपति की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी बड़ा नीतिगत फैसला नहीं ले सकेंगे। यह कदम विश्वविद्यालय की गिरती प्रशासनिक साख को सुधारने और वित्तीय पारदर्शिता बहाल करने के उद्देश्य से उठाया गया प्रतीत होता है। इस फेरबदल के बाद विश्वविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी इसे प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक सकारात्मक कदम मान रहे हैं। वहीं, नए कुलपति के सामने शैक्षणिक माहौल को स्थिर करने और विश्वविद्यालय की साख को दोबारा बहाल करने की बड़ी चुनौती है। पूरे मामले पर अब स्वतंत्र जांच की मांग और तेज हो गई है।

# बीपीएससी परीक्षा में नौकरी दिलाने के नाम पर 40 लाख की ठगी, जदयू नेता डॉ. धर्मेंद्र चंद्रवंशी समेत 5 पर केस दर्ज

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा के जरिए सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 40 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने इस मामले में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश महासचिव और कुम्हरार से पूर्व राजद प्रत्याशी डॉ. धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी समेत पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी (कांड संख्या 07/26) दर्ज की है। ईओयू द्वारा दर्ज प्राथमिकी में डॉ. धर्मेंद्र के अलावा उनके पिता ब्रजकिशोर प्रसाद, पत्नी डॉ. रजनी, पटना जिला पुलिस बल में कार्यरत महिला दारोगा आशा सिंह और उनके बेटे रितेश कुमार को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि महिला दारोगा आशा सिंह ने अपने बेटे रितेश कुमार को बीपीएससी के जरिए सरकारी नौकरी



दिलाने के नाम पर डॉ. धर्मेंद्र व अन्य को 40 लाख रुपये दिए थे। जब लंबी अवधि के बाद भी नौकरी नहीं लगी, तो आरोपियों ने 25 लाख रुपये लौटाने के लिए एक चेक दिया, जो बैंक में बाउंस हो गया। मामले ने तूल तब पकड़ा जब पटना उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद पुनः जांच शुरू हुई। जांच में यह पुष्टि हुई कि महिला दारोगा ने रिश्वत के जरिए पद हासिल करने के लिए यह बड़ी रकम जुटाई थी। मामले की जांच ईओयू की डीएसपी स्वाति कृष्णा को सौंपी गई है। डॉ. धर्मेंद्र चंद्रवंशी का विवादों से पुराना नाता रहा है। इससे पहले 2025 में भी उन पर नौकरी के नाम पर 10 लाख रुपये ठगने का आरोप लगा था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया था। उन पर फर्जी जमीन दस्तावेजों से जुड़े मामलों में भी संलिप्तता के आरोप लगते रहे हैं। इस नए मामले ने बिहार में सरकारी नौकरी के नाम पर सक्रिय दलालों के नेटवर्क की पोल खोल दी है। ईओयू अब इस मामले में धन के लेनदेन की कड़ियों को जोड़ रही है और जल्द ही कई अन्य खुलासे होने की उम्मीद है।

# बिहार में TRE-4 शिक्षक भर्ती को लेकर गरमाई सियासत

## छात्रों का उग्र प्रदर्शन, विपक्ष का सरकार पर जोरदार हमला

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा (TRE-4) के विज्ञापन में देरी और छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर राज्य की राजनीति में उबाल आ गया है। एक तरफ राजधानी पटना की सड़कों पर छात्र संगठनों का आंदोलन उग्र होता जा रहा है, तो दूसरी तरफ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य की एनडीए सरकार को आड़े हाथों लेते हुए युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया के जरिए सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एनडीए सरकार युवाओं को रोजगार देने के अपने वादों से पूरी तरह मुकर गई है। उन्होंने अपने 17 महीने के कार्यकाल का हवाला देते हुए दावा किया कि उस दौरान TRE-1 और TRE-2 के तहत दो लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी और 1.30 लाख पदों पर प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई थी। तेजस्वी ने तंज कसते हुए कहा की मुख्यमंत्री और मंत्री केवल वीडियो बनाकर दावे कर रहे हैं, जबकि हकीकत में युवाओं का भविष्य अंधेरे में है। यदि सरकार को लाठी चलाने का शौक है, तो उसका उपयोग भ्रष्टाचार और अपराध रोकने में करें, न कि छात्रों पर। राजधानी पटना के गांधी मैदान से लेकर बीपीएससी कार्यालय तक छात्रों का प्रदर्शन लगातार तेज होता जा रहा है। छात्र नेता दिलीप की गिरफ्तारी ने आग में घी डालने का काम किया है। छात्रों का स्पष्ट कहना है कि दो वर्षों से सिर्फ आश्वासन मिल रहा है, विज्ञापन नहीं। "जेल का फाटक टूटेगा, दिलीप छूटेगा" के नारों के साथ छात्र पटना कॉलेज से मार्च निकाल रहे हैं। छात्र नेता दीपक पांडेय ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द रिहाई और TRE-4 का विज्ञापन जारी नहीं हुआ, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसमें बिहार बंद तक की संभावना शामिल है। हालांकि, शिक्षा मंत्री मिथिलेश कुमार ने पूर्व में विज्ञापन जल्द जारी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक अधिसूचना न आने से छात्रों का अविश्वास बढ़ता जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि TRE-4 अब केवल एक भर्ती परीक्षा का मुद्दा नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति का केंद्र बिंदु बन गया है। विपक्ष इस मुद्दे को युवाओं के असंतोष के रूप में भुनाने की कोशिश कर रहा है, जिससे सरकार पर निर्णय लेने का भारी दबाव है। फिलहाल, छात्र संगठनों का उग्र तेवर और विपक्ष की आक्रामकता ने सरकार के लिए बड़ी चुनौती पैदा कर दी है। अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि सरकार कब तक विज्ञापन जारी करती है और इस बढ़ते जनाक्रोश को कैसे शांत करती है।

# पटना में दुल्हिन बाजार पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

## एनबीडब्ल्यू वारंटी हैदर अली गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार थाना की पुलिस ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे एनबीडब्ल्यू (NBW) वारंटी हैदर अली को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी हैदर अली अपने गांव में छिपा हुआ है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस ने योजनाबद्ध



तरीके से दुल्हिन बाजार गांव में घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) जारी था और वह काफी समय से पुलिस की पकड़ से दूर था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। स्थानीय लोगों ने दुल्हिन बाजार पुलिस की सक्रियता की सराहना की है। वहीं, थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि अपराध और फरार वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते अपराधियों पर नकेल कसी जा सके।

# पटना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 17 किलो गांजा के साथ 'गुरुजी' गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले की पुलिस ने नशीली पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अपने विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बिक्रम थाना क्षेत्र के बाघाकोल गाँव में छापेमारी कर एक शातिर तस्कर को भारी मात्रा में गांजे और नकदी के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी इलाके में 'गुरुजी' के नाम से कुख्यात है। डीएसपी-2 पंकज कुमार को बाघाकोल गाँव में बड़े पैमाने पर गांजे की तस्करी होने की पुख्ता गुप्त सूचना मिली थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए, उनके निर्देश पर बिक्रम थानाध्यक्ष प्रभात कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में अपर थानाध्यक्ष वरुण कुमार, एएसआई धर्मेंद्र कुमार, महिला दरोगा गुड़िया कुमारी और भारी संख्या में पुलिस बल शामिल था। पुलिस टीम ने तस्कर के ठिकाने पर अचानक दबिश दी, जिससे उसे संभलने का मौका तक नहीं मिला।छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से प्रतिबंधित सामग्रियों का जखीरा बरामद किया है। इसमें 17 किलोग्राम गांजा, जिसे बेचने के लिए छोटी-छोटी पुड़ियों में पैक किया जा रहा था, और मादक पदार्थों की बिक्री से प्राप्त 18,590 रुपये नकद शामिल हैं। पुलिस ने मौके से एक इलेक्ट्रिक तराजू और पैकिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले पॉलीथिन के छोटे पैकेट भी जब्त किए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। वह पूर्व में भी दो बार जेल जा चुका है। उसके अवैध कारोबार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसकी पत्नी भी शराब तस्करी के मामले में जेल की हवा खा चुकी है। पुलिस अब इस बात की गहन जांच कर रही है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन से लोग शामिल हैं और गांजे की यह खेप किन इलाकों में सप्लाई की जानी थी। पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# पटना के पालीगंज में 'जीरो डोज' अभियान की सफलता को लेकर बैठक आयोजित

## शत-प्रतिशत टीकाकरण का लिया गया संकल्प

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिला के पालीगंज प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को 'जीरो डोज' अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO) सुशील कुमार और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिपिन कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में विशेष रूप से ग्राम पंचायत भेड़रीया सियारामपुर, माधव मखमलपुर एवं नदहरी कोदहरी के विकास मित्रों और टोला सेवकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी सुनिश्चित की। बैठक को संबोधित करते हुए इऊड सुशील कुमार ने कहा कि 'जीरो डोज' अभियान का मुख्य उद्देश्य उन नवजात बच्चों तक पहुंचना है, जो अब तक किसी कारणवश टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। उन्होंने उपस्थित सभी विकास मित्रों और टोला सेवकों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में




घर-घर जाकर ऐसे बच्चों की पहचान करें। उन्होंने कहा कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है और सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा स्वास्थ्य सेवाओं से अछूता न रहे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिपिन कुमार ने टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना इस अभियान की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कर्मियों को निर्देशित किया कि वे अभिभावकों को टीकाकरण के लाभों के बारे में बताएं और उन्हें बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र तक लाने के लिए प्रोत्साहित करें। इस दौरान पीसीआई (PCI) की जिला समन्वयक संस्कृति भारद्वाज और प्रखंड समन्वयक आलोक गुंजन ने अभियान की विस्तृत कार्ययोजना साझा की और तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। बैठक में शामिल सभी प्रतिभागियों ने अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने का संकल्प लिया।

# नबीनगर: फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर बीडीओ और कार्यपालक पदाधिकारी में तीखी नोकझोंक

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)फॉर्मर रजिस्ट्री के काम में धीमी प्रगति को लेकर गुरुवार को नबीनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी किशोर भारती के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि हाथापाई की नौबत आ गई।जानकारी के अनुसार, फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा के दौरान प्रगति से असंतुष्ट जिलाधिकारी ने



बीडीओ को फटकार लगाई। इस पर बीडीओ ने सफाई दी कि नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी का आवश्यक सहयोग नहीं मिल रहा है, जिसके कारण काम में रुकावट आ रही है।बीडीओ के जवाब पर जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी को भी जमकर फटकार लगाई। डीएम की दोहरी फटकार के बाद दोनों अधिकारियों के बीच तल्खी बढ़ गई। बताया जा रहा है कि डीएम के निर्देश के बाद जब दोनों अधिकारी आमने-सामने हुए तो फॉर्मर रजिस्ट्री में सहयोग न मिलने को लेकर तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। हालांकि अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। मामले की सूचना पर एडीएम औरंगाबाद उपेन्द्र पंडित नबीनगर प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और दोनों पदाधिकारियों को काफी समझा बुझा कर मामला शांत कराया।बताते चले कि फॉर्मर रजिस्ट्री के तहत किसानों का डेटा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया जाना है। सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाने के लिए यह काम प्राथमिकता पर किया जा रहा है। समय सीमा में काम पूरा न होने पर जिलाधिकारी लगातार समीक्षा कर रहे हैं।मामले की जानकारी के लिए दोनों पदाधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास असफल रहा।फिलहाल इस पूरे मामले पर जिला प्रशासन की नजर है।